C O N T E N T S

Seventeenth Series, Vol. VI, Second Session, 2019/1941 (Saka)
No.18, Wednesday, December 11, 2019 / Agrahayana 20, 1941 (Saka)

S U B J E C T	P A G E S
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question Nos. 321 to 327, 331 and 338	14-70
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos.328 to 330, 332 to 337, 339 and 340	71-102
αUnstarred Question Nos.3681 to 3783 and 3785 to 3910	103-627

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

α USQ 3784 was deleted under rule 47 of Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha.

PAPERS LAID ON THE TABLE 628-642

MESSAGE FROM RAJYA SABHA 643

COMMITTEE ON EMPOWERMENT OF WOMEN

Final Action taken statement 643

STANDING COMMITTEE ON PETROLEUM AND NATURAL GAS

1st Report 643

STANDING COMMITTEE ON COMMERCE

150th and 151st reports 644

STANDING COMMITTEE ON HOME AFFAIRS

220th to 222nd reports 644

STATEMENTS BY MINISTERS 644-649

(i)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 28th Report of the Standing Committee on Defence on Demands for Grants of the Ministry of Defence for the year 2017-18 on 'General Defence Budget, BRO, ICG, MES, CSD, DGDE, DPSUs, Welfare of Ex-Servicemen, Defence Pensions and ECHS (demand no. 19 and 22)' pertaining to the Ministry of Defence. 645

(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 43rd Report of the Standing Committee on Defence on Demands for Grants of the Ministry of Defence for the year 2018-19 on 'Ordnance Factories, Defence Research and Development Organisation, Directorate General of Quality Assurance and National Cadet Corps (demand no. 20)' pertaining to the Ministry of Defence. 646

(c) Status of implementation of the recommendations contained in the 50th Report of the Standing Committee on Defence on 'Provision of all weather road connectivity under Border Road Organisation (BRO) and other agencies upto International borders as well as the strategic areas including approach road An Apprisal' pertaining to the Ministry of Defence.

Shri Shripad Yesso Naik 647

(ii) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 60th Report of the Standing Committee on Information Technology on 'Setting up of post Bank of India as a Payments Bank - Scope, Objectives and Framework' pertaining to the Department of Posts, Ministry of Communications

Shri Sanjay Shamrao Dhotre 648

(iii) Status of implementation of the recommendations contained in the 149th Report of the Standing Committee on Commerce on Action taken by the Government on the Recommendations/Observations contained in 145th Report of the Committee on 'Impact of Chinese Goods on Indian Industry' pertaining to the Department for Promotion of Industry and Internal Trade, Ministry of Commerce and Industry

Shri Som Parkash 649

GOVERNMENT BILLS- Introduced

(i) Central Sanskrit Universities Bill, 2019 650
(ii) Personal Data Protection Bill, 2019 651-659
(iii) Code on Social Security, 2019 660-663
(iv) Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens (Amendment) Bill, 2019 664

MATTER UNDER RULE 377 673-702

(i) Need to undertake demarcation of submergence area in Delhi.

Shri Ramesh Bidhuri 673

(ii) Regarding setting up of a steel factory in Dhaurahra Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

Shrimati Rekha Arun Verma 674

(iii) Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Karauli-Dholpur Parliamentary Constituency, Rajasthan

Dr. Manoj Rajoria 675

(iv) Need to set up a bench of Jabalpur High Court in Bhopal

Sadhvi Pragya Singh Thakur 676

(v) Need to provide fertilizer to farmers in Madhya Pradesh

Shri Gajendra Umrao Singh Patel 677

(vi) Need to include persons suffering from colour blindness under PH category

Shrimati Darshana Vikram Jardosh 678

(vii) Need to set up a medical college in Tikamgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

Dr. Virendra Kumar 679

(viii) Regarding upper Pravara (Nilwande-II) project of Maharashtra

Dr. Sujay Vikhe Patil 680

(ix) Regarding water from Western Gandak Canal to Bihar

Shri Rajiv Pratap Rudy 681

(x) Need to allocate 5% seats in trains for general public under HO/EQ on the recommendation of Members of Parliament

Shri Janardan Singh Sigriwal 682

(xi) Regarding mode of payment of wages to tea garden workers in West Bengal

Shri John Barla 683

(xii) Need to reduce the rate of GST on marble and granite

Shri Bhagirath Choudhary 684

(xiii) Need to set up CGHS dispensaries in Rohtak and Jhajjar districts, Haryana

Dr. Arvind Kumar Sharma 685

(xiv) Need to construct approach road on both sides of Yamuna river bridge in Kairana Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

Shri Pradeep Kumar Choudhary 686

(xv) Need to ensure toilet facilities and their regular cleanliness at petrol pumps across the country

Shri Girish Bhalchandra Bapat 687

(xvi) Need to start construction of sanctioned flyover in Jabalpur, Madhya Pradesh

Shri Rakesh Singh 688

(xvii) Need to extend Rewari-Sikar train no. 59728/29 upto Jaipur and also run train no. 12955/56 through Reengas, Sikar, Jhunjhunu , Surajgarh and Loharu

Shri Narendra Kumar 689

(xviii) Regarding issues pertaining to farmers of Chandrapur district of Maharashtra

Shri Balubhau *alias* Suresh Narayan Dhanorkar 690

(xix) Regarding problems being faced by fishing community

Adv. Adoor Prakash 691

(xx) Need to extend the benefit of Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi scheme to forest dwellers and Adivasi people of Chhattisgarh

Shri Deepak Baij 692

(xxi) Regarding proper implementation of E-waste law

Dr. D. Ravikumar 693

(xxii) Need to remove the condition of number of habitations for construction of roads under PMGSY in Araku Parliamentary Constituency, Andhra Pradesh

Kumari Goddeti Madhavi 694

(xxiii) Regarding sea erosion along coastline of Andhra Pradesh

Shrimati Chinta Anuradha 695

(xxiv) Need to request Government of Bangladesh to start dredging in Icchamati river, flowing from Bangladesh into India

Shrimati Nusrat Jahan 696

(xxv) Need to protect Sundarbans in West Bengal

Shrimati Pratima Mondal 697

(xxvi) Need to provide specialist doctors and dialysis centre in Buldhana Parliamentary Constituency, Maharashtra and also provide safe drinking water in the constituency

Shri Prataprao Jadhav 698

(xxvii) Need to start telecast of programmes from Doordarshan Kendra at Diwari sthan in Saharsa district, Bihar

Shri Dinesh Chandra Yadav 699

(xxviii) Regarding sharing of coal cess between Centre and States

Shri Bhartruhari Mahtab 700

(xxix) Regarding setting up of a AYUSH hospital in Vikarabad, Telangana

Dr. G. Ranjith Reddy 701

(xxx) Regarding Budgetary allocation for Mahatma Gandhi Rural Employment Guarantee Scheme

Shri K. Subbarayan 702

MOTION RE: REFERENCE OF THE PERSONAL DATA PROTECTION BILL TO JOINT COMMITTEE 732-740

INTERNATIONAL FINANCIAL SERVICES CENTRES AUTHORITY BILL, 2019

Motion to consider	741
Shrimati Nirmala Sitharaman	741-743, 793-802
Shri Karti P. Chidambaram	744-747
Shri P. P. Chaudhary	748-753
Shri D.M. Kathir Anand	754-758
Prof. Sougata Ray	759-760
Shri Sridhar Kotagiri	761-762
Shri Rahul Ramesh Shewale	763-764
Shri B.B. Patil	765
Shri Kaushalendra Kumar	766
Shri Pinaki Misra	767-769
Shri Ritesh Pandey	770-771
Shrimati Supriya Sadanand Sule	772-775
Shri Kesineni Srinivas	776-778
Shri S. Venkatesan	779
Shri Ajay Misra Teni	781-782
Shri E. T. Mohammed Basheer	783
Dr. Amar Singh	784
Shri Unmesh Bhaiyyasaheb Patil	785-786
Shri Anto Antony	787-788
Shri Adhir Ranjan Chowdhury	789

Sushri Mahua Moitra	790
Shri N.K. Premachandran	791-792
Clauses 2 to 32 and 1	803-814
Motion to Pass	814

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions	851
Member-wise Index to Unstarred Questions	852-857

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions	858
Ministry-wise Index to Unstarred Questions	859

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shrimati Meenakashi Lekhi

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

SECRETARY GENERAL

Shrimati Snehlata Shrivastava

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Wednesday, December 11, 2019 / Agrahayana 20, 1941 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : माननीय अध्यक्ष जी, हमें बोलने का मौका दीजिए। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अधीर रंजन जी, शून्य काल में बोलने का मौका देंगे।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैं आपको शून्य काल में मौका दूंगा।

…(व्यवधान)

11.01hrs

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न संख्या 321 और 331 को क्लब किया जाता है।

श्री गणेश सिंह जी।

(Q. 321 and 331)

श्री गणेश सिंह : माननीय अध्यक्ष, मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और माननीय संचार मंत्री जी को को धन्यवाद देना चाहता हूं जिनके नेतृत्व में राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति को मंजूरी दी गई। …(व्यवधान) डिजिटल संचार क्षेत्र में चार मिलियन अतिरिक्त रोजगार सृजन के साथ-साथ कौशल निर्माण के लिए एक मिलियन मानव शक्ति के प्रशिक्षण की कार्य योजना शामिल है।

अध्यक्ष महोदय, बीएसएनएल और एमटीएनएल के विलय से देश के ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में रहने वालों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा । बीएसएनएल और एमटीएनएल को 4जी सेवाओं के लिए स्पैक्ट्रम के प्रशासनिक आबंटन से बीएसएनएल और एमटीएनएल 4जी सेवाएं उपलब्ध कराने, बाजार में प्रतिस्पर्धा करने तथा अपने विशाल नेटवर्क का उपयोग करते हुए ग्रामीण और दूरदराज इलाकों सहित समूचे देश में विश्वसनीय और गुणवतापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने में समर्थ हो सकेंगे।

दूरसंचार सेवा प्रदाताओं तथा दूर संचार विभाग के अनुसार मध्य प्रदेश में 2970 बसावट वाले ऐसे गांव हैं जहां आज तक मोबाइल सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। यहां तक कि मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना के 32 गांव अभी भी अछूते हैं। जनपद पंचायत रामनगर के ग्राम कंदवारी, जनपद पंचायत रामपुर के ग्राम बकिया तिवारियान, जनपद पंचायत नागौद के ग्राम दुरेहा, जनपद पंचायत उचेहरा के ग्राम गुढ़ा और जनपद पंचायत मैहर के ग्राम धनवाही-मझगवां, जनपदर मझगवां में खोही, तुर्रा, वीरपुर, सती अनुसुईया में बीएसएनएल के टावर लगाए जाने हेतु निरंतर मांग हो रही है । मैं माननीय मंत्री जी से कई बार टावर लगाये जाने का आग्रह कर चुका हूं।

मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में बसावट वाले 2970 गांवों में कब तक मोबाइल सेवाएं उपलब्ध हो जाएंगी? मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना के ग्राम कंदवारी, बकिया, तिवारियान, दुरेहा, गुढ़ा, धनवाही, खोही, तुर्रा, वीरपुर, सती अनुसुईया में बीएसएनएल के टावर

कब तक लगा दिए जाएंगे? यह भी बताया जाए कि सतना जिले सहित मध्य प्रदेश में कौन सी मोबाइल कंपनियां बीएसएनएल टावर का लाभ इन्फ्रास्ट्रक्चर शेयरिंग बेसिस पर ले रही हैं?

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आपका ही क्वेश्चन है, लेकिन आप मंत्री जी की तरह लंबा जवाब दे रहे हैं। माननीय सदस्यगण, अगर आप आसन की व्यवस्था को मानना चाहते हैं तो आप सभी ने यह तय किया था कि ऐसा कोई भी विषय, जो ज्वलंत विषय होगा, उसको हम प्रश्न काल के बाद में लेंगे, यह सदन ने तय किया था। मैंने एक बार व्यवस्था दे दी है, अगर आप आसन से इस व्यवस्था को वापस लेना चाहते हैं, तो आप तय कर लीजिए, मुझे इससे कोई प्रॉब्लम नहीं है। माननीय मंत्री जी आप संक्षिप्त में जवाब दीजिए।

श्री संजय शामराव धोत्रे : अध्यक्ष महोदय, जो सवाल माननीय सदस्य ने पूछा है और उनका जो क्षेत्र है, उसमें 98 प्रतिशत से ज्यादा गांव हैं, उनमें मोबाइल टावर लगे हुए हैं। वहां पर कवरेज मिलता है। वर्ष 2022 तक ऐसा कोई भी गांव नहीं रहेगा, जहां मोबाइल टावर नहीं होगा। अभी जो नई नीति आई है, उसमें टावर लगाना ही नहीं, बल्कि वहां पर 4जी सर्विस भी मिलेगी।

श्री गणेश सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैंने मंत्री जी से कुछ स्थानों पर बीएसएनएल के टावर लगाने का प्रश्न किया था। मैं आशा करता हूं कि वे इसकी स्वीकृति देंगे। अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति 2018 के तहत प्रत्येक नागरिक को 50 एमबीपीएस गति की सर्वव्यापी ब्रांडबैंड कनेक्टिविटी सहित सभी ग्राम पंचायतों को 1 जीबीपीएस गति की कनेक्टिविटी उपलब्ध करवाए जाने की कार्य योजना को मंजूरी प्रदान की गई है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि राष्ट्रीय डिजिटेल संचार नीति के तहत अभी तक सतना जिले के कितने नागरिकों को सर्वव्यापी ब्रांडबैंड कनेक्टिविटी मिल चुकी है और कवर नहीं किए गए क्षेत्रों की कनेक्टिविटी कब तक सुनिश्चित कर दी जाएगी? सतना जिले को बीएसएनएल के माध्यम से 3जी और 4जी की सुविधा कब तक दी जाएगी?

श्री संजय शामराव धोत्रे : अध्यक्ष महोदय, मैंने पहले भी बताया है कि जो डिजिटल नीति है, उसके अनुसार वर्ष 2022 तक हमारे देश के सभी गांव कवर किए जाएंगे। माननीय सदस्य ने अपने जिले के बारे में बताया है तो उसकी जानकारी मैं उन्हें दे दूंगा। मेरे पास अभी उसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है। हमारी नीति यह है कि सभी व्यक्तियों और गांवों तक सेवाएं पहुंचनी चाहिए।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आप सभी की इजाजत हो तो क्वेश्चन नम्बर 321 के साथ 331 को भी हम क्लब कर रहे हैं।

डॉ. सुजय विखे पाटील : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। आपने मुझे प्रश्न काल में बोलने की अनुमति दी। मेरे संसदीय क्षेत्र अहमदनगर में एमएससीबी ने बीएसएनएल द्वारा निर्धारित बिल का भुगतान समय पर नहीं करने के कारण दूरभाष केन्द्र और ट्रांस रिसीवर की बिजली कटने की स्थिति आ गई है। महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र ग्रामीण क्षेत्र है और अगर वहां पर बिजली काट दी जाती है तो टेलीफोन एवं मोबाइल सेवाएं बाधित होंगी, जिससे जो ग्राहक समय पर अपने बिल का भुगतान करते हैं, उन्हें असुविधा होगी। मैं आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार एमएसईडीसीएल से बातचीत करने के बारे में और उनके बिल के भुगतान करने के बारे में कुछ सोच रही है?

श्री संजय शामराव धोत्रे : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो बात उठाई है, वह सही है, क्योंकि हम सभी को पता है कि बीएसएनएल और एमटीएनएल की क्या हालत थी। अभी जो पैकेज आए हैं, उससे काफी व्यवस्था ठीक हो रही है। हम करीब-करीब तीन चार महीनों से वहां की जो एमएसईबी है, उसके साथ बात कर रहे हैं। पहले कई कनेक्शन कटे थे, लेकिन उनको अब फिर से जोड़ा जा रहा है। अब कोई भी कनेक्शन नहीं कटे, इसके लिए हम पूरी तैयारी कर रहे हैं।

डॉ. सुजय विखे पाटील : माननीय अध्यक्ष, सरकार ने बीएसएनएल और एमटीएनएल के रिवाइवल के लिए पैकेज की घोषणा की है जिसके अन्तर्गत वी.आर.एस. का ऑप्शन कर्मचारियों को दिया गया है और करीबन 92,685 कर्मचारियों ने इसमें आवेदन दिया है। मैं आपके माध्यम से

माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि इन कर्मचारियों द्वारा खाली किये जाने वाले रेसीडेंशियल क्वार्टर्स की संख्या क्या है और क्या बीएसएनएल को रेवेन्यू जनरेशन के लिए इन एसैटेस के लैंड मोनेटाइजेशन करने की कोई मंशा है?

श्री संजय शामराव धोत्रे : माननीय अध्यक्ष जी, जो रिवाइवल पैकेज है, उसमें लैंड मोनेटाइजेशन या जो हमारी कुछ बिल्डिंग वगैरह हैं, उनको रेंट पर देना है । कई जगह इसका काम भी शुरू हो चुका है।

SHRI DHAIRYASHEEL SAMBHAJIRAO MANE : Hon. Speaker, Sir, thank you for giving me this opportunity. I would like to ask the hon. Minister about the closure of BSNL telephone exchange and base trans-receiver system which will affect the services of BSNL in my Parliamentary Constituency Hatkanangle in Kolhapur district. Due to delayed payment of one year, the rent of buildings which function as BSNL telephone exchanges and the base trans-receiver system, the landlords are threatening to seal the premises.

The mobile broadband users along with Government officers and people in the rural areas are dependent on the services of BSNL and when my constituency was devastated by floods, BSNL was the only service provider which was functioning during the time of natural calamity. I would like to know from the Government if this issue would be taken notice of and what steps would the Government take to clear such dues so that the services of BSNL are not affected in my constituency.

श्री संजय शामराव धोत्रे : माननीय अध्यक्ष जी, जो हमारे एक्सचेंजेज रेंट पर लिये हुए हैं, उनका पेमेंट करना और जो पहले सवाल पूछा गया था, बिजली के बिल वगैरह देना, वह हमारी प्रॉयोरिटी है और जो भी एक्सचेंजेज को डेमैज वगैरह हुआ है, वह काम भी हम प्रॉयोरिटी से कर रहे हैं।

श्री अरविंद सावंत : माननीय अध्यक्ष जी, आपने अभी सुना कि वी.आर.एस. दे दिया गया। लेकिन बीएसएनएल और एमटीएनएल के कर्मचारियों को अभी भी तनख्वाह नहीं मिल रही है। दूसरी तरफ खासकर हमारे टॉवर्स की वजह से बीएसएनएल और एमटीएनएल बिजली का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, इसलिए बिजली की सेवाएं खंडित हुई हैं। कुछ नए टॉवर्स खड़े किए गए। सिंदुर्व जिले में केवल 200 रुपए, 500 रुपए और 2000 रुपए का बिजली का बिल आया है। वह नहीं भरा क्योंकि बिजली की सप्लाई बंद कर दी गई। उसकी वजह से सारी सेवाएं वहां बंद हुई हैं। दिल्ली में भी आप देखते हैं कि हरेक जगह पर सेवाएं खंडित होती हैं। सरकार को सबसे पहले सर्विस रेस्टोरेशन पर ध्यान देने की ज्यादा आवश्यकता है क्योंकि बिजली का भुगतान होगा तो सर्विस रेस्टोरेशन होगा और अच्छी सेवा मिलेगी और वीआरएस होने की वजह से आपके पास पैसे भी आएंगे। कर्मचारियों को तनख्वाह भी समय पर नहीं मिली है, उसके बारे में सरकार क्या कर रही है?

श्री संजय शामराव धोत्रे : माननीय अध्यक्ष जी, मैंने पहले भी जवाब में कहा कि बिजली का बिल देना, टॉवर्स एक्सचेंज के रेंट देना जो दूसरे के प्रीमाइजेज में हैं, वह हमारी प्रॉयोरिटी है और आपने जो पर्टिकुलर्स मांगे हैं, वह मैं आपको दे दूंगा।

(Q. 322)

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे : माननीय अध्यक्ष जी, मेरा एक अतारांकित प्रश्न सं. 1481 में कहा गया है कि मेरे थाने जिले में तीन लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र आते हैं और थाने जिले में सिर्फ चार ईसीएचएस एम्पैनल्ड हॉस्पिटल्स हैं। लेकिन तीनों ही लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में एक भी पॉली क्लीनिक नहीं है। इसलिए लोगों को मुम्बई तक पॉलीक्लीनिक जाना पड़ता है। एक्स-सर्विसमैन को इसके कारण बहुत कठिनाई आती है। पॉलीक्लीनिक तो सिर्फ आउटपेशेंट डिपार्टमेंट है। अगर बड़ी बीमारी होती है तो लोगों को एम्पैनल्ड हॉस्पिटल्स में रैफर किया जाता है जहां पर लोगों को ट्रीटमेंट दिया जाता है लेकिन जब एक्स-सर्विसमैन एम्पैनल्ड हॉस्पिटल्स में जाते हैं, तब लोगों को ट्रीटमेंट कॉस्ट का 50 प्रतिशत बिअर करना पड़ता है और 40 प्रतिशत मेडिसिन्स पर बिअर करना पड़ता है। जो ट्रीटमेंट फ्री होता है, वह सिर्फ आईएनएस आश्विनी या नेवी आर्मी हॉस्पिटल्स में होता है जबकि ईसीएचएस जो स्कीम है, यह सीजीएचएस की धरती पर बनाई गई है, जहां पर ट्रीटमेंट पूरी तरह से फ्री होना चाहिए। रक्षा संबंधी समिति की 46वीं रिपोर्ट भी यह कहती है कि हर जिले में यह पॉलीक्लीनिक होना चाहिए। आज सिर्फ 427 पॉली क्लिनिक्स पूरे भारत में हैं और 365 जिलों में पॉली क्लिनिक्स नहीं हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह प्रश्न पूछना चाहता हूं कि कब तक यह कार्रवाई की जाएगी कि हर जिले में पॉली क्लिनिक्स खोले जाएं, जिससे एक्स सर्विसमेन को तकलीफ न हो और मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र, कल्याण में भी पॉली क्लिनिक खोला जाए।

श्री श्रीपाद येसो नाईक : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने अपने संसदीय क्षेत्र की जानकारी दी है। आप वहां के पॉली क्लिनिक्स के बारे में हमें विवरण भेज दीजिए और हम निश्चित तौर से वहां पॉली क्लिनिक्स बनाने की कोशिश करेंगे।

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे : अध्यक्ष महोदय, मैं पॉजिटिव अप्रोच के लिए मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि एक अनस्टार्ड क्वेश्चन-2735 में कहा गया है कि पूरे देश

में 26 लाख, 75 हजार, 223 एक्स सर्विसमेन हैं। गर्वनमेंट पॉलिसी के अनुसार इनका रिजर्वेशन सिर्फ कैटेगरी ग्रुप-सी और ग्रुप-डी में है। एक्स सर्विसमेन ग्रुप-ए में 0.74 प्रतिशत और ग्रुप-बी में 1.02 प्रतिशत हैं। स्टैंडिंग कमेटी की 45वीं रिपोर्ट में यह रिकमेंड किया गया है और हमारे माननीय डिफेंस मिनिस्टर मनोहर पर्रिकर जी ने भी कहा था, जब Directorate of General Resettlement के साथ मीटिंग हुई थी कि implementation of reservation policy for ex-servicemen must be enforced in- house first. Departments and PSUs must set an example for rehabilitation of these ex-servicemen. So, he directed that upto 25 per cent of the vacancies in all categories of employees i.e. Group A, B & C should be filled up by Ex-servicemen. जब एक्स सर्विसमेन बड़ी पोस्ट्स, ब्रिगेडियर या कर्नल, जैसी पोस्ट्स से रिटायर होते हैं तो वे ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पोस्ट्स के लिए अप्लाई करने में हेजिटेट करते हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह पूछना चाहता हूं कि आने वाले समय में जब एक्स सर्विसमेन बड़ी पोस्ट्स से रिटायर होंगे, तो क्या उनको ग्रुप-ए और ग्रुप-बी में भी रिजर्वेशन दी जाएगी, ताकि उनकी शेष आयु अच्छी तरह से कट सके?

श्री श्रीपाद येसो नाईक : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने अच्छी इंफॉर्मेशन दी है। हमारे पास इसकी डिटेल नहीं है। आप ने जो शंका प्रकट की है कि बड़े लेवल पर जो ऑफिसर्स रिटायर होते हैं, उनका इन ग्रुप्स में समावेश नहीं हो सकता है। हम कोशिश करेंगे, जैसा आपने ग्रुप-ए और ग्रुप-बी के बारे में कहा है, या उनके लिए कोई अन्य नई श्रेणी की व्यवस्था करने की कोशिश करेंगे।

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : My question relates to the definition and interpretation of `Ex-servicemen' belonging to Border Security Force, CRPF, CISF and all the forces, especially the BSF, who are the first frontier force to move towards the warfront when the war is declared. But unfortunately, all

these forces are being considered as paramilitary forces. They are not coming within the purview of Ex-servicemen and they are being denied most of the welfare activities. Shri Rajnath Singh Ji, the hon. former Home Minister is well aware of the issue. My specific question to the hon. Minister is, whether the benefits which are available to the Ex-servicemen will be extended to all these paramilitary forces, especially BSF, CRPF, CISF etc. I want to know whether it will be considered by the Government.

रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह): अध्यक्ष महोदय, अभी तक आर्म्ड फोर्सेज, एयर फोर्सेज और नेवल, इन तीनों फोर्सेज के रिटायर्ड पर्सनल्स को ही हम एक्स सर्विसमेन के रूप में ट्रीट करते हैं। चूंकि, प्रेमचन्द्रन जी ने जो प्रश्न पूछा है वह गृह मंत्रालय से संबंधित है। मैं समझता हूं कि गृह मंत्री जी ही इसका सही उत्तर दे सकते हैं।

श्री मनोज कोटक : अध्यक्ष महोदय, एक्स सर्विसमेन अलग-अलग शहरों में रहते हैा अलग-अलग महानगरपालिका और नगरपालिका के क्षेत्रों में उनको प्रॉपर्टी टैक्स से एग्जेम्पशन देने का प्रस्ताव होता है। क्या मंत्री जी यह बताएंगे कि जब एक्स सर्विसमेन की संख्या लगभग 26 लाख है, तो पूरे देश में एक सार्वजनिक पॉलिसी के तहत इनको प्रॉपर्टी टैक्स में एग्जेम्पशन देने के लिए सरकार कोई कदम उठा रही है?

श्री श्रीपाद येसो नाईक : अध्यक्ष महोदय, यह प्रश्न टैक्स के विषय से संबंधित नहीं है, लेकिन मैं माननीय सदस्य से यह कहूंगा कि अब जिस तरह की टैक्स फैसिलिटीज दी गई हैं और वे कॉमन नहीं है, तो निश्चित तौर पर हम इस पर विचार करेंगे। उन्होंने एग्जेम्पशन के बारे में पूछा है, टैक्स रूल-रेग्युलेशन के मुताबिक होगा। अगर आप उसमें कुछ खास चाहते हैं, तो हम इस पर विचार करेंगे।

(Q. 323 and 338)

श्री भागीरथ चौधरी : माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे जो उत्तर दिया गया है, सदन के पटल पर रखा गया है, उसमें मुझे बताया गया है कि इस परियोजना में 50 परसेंट लागत राजस्थान सरकार नि:शुल्क देगी और भूमि भी राजस्थान सरकार देगी । लेकिन राजस्थान सरकार से मुझे कोई उम्मीद नहीं है । यह परियोजना अजमेर, नसीराबाद, सवाई माधोपुर, चौथ का बरवाड़ा, टोंक के लिए है, जो अब आया है । मैं इसकी बात नहीं कह रहा हूँ ।

मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ कि वर्ष 2013-14 में पुष्कर से मेड़ता रेल लाइन 323 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण के लिए स्वीकृत हुई थी, जिसकी दूरी 59 किलोमीटर है । उसमें सिर्फ सीसीए का अनुमोदन होना बाकी है । मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूँ कि यह अनुमोदन कब तक हो जाएगा ।

माननीय अध्यक्ष: आपने एक साथ दो प्रश्न पूछ लिये ।

श्री भागीरथ चौधरी : मेरे तीन प्रश्न हैं ।

माननीय अध्यक्ष: No.

श्री भागीरथ चौधरी : दो प्रश्न पहले पूछ लेता हूँ और एक बाद में पूछ लूँगा ।

माननीय अध्यक्ष: नहीं ।

श्री भागीरथ चौधरी : वर्ष 2013-14 में अजमेर-कोटा-नसीराबाद-केकड़ी-देवली के लिए रेल मार्ग स्वीकृत है । इसमें भी यही स्थिति है, इसमें भी अभी सीसीए का अनुमोदन होना बाकी है । इसलिए मेरा मंत्री महोदय से निवेदन है कि यह कब तक हो जाएगा?

श्री सुरेश सी. अंगड़ी: माननीय सदस्य ने अपने क्षेत्र के बारे में पूछा है । इसके बारे में राज्य सरकार ने लेटर लिखा है । लैंड एक्विजीशन की कॉस्ट के कारण केन्द्र सरकार को ही यह भरना

पड़ेगा, ऐसा कहा गया है। रेल मंत्री आदरणीय पीयूष गोयल जी ने इसके बारे में राज्य सरकार को भी लेटर लिखा है। सीसीए के समय राज्य सरकार और केन्द्र सरकार एग्री हुई थीं। मैं वह लेटर पढ़कर बताता हूँ।

माननीय अध्यक्ष: नहीं-नहीं, लेटर मत पढ़िए।

श्री सुरेश सी. अंगड़ी: उस समय राजस्थान में और केन्द्र में, दोनों जगहों पर यूपीए सरकार थी। उस समय मेरे मंत्री ने लिखा था...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: नहीं-नहीं, आप यहाँ पर पत्र को न पढ़ें, उसकी आवश्यकता नहीं है।

श्री सुरेश सी. अंगड़ी: उस समय कैबिनेट में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार दोनों कॉस्ट शेयरिंग के लिए एग्री हो गई थीं। लैंड कॉस्ट ज्यादा इफेक्टिव होने की वजह से यह उनके पास से नहीं होगा, ऐसा राज्य सरकार बताए। जब तक राज्य सरकार लैंड की इश्यू चेंज नहीं करती है, तब तक रेलवे को किसी लैंड को डेवलप करने का अधिकार नहीं है। यह आपको भी मालूम है। If he wants any specific details on this, we can provide the latest information. If he follows up with the State Government, then the same can be taken up.

माननीय अध्यक्ष: हम प्रश्न संख्या 338 को इसमें क्लब कर रहे हैं।

श्री नारणभाई काछड़िया : माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र अमरेली, गुजरात में, मैं माननीय मंत्री जी से बहुत बार मिल चुका हूँ। भावनगर डिविजन के अंतर्गत विसावदर-जूनागढ़ और वेरावल-तलाला-विसावदर सेक्शन गेज परिवर्तन आरवीएनएल द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य के संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार इलेक्ट्रिकल सब-एस्टीमेट से संबंधित डीपीआर पश्चिम रेलवे को 12.04.2019 को भेज दिया गया। लेकिन पश्चिमी रेलवे की तरफ से अभी तक कोई अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिसकी वजह से अभी तक सारा प्रोसेस लंबित है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि विसावदर-जूनागढ़ और वेरावल-तलाला-विसावदर सेक्शन गेज परिवर्तन का काम कब तक चालू किया जाएगा और उसकी मंजूरी कब तक दी जाएगी?

SHRI SURESH C. ANGADI: Sir, regarding this project, the viability study and other things are going on. In different stages, the estimates have to be sanctioned by the competent authority. हम माननीय सदस्य को सब कुछ हो जाने के डिटेल्स दे देंगे।

श्री नारणभाई काछड़िया : महोदय, मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि मेरे क्षेत्र अमरेली में ढसा, खिजड़िया, लुनिधर, जेतलसर लाइन के दोहरीकरण का काम पिछले ढाई सालों से चल रहा है। वह एकदम मंद गति से चल रहा है। अभी जो नवंबर माह पूरा हुआ है, उसमें उसकी समय-सीमा भी खत्म हो गई है। लेकिन अभी तक 30-35 प्रतिशत से ज्यादा काम नहीं हुआ है। वह काम बहुत ही डिले चल रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि उस काम को जल्दी से करवाया जाए, ताकि जनता को उसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके।

श्री सुरेश सी. अंगड़ी : महोदय, आदरणीय मेंबर ने जो सुझाव दिया है, हम उसको एग्जामिन करेंगे, लेकिन उसमें लोकल अथॉरिटी और स्टेट गवर्नमेंट का कोआर्डिनेशन चाहिए। Where the exact problem lies, मैं उसकी स्टडी करके उनको डिटेल दे दूंगा और हम उसका एक्सिपडाइट करने का प्रयास करेंगे।

माननीय अध्यक्ष : आप माननीय सदस्यों और अधिकारियों को बुलाकर समस्या का समाधान कर दीजिएगा।

रेल मंत्री तथा वाणिज्य और उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं स्वयं, एमओएस एवं सभी अधिकारियों के साथ सैशन के दौरान प्रत्येक गुरुवार शाम 6 बजे तक

के लिए माननीय सदस्यों से मिलने के लिए उपलब्ध रहता हूं। इस दौरान हम उनको उनके विषयों के बारे में जानकारी भी देते हैं। इस संदर्भ में मैंने सभी माननीय सदस्यों को पत्र भी लिखा है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपको व्यवस्था दे दी गई है।

…(व्यवधान)

श्री प्रदीप कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र अररिया में फारबिसगंज से सहरसा में एक छोटी लाइन का बड़ी लाइन में आठ वर्षों से परिवर्तन होना है। महोदय, आठ साल हो गए हैं, लेकिन आज तक फारबिसगंज से सहरसा में परिवर्तन नहीं हो पाया है। वहां पर बड़ी लाइन का काम चल रहा है, लेकिन अभी तक वह पूरा नहीं हुआ है। मैं माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि क्यों यह काम पिछले आठ सालों से पूरा नहीं हो पा रहा है और कब तक यह काम पूरा हो पाएगा?

श्री पीयूष गोयल : माननीय अध्यक्ष जी, इस पर्टिकुलर प्रोजेक्ट के बारे में कई वर्षों से वहां पर चर्चा भी चल रही थी और लैंड इक्विज़िशन के विषय को लेकर भी चिंता थी। उस क्षेत्र में पैसा भेजने के बाद भी शुरू में लैंड इक्विज़िशन में तकलीफ थी। मुझे यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि वहां के जो मंत्री हैं, वह इसके लिए काफी चिंता कर रहे हैं और काफी इन्वॉल्व हो गए हैं। मुझे लगता है कि उसमें कुछ न कुछ प्रगति होने की संभावना दिखती है। लेकिन जब तक लैंड पर्याप्त मात्रा में हाथ में नहीं आती है, तब तक हम उसमें बहुत ज्यादा आगे नहीं बढ़ पाएंगे।

SHRI DAYANIDHI MARAN : Sir, the successive programme of the NDA is the Swachh Bharat Abhiyan, and the hon. Prime Minister has claimed that India would be hundred per cent open defecation free, but the Railway Ministry is acting totally against the hon. Prime Minister and the Swachh Bharat Abhiyan.

There are more than 120 suburban stations railway stations in Chennai City. I have written to the hon. Railway Minister that there is not a single toilet facility across those stations. The travel time to Chengalpattu to Chennai is more than two hours and from Tiruvottiyur to Chennai Central is more than one-and-a-half hours. Several pregnant women travel on the train. As you know there are no toilet facilities in the suburban train and these people are made to suffer. You are in power since 2014, you cannot blame the previous Congress Government. The hon. Railway Minister, I would like the hon. Railway Minister to please answer this question.

श्री सुरेश सी. अंगड़ी : Sir, the hon. Member is very senior and is also an ex-Minister. He is speaking very emotionally. महोदय, आपको मालूम है कि आजकल हर बच्चे और हर युवा रेलवे स्टेशन में जाने के बाद प्रधान मंत्री जी का नाम लेकर सेल्फी खींच रहे हैं।. If any damage is taking place, especially in Tamil Nadu, whatever the reason may be, the hon. Member should have brought it to our notice. Today, he is bringing it to our notice. The hon. Member can come to my office and I can show him on the dashboard how the railway stations are maintained. …(*Interruptions*)

SHRI DAYANIDHI MARAN : There are no toilets. …(*Interruptions*)

SHRI SURESH C. ANGADI: You please come to my office. I can show you on the dashboard the position of each and every station of the country. Earlier, no station was clean. After our Prime Minister has taken the broom in his hands, today railway stations are clean.

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, एक मिनट रुकिए। माननीय सदस्य, आप भी एक मिनट रुकिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, आज आसन से नई व्यवस्था सुन लें। मैंने आपको सप्लीमेंट्री प्रश्न पूछने के लिए प्रश्न दिया। अगर कोई भी सदस्य सप्लिमेंट्री प्रश्न पूछने के बाद दो-तीन बार सीट से उठेगा, तो उसको अगली बार सप्लिमेंट्री प्रश्न पूछने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

मंत्री जी, आप बोलिए।

…(व्यवधान)

श्री पीयूष गोयल : अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ज्यादा उत्तेजित थे, इसलिए मुझे भी लगा कि थोड़ी सी और जानकारी दूं। माननीय सांसद महोदय भली-भांति जानते हैं कि देश भर में सभी स्टेशनों पर सुविधाएं सुधारने का काम तेज़ गति से चल रहा है। चाहे वो सफाई का मामला हो या फिर टॉयलेट बनाने का मामला हो। दिव्यांगो के लिए भी अब कई जगहों पर टॉयलेट्स बनाने का काम शुरू हो गया है। वे शायद एक बात भूल रहे हैं कि अधिकतर दुनिया के सभी सब अर्बन स्टेशनों पर टॉयलेट्स की व्यवस्था नहीं की जाती है क्योंकि वे छोटे स्टेशन होते हैं। लोगों का आवागमन उसमें ज्यादा होता है, इसलिए हम उसमें जगह नहीं दे पाते हैं। जहां तक स्टेशंस के बाहर की बात है, [सर्क्युलेटिंग एरिया, जो स्टेशन के बाहर का एरिया होता है], उसमें रेलवेज़ नॉर्मल कोर्स में टायलेट प्रोवाइड नहीं करती है। हमने अलग-अलग लोगों, कंपनियों एवं पीएसयूज़ से मदद ले कर और कुछ जगह रेलवे ने अपना पैसा डाल कर, दो हजार से अधिक जगहों पर, टॉयलेट्स प्रोवाइड करने का काम शुरू किया है। …(व्यवधान)

SHRI DAYANIDHI MARAN : I have given Rs.20 crore from my MPLAD Fund.

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप ऐसा करना कि माननीय सदस्यों के कोष से माननीय सदस्यों से पैसा ले लेना और पैसा ले कर इनके इलाके में बाथरूम बना देना।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कोई दिक्कत है?

…(व्यवधान)

श्री पीयूष गोयल : आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। पूरे बीस करोड़ रुपये लगा कर, हम उनके स्टेशंस में बढ़िया टॉयलेट्स बनाने की व्यवस्था कर देंगे। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : मंत्री जी, मैं आपको एक बात बता दूं। डीएमके के जितने भी माननीय सदस्य हैं, उन्होंने यह विषय पहले भी उठाया था। उनसे व्यक्तिगत बात कर के उनके यहां टॉयलेट्स बनाने की व्यवस्था आप जरूर कर लेना।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कनिमोझी जी भी यही बोलेंगी।

…(व्यवधान)

SHRIMATI KANIMOZHI KARUNANIDHI: Sir, this is in continuation to the question the hon. Member asked. Railways is the only Department which still has manual scavenging. When the question is raised, the Railway Department says that cleaning job is given to contractors. But the contractors still use manual scavenging to clean the tracks and the people who do it are not even

given protective gear. This is very shameful. I think the Railway Department has to take responsibility for this and not pass on the buck to the contractors.

SHRI PIYUSH GOYAL : I think my sister very well knows that across the country manual scavenging has been stopped. During our tenure, we have rapidly expanded the use of bio-toilets so that the trains do not throw out any muck on the tracks. But, I cannot do anything about the muck we inherited in 2014. That muck has come from over a hundred years and it has accumulated on the railway tracks. What do I do about that? If she has some better idea to remove that muck on the railway tracks, which was accumulated when there were no bio-toilets, then I will be very happy to implement any scheme that Madam Kanimozhi Ji has to suggest. But I think we have been able to convert more than 90 per cent toilets into bio-toilets. The muck of trains is no more thrown on the tracks. Now you will not get that smell which you used to get more than five years before.

श्री निहाल चन्द : महोदय, धन्यवाद। मैं केन्द्र सरकार और माननीय रेल मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि रेलवे में हिंदुस्तान सबसे आगे निकल रहा है। जितनी भी रेल लाइनें देश के प्रधान मंत्री जी के निर्देश पर माननीय रेल मंत्री जी ने शुरू की हैं, मैं उनके लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानकारी चाहूंगा कि जो नई रेल परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, यह उनकी नॉलेज में है, लेकिन जिन परियोजनाओं की घोषणा देश में पहले हुई, जैसे मेरी कांस्टीट्युएंसी श्रीगंगानगर में वर्ष 1998 में देश के तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने एक गजसिंहपुर, पदमपुर, हनुमानगढ़ और पल्लू होते हुए, रावतसर, पल्लू होते हुए सरदारशहर तक एक रेल लाइन की घोषणा की थी। वह रेल लाइन अभी स्वीकृत भी नहीं

हुई है। उस रेल लाइन का काम कंप्लीट नहीं हुआ है। वह स्वीकृत भी नहीं हुई है। मैं माननीय रेल मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि देश के तत्कालीन प्रधान मंत्री जी ने जिस रेल लाइन की घोषणा की थी, क्या सरकार उसे पूरा करने का विचार रखती है?

श्री सुरेश सी. अंगड़ी : Sir, the hon. Member has asked a valid question about the details, priorities, and whether the projects have been sanctioned or not which were announced by the former Prime Minister, late Shri Atal Bihar Vajpayee. I will take all the details from the office and provide it to him.

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन ': महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से आपके माध्यम से यह आग्रह करना चाहता हूँ कि माननीय सदस्य के सवाल को जरा सही परिप्रेक्ष्य में लेकर उसका उत्तर मिलना चाहिए। माननीय सदस्य प्रदीप जी ने अररिया से फारबिसगंज आमान परिवर्तन का प्रश्न पूछा था, आपने कहा लैंड एक्वीजिशन, आमान परिवर्तन में लैंड एक्वीजिशन कहां इनवाल्व्ड है? उसमें कोई लैंड एक्वीजिशन इनवाल्व्ड नहीं है। सारी लैंड्स क्लियर हैं। उनके सवाल का उत्तर हम भी जानना चाहते हैं कि वह योजना कब पूरी होगी? आप इसके बारे में बताइए।

श्री पीयूष गोयल : मैं स्पेसिफिक डिटेल्स राजीव जी को भेज दूंगा, लेकिन मैं लगातार वहां के पॉवर मिनिस्टर बिजेंद्र यादव जी के साथ टच में हूं। ...(व्यवधान)

श्री राजीव रंजन सिंह 'ललन ' : जो आप बोल रहे हैं, वह दूसरी लाइन है।...(व्यवधान)

श्री पीयूष गोयल : आप सुन लीजिए। मैं उनके साथ टच में हूँ। अररिया के सभी प्रोजेक्ट्स के बारे में, गेज कन्वर्जन की स्पेसिफिक डिटेल्स लेकर आपको भिजवा दूंगा।

(Q.324)

SHRI SYED IMTIAZ JALEEL : Hon. Speaker, Sir, we all know the state of affairs of the economy that we are witnessing today where our GDP has gone down. In this background, it is very important that global trade and industrialization need a major boost.

In this regard, what I would like to ask the hon. Minister is that which are the specific industries in trade sector that you are focusing on to increase the global trade. How are you going to strengthen the MSMEs sector so that they also play a major role in boosting up the global trade? And most importantly, how are you going to identify backward regions? What are you going to do to identify those backward regions, say, for instance, regions like Marathwada, where you can identify those regions, strengthen them and support them so that they too can also participate in the global trade?

SHRI PIYUSH GOYAL: Hon. Speaker, Sir, since the original question related to the high-level advisory group, I will start with the fact that this was a group which was constituted of high-level experts, like Dr. Surjit Bhalla, who is an eminent economist, our present Foreign Minister, Dr. Jaishankar, several people from the legal field, from industry associations, and small scale and medium scale representatives. They all have come out with a series of suggestions. The important thing to note is that every nation has some competitive and comparative strengths. It is the original Michael Porter theory that you cannot do everything yourself. There are certain areas where you

have strength, as a nation you are competitive and you are able to reach out. Gem and Jewellery is one sector – there is another question about it – where India has competitive strength and we have been able to do very well. Footwear is an area where we have been able to do very well. Handicraft is another area, where small and medium enterprises, micro and tiny units have done very well.

So, Government is continuously engaged in assessing. In this report also, several sectors have been specifically identified on which the report has given vertical suggestions, for example, textiles, pharmaceuticals, garments, etc. Electronics is a thrust area which is providing jobs to a lot of people after the hon. Minister of IT has given a thrust to domestic manufacturing of electronic products.

Medical devices are going to be an area of the future. Now that more and more people are getting free medical care because of Ayushman Bharat, we are going to make sure that medical devices along with medical electronics come to India. Obviously, every nation determines what its areas of strength are. We are focusing on those areas of strength. The Government is continuously engaging with stakeholders, with domestic industry and understanding what their pain points are. We are ensuring that this nation cleans up all the old issues of bad loans in the banks. When we clear up all the old accumulated problems, we are also preparing the nation to work with regional value chains, global value chains, engage with the world on equal and

reciprocal terms. I can assure the Members of the House that the Government is very conscious that India will have to expand its export basket. The HLEG has given very good suggestions for the country as a whole and for specific sectors as to how we can double our exports and the Government is taking action on each one of those suggestions with the case in point being the income tax rates. The Committee had suggested that the income tax rates should be brought down to 18 per cent. I am happy to share with you that the Government has brought down the income tax rate to 15 per cent instead of 18 per cent for new domestic manufacturing unit that is set up. So, the Government is very conscious and continuously working for a better future for our MSME and domestic sectors.

SHRI SYED IMTIAZ JALEEL : My question to the hon. Minister is: how is he going to deal with the tough competition that is coming from China? When our reform process started, smaller Far East countries like Thailand, Bangladesh, Vietnam etc. were nowhere in the race. But now, we are facing a tough competition from these countries of the Far East. What is it that the Government is doing? The hon. Minister said he has lowered down the income tax rates. But with the state of economy that we are passing through, is the Government considering to further lower the tax rates? The industry wants to know if he is spending on infrastructure as much as the Government had promised.

SHRI PIYUSH GOYAL: One small point that was left out earlier is about Marathwada. I am happy to share with the Members of the House that this Government has given particular thrust to Marathwada. When I went to Marathwada during one of my visits, I was amazed to find that in 70 years after Independence, Marathwada had not received a single large Central project in the whole region. I was happy that I could participate with the then hon. Chief Minister Shri Devendra Fadnavis. As the hon. Member may be aware, a large manufacturing unit is being set up by the Railways in Latur in Marathwada region which will help meet the growing needs of Maharashtra's infrastructure, the metro suburban services. Obviously, infrastructure is the backbone of any economy, as one American President had famously said, "Did America make the highways or the highways made America?" The sense of the statement was that on the back of infrastructure, you not only boost the economy, but also give impetus to all other associated and related activities, your logistics costs come down and you become more competitive. The country is working towards making itself more and more competitive in the international region. I am sure Vietnam, Indonesia etc. also do their work and we have to do better than them. We are deeply engaged in studying what other countries are doing. Income tax is one move in that direction. Several other initiatives are being taken by the hon. Finance Minister and all the other colleagues in the Government under the leadership of Prime Minister Shri Modi. I can assure you that India will stand tall when it comes to engaging with the rest of the world and India will stand tall when we have to compete with any region of the

world. China is gradually losing its competitive edge. India can gain a lot from the manufacturing sector which moves out of China. We are focused on certain sectors which are looking to move out of China. The hon. Minster Shri Ravi Shankar Prasad himself had met with several companies across the world. They have talked to him about their plans to come to India and set up manufacturing units in India. I am engaged with a number of companies across the world.

The hon. Prime Minister has met representatives of several companies in the United States and other parts of the world where he has visited to encourage investments coming into India, which is why FDI flows have gone up by 50 per cent in the last years over the previous five years. I am confident, in the coming five years, we will see a further boost in domestic manufacturing and inflow of capital for investments.

HON. SPEAKER: Shri Asaduddin Owaisi – not present.

(Q. 325)

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि सरकार के रक्षा उत्पाद निर्यात को बढ़ावा देने की क्या योजना है, यदि है तो वह क्या प्रमुख सामग्री है, जिसका निर्यात किया जा रहा है।

श्री श्रीपाद येसो नाईक: माननीय अध्यक्ष महोदय, रक्षा मंत्रालय निर्यात के बारे में बहुत सजग है। मैं बताना चाहता हूं कि वर्ष 2016-17 में हमारा कुल निर्यात 1521 करोड़ रुपये का था, अब वर्ष 2018-19 में यह लगभग सात गुना बढ़कर 10,745 करोड़ रुपये हो गई है। यह सब इसलिए हुआ क्योंकि रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं रक्षा मंत्रालय ने तय की है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए डिफरेंट अटैची हैं, वहां के ऑफिसर डिफेंस के बारे में ही काम कर रहे हैं। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हमने उनके ऊपर भी जिम्मेदारी सौंपी है। इसी कारण निर्यात के लिए हमने एक्सपोर्ट नीति बनायी है। हमारी सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए प्रोसेस को सुगम और सरल बनाया है, इसके लिए हमने बहुत कुछ काम किया है।

एक ऑनलाइन एक्सपोर्ट पोर्टल बनाया गया है। इसके माध्यम से एप्रवूल के लिए एक्सपोर्ट अप्लीकेशन कंपनी से ऑनलाइन आती है और इसका निवारण भी ऑनलाइन करते हैं। इसलिए उनकी अप्लीकेशन को जल्दी खारिज किया जाता है। हमने ऐसे उपाय किए हैं जिससे एक्सपोर्ट को बढ़ावा मिला है।

रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह): अध्यक्ष महोदय, मैं उन आइटम्स की जानकारी आपको देना चाहता हूं। हल्के लांचर्स होते हैं, बहुत सारे एक्वैटिक फेसिलिटीज प्रोवाइड करते हैं, वेनुकेलर टारगेट लॉकेटर्स होते हैं, कई प्रकार के कम्पोनेंट्स होते हैं, जिनको हम लोग एक्सपोर्ट करते हैं।

डॉ. रमापति राम त्रिपाठी : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या सरकार की कोई रक्षा नीति है, यदि है तो क्या नीति है?

श्री श्रीपाद येसो नाईक : अध्यक्ष महोदय, सरकार नीति से ही चलती है। हमने एक्सपोर्ट वर्ष 2016-17 से शुरू किया था, सरकार की पृथक रक्षा संबंधी नीति नहीं है, नीति है तथापि संस्थागत तंत्र और सैन्य स्टोर निर्यात के लिए एनओसी क्लियरेंस जारी करने की प्रक्रिया को कारगर बनाकर निर्यात को बढ़ावा देती है, अभी हमारा नीति बनाने का प्रयास है।

श्री राजनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं आपको जानकारी देना चाहता हूं कि हमारी डिफेंस एक्सपोर्ट की अपनी एक पॉलिसी है, पॉलिसी के सैलिएंट फीचर्स क्या हैं, वे मैं आपको बता दूं।, थोड़ा लम्बा है, इसमें समय लगेगा।

SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE : Sir, Maharashtra has a lot of companies which would like to export and want to be in the business, including a big project which came to MIHAN where a company called Bharat Forge still seems to be struggling to make in India. The earlier Chief Minister made a lot of fanfare but it has not created resulted in investments or job creation. I understand this is a very sensitive subject. Please share with us in a limited gambit of whatever you can share. All these companies do want to be into this business, in a competitive manner only on merit, but they are not getting the orders. So, if you could you give some direction in this regard because a lot of these companies are from my State of Maharashtra?

माननीय अध्यक्ष: शशि थरूर जी, आप भी प्रश्न पूछ लीजिए, ताकि माननीय मंत्री जी एक साथ जवाब दें।

DR. SHASHI THAROOR : The interesting thing is that the Defence production of our country seems to have gone up by 12 per cent, from Rs.80,502 crore of 2018-19 to Rs.90,000 crore this year, at least the target of the Ministry.

However, there is still a sizeable dependency on foreign original equipment manufacturers for subsystems and components. Until, we curb that dependence, reduce imports and develop comprehensive capabilities in our country itself, how can we export? Rather, we may be importing more in order to manufacture to meet our export demand. So, the question that comes up to the Minister is, what is the current standing of indigenisation of our sub-systems and equipment and what is the value of exports of arms from this country, last year, this year and what are you projecting for the rest of the fiscal year?

श्री राजनाथ सिंह: माननीय अध्यक्ष जी, मैं पहले प्रश्न की जानकारी दे दूं। माननीय सदस्य ने डिफेंस एक्सपोर्ट पालिसी के बारे में पूछा है। मैंने कहा कि इसके कई सैलिएंट फीचर्स हैं, यदि आप कहें तो इसकी डिटेल दे दूं।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य अगर सुनना चाहते हैं तो बता दीजिए। रक्षा के विषय में उतना ही बताना चाहिए जितनी आवश्यकता है।

श्री राजनाथ सिंह: माननीय अध्यक्ष, इसमें कई सैलिएंट फीचर्स हैं। पॉलिसी की बात कही गई है, पॉलिसी के कई सैलिएंट प्वाइंट्स है, तो स्वाभाविक है कि इसे मेंशन करने की जरूरत होगी। आपकी इजाजत हो, तब मैं मेंशन करूंगा।

माननीय अध्यक्ष: आप मेंशन कीजिए।

श्री राजनाथ सिंह: महोदय, फॉरेन पॉलिसी और बहुत से इंटरनेशनल एक्सपोर्ट के कंट्रोल सिस्टम में उपयुक्त एक्सपोर्ट की मार्किट की पहचान करने के उद्देश्य से निर्यात संवर्द्धन एवं सुविधा एक निकाय यानी बॉडी का गठन किया गया है। सैक्रेट्री डिफेंस प्रोडक्शन की चेयरमैनशिप में एक

कमेटी का गठन किया गया है जो बराबर एक्सपोर्ट से संबंधित इश्यूज़ की समय-समय पर समीक्षा करती रहती है। साथ ही साथ एक्सपोर्ट को आगे बढ़ाने के लिए और क्या स्टैप्स लेने चाहिए, प्रेजेंट पॉलिसी को कैसे प्रॉपरी इम्पलीमेंट करना है, ताकि डिफेंस एक्सपोर्ट बढ़ सके, इस संबंध में कमेटी बराबर विचार करती रहती है। हम डिफेंस एक्सपोर्ट संबंधी स्ट्रेटजी में डिफेंस एक्सपोर्ट के लिए कभी-कभी सरकारी सहायता भी प्रदान करते हैं या अन्य किसी प्रकार का फाइनेंशियल असिस्टेंस भी प्रदान किया जा सकता है, इसे भी प्रोवाइड करते हैं।

माननीय सदस्य सुप्रिया जी ने ऐसी कंपनियों के नाम पूछे हैं।

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले : मेरा प्रश्न है कि 'मेक इन इंडिया' में इनको एनक्रेज करने के लिए क्या करेंगे? महाराष्ट्र की बहुत सी कंपनियां डिफेंस में कुछ करना चाहती हैं, जैसे भारत फौज है, जितनी इन्वेस्टमेंट की अपेक्षा थी, नहीं आई है।

श्री राजनाथ सिंह: महोदय, हम 'मेक इन इंडिया' के तहत बहुत सी कंपनियों को पॉलिसी के तहत जितनी मैक्सिमम फैसिलिटीज़ प्रोवाइड की जा सकती हैं, कर रहे हैं। हमारी सरकार का लक्ष्य है कि इनडिजेनाइजेशन को आगे बढ़ाना है, ताकि हम अधिक से अधिक वैपन्स, आर्म्स, एम्युनेशन्स अपने देश में ही तैयार कर सकें।

महोदय, मैं सदन को इस बात की भी जानकारी देना चाहता हूं, पिछले तीन-चार वर्षों से इनडिजेनाइजेशन पर सरकार ने विशेष रूप से बल देना प्रारंभ किया है। ऐसे नंबर ऑफ आइटम्स हैं, जिनका हम लोगों ने इनडिजेनाइजेशन किया है। हम अब अपने देश में ही इसे तैयार करने का काम कर रहे हैं।

(Q. 326)

श्री भगवंत खुबा : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय मंत्री जी ने विस्तार रूप से जवाब दिया है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं, मेरा लोक सभा क्षेत्र चिंचौली तालुका मीरयाण भाग में 50,000 घोर गरीब लोग शाहाबाद में फ्लोरिंग की माइनिंग करते हैं। पिछले चार साल से इको सेंसिटिव जोन के कारण यहां माइनिंग बंद हो गई थी। केंद्र सरकार द्वारा अनुमति देने के बावजूद कर्नाटक में इनसेंसटिव सरकार ने अनुमति नहीं दी। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि अभी वहां सेंसिटिव सरकार आ चुकी है तो सरकार वहां पर घोर गरीबों की रोजी-रोटी के लिए इसको अनुमति दे और शहाबाद फ्लोरिंग माइनिंग को चालू करे। धन्यवाद।

SHRI PRALHAD JOSHI: Sir, basically we formulate the policy for mining. जहां तक भारत सरकार का सवाल है, हम पॉलिसी फार्मुलेट करते हैं। All the related things including allotment, illegal mining, legal mining, etc. are handled by the State Government. I will find out for what reason the permission is not being given. If it is pending for want of environmental or forest clearance, we will try to interact with the concerned Department and try to solve the problem related to his constituency.

श्री भगवंत खुबा : अध्यक्ष महोदय, केजीएफ, कर्नाटक देश भर में सोने के खनन के लिए प्रसिद्ध है। वहां पर कई सालों से खनन का कार्य बंद है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या आप केजीएफ सोने का खनन चालू करेंगे, यदि करेंगे तो कब करेंगे? यह बताने का कष्ट करें।

श्री प्रहलाद जोशी: अध्यक्ष महोदय, केजीएफ सोने के खनन का कार्य पिछली सरकार के समय में ही बंद हो चुका है। इतना ही नहीं, उस समय की सरकार ने इसको बंद करने के लिए एक प्रपोजल कैबिनेट में ले गई थी। I am not criticising them. The proposal was to sell it to some cooperative sector entity, if my memory serves me right. This question is not

related to the main question. Their total land is around 13,000 acres. In spite of that, the total sale value was kept at just Rs.250 crore. Its land value itself is very high. In spite of that, a Cabinet decision was taken like that. We are entirely reviewing it. We are also concerned about it. We are working out some solution and we will shortly come out with a policy in this regard.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न सं. 327।

…(व्यवधान)

श्री रमेश बिधूड़ी : सर, यह एक महत्वपूर्ण विषय है।

माननीय अध्यक्ष: रमेश बिधूड़ी जी।

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: The Standing Committee is well-known. I do not want to question it. The Standing Committee has to do a lot of work. This Joint Select Committee will be dedicated only and only for the Data Protection Law. …(*Interruptions*) हम कल इसका प्रस्ताव लेकर आएंगे। हम यह चाहते हैं कि अगले बजट सेशन के पहले यह तैयार हो जाए।…(व्यवधान) इसके लिए डेडिकेटेड रूप से आपके भी लोग रहेंगे।…(व्यवधान) दोनों हाउसेज के लोग रहेंगे। हमारा ऐसा मत है, हम ने चर्चा भी की है। हम एक ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी का प्रस्ताव ले कर आएंगे और इस डेटा प्रोटेक्शन लॉ

का विस्तारित विवेचन हो, यह हमारी आकांक्षा है ।...(व्यवधान) Let the parliamentary process examine this in the most detailed manner possible. I think, the Joint Select Committee will have good numbers of Members from Opposition of this House and also that House ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

> "कि व्यष्टिकों के वैयक्तिक डाटा से संबंधित उनकी निजता के संरक्षण, वैयक्तिक डाटा के प्रवाह और उपयोग को विनिर्दिष्ट करने, व्यक्तियों और वैयक्तिक डाटा के प्रक्रमण में लगी ईकाइयों के बीच विश्वास के संबंध का सृजन करने, ऐसे व्यष्टिकों के अधिकारों जिनके वैयक्तिक डाटा का प्रक्रमण किया गया है, का संरक्षण करने, डाटा का प्रक्रमण करने में संगठनात्मक और तकनीकी उपायों के लिए ढांचा सृजित करने, सोशल मीडिया मध्यवर्ती, अंतरसीमा अंतरण के लिए सन्नियम अधिकथित करने, वैयक्तिक डाटा का प्रक्रमण करने वाली ईकाइयों की जवाबदेही, अप्राधिकृत और हानिकारक प्रक्रमण के लिए उपाय करने तथा उक्त प्रयोजनों के लिए भारतीय डाटा संरक्षण प्राधिकरण स्थापित करने और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए ।"

...(व्यवधान)

SHRI DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL): Sir, we want division ...(*Interruptions*)

DR. SHASHI THAROOR : Yes, we want division ...(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : लॉबीज खाली की जाएं ।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, अगर आपका वाद-विवाद समाप्त हो गया है तो कृपया आसन ग्रहण करें।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : अब कुछ नहीं हो सकता है, अब समय निकल चुका है और अब डिवीज़न ही होना है।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER : No. अब समय निकल चुका है। आप आपस में बैठकर विवाद को पहले निबटाया करो। अब समय निकल चुका है और अब तो मतदान होगा।

…(व्यवधान)

HON. SPEAKER : No. अब केवल मतदान होगा।

महासचिव।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : न इधर की बात रिकॉर्ड में जा रही है, न उधर की बात रिकॉर्ड में जा रही है। महासचिव के अलावा किसी की बात अंकित नहीं होगी।

… (व्यवधान) *

* Not recorded.

ANNOUNCEMENT RE: AUTOMATIC VOTE RECORDING SYSTEM

SECRETARY-GENERAL: Kind attention of the hon. Members is invited to the operation of the Automatic Vote Recording System: - …(*Interruptions*)

1. Before a Division starts, every hon. Member should occupy his or her own seat and operate the system from that seat only. …(*Interruptions*)
2. When the hon. Speaker says “Now Division”, I, Secretary-General, will activate the voting button whereupon “RED BULBS” above display boards on both sides of hon. Speaker’s Chair will glow and a GONG sound will be heard simultaneously. …(*Interruptions*)
3. For Voting, hon. Members may please press the following two buttons simultaneously “ONLY” after the sound of the GONG and I repeat only after the sound of the GONG. …(*Interruptions*)

Red “VOTE” button in front of every hon. Member on the Head phone plate

and

any one of the following buttons fixed on the top of desk of seat’

Ayes : Green Colour

Noes : Red Colour

Abstain : Yellow Colour …(*Interruptions*)

4. It is essential to keep both the buttons pressed till another GONG is heard and the Red BULBS above plasma display are “OFF”. …(*Interruptions*)

5. Hon. Members may please note that their votes will not be registered:

    1. If buttons are kept pressed before the first GONG.
    2. Both buttons are not kept simultaneously pressed till second GONG. …(*Interruptions*)

6. Hon. Members can actually “SEE” their vote on display boards installed on either side of hon. Speaker’s Chair. …(*Interruptions*)

7. In case vote is not registered, they may call for voting through slips.

Thank you. …(*Interruptions*)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : Sir, in protest, we walk out. …(*Interruptions*)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, we are walking out …(*Interruptions*)

12.34 hrs

(At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury, Shri T.R. Baalu and some other hon. Members left the House.)

माननीय अध्यक्ष : श्री प्रिंस राज, माननीय सदस्य, जिनको डिवीज़न नंबर नहीं दिया गया है, वह मतदान के लिए मतदान स्लिप की मांग कर सकते हैं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि व्यष्टिकों के वैयक्तिक डाटा से संबंधित उनकी निजता के संरक्षण, वैयक्तिक डाटा के प्रवाह और उपयोग को विनिर्दिष्ट करने, व्यक्तियों और वैयक्तिक डाटा के प्रक्रमण में लगी ईकाइयों के बीच विश्वास के संबंध का सृजन करने, ऐसे व्यष्टिकों के अधिकारों जिनके वैयक्तिक डाटा का प्रक्रमण किया गया है, का संरक्षण करने, डाटा का प्रक्रमण करने में संगठनात्मक और तकनीकी उपायों के लिए ढांचा सृजित करने, सोशल मीडिया मध्यवर्ती, अंतरसीमा अंतरण के लिए सन्नियम अधिकथित करने, वैयक्तिक डाटा का प्रक्रमण करने वाली ईकाइयों की जवाबदेही, अप्राधिकृत और हानिकारक प्रक्रमण के लिए उपाय करने तथा उक्त प्रयोजनों के लिए भारतीय

डाटा संरक्षण प्राधिकरण स्थापित करने और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री रवि शंकर प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, मैं विधेयक पुर:स्थापित* करता हूं। ...(व्यवधान)

---

* Introduced with the recommendation of the President.

12.35 hrs

(iii) Code on Social Security, 2019*

माननीय अध्यक्ष : आईटम नंबर 23 - श्री संतोष कुमार गंगवार।

श्रम और रोजगार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि कर्मचारी की सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विधियों का संशोधन और समेकन करने के लिए और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय अध्यक्ष : प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि कर्मचारी की सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विधियों का संशोधन और समेकन करने के लिए और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, क्या आप कोई विषय रखना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : प्लीज, एक मिनट।

…(व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, under sub-rule 2 of the Rule 72 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I would

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 2, dated 11.12.2019.

like to oppose the introduction of the Code on Social Security, 2019 on the following grounds. There are three grounds.

The first ground by which I oppose the introduction of the Bill is various provisions of the Bill curtails the existing benefits of workers which is against the mandate of the ILO Convention.

Sir, you may kindly see that the International Labour Organisation Convention mandates that the existing benefits of the labour class can never be curtailed. That is the principle which has been accepted in the International Labour Organisation Convention.

If you examine the code, various provisions of that violate or take away the rights which are being enjoyed by the working force or working class of this country. So, it is against the mandate of ILO Convention. That is my first objection because India is also a party to the ILO Convention.

Number two, it is violating Articles 42 and 43 of the Constitution. Since there is no time, I am not going to read Articles 42 and 43. Articles 42 and 43 are the Directive Principles of State Policy that have to be complied with by the Government because it is a welfare legislation.

Social Security welfare legislation should comply with the principles of Articles 42 and 43.

माननीय अध्यक्ष : माननीय मंत्री जी, आप प्लीज बैठकर बात कीजिए।

…(व्यवधान)

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर): महोदय, मेरा यह निवेदन है कि लाबीज़ क्लीयर कर दी जाए।

माननीय अध्यक्ष : नहीं, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

SHRI N. K. PREMACHANDRAN: Sir, after division, the lobbies have to be cleared.

Sir, Articles 42 and 43 are the Directive Principles of State Policy. The State is bound to comply with the Directive Principles of State Policy.

The Bill is not circulated two days prior to the introduction of the Bill which violates 19B of the Directions by the Speaker, Lok Sabha.

Hon. Speaker, you have reiterated and an assurance is given to the House that every Bill will be circulated two days before its introduction.

Sir, this is a Bill which contains 163 clauses and six schedules. Such a big Bill has come to my office at 0930 hours. How can I read the entire Bill and oppose the introduction of the Bill?

So, kindly give a specific direction once again reiterating that all the Bills should be circulated two days prior to their introduction.

With this, I oppose the introduction of the Bill. It is against the working class of this country. Hence, I do oppose the introduction of the Bill.

माननीय अध्यक्ष : श्री अधीर रंजन चौधरी – उपस्थित नहीं।

प्रो. सौगत राय, अब आपको मौका नहीं मिलेगा, मैंने आपका नाम दो बार पुकार लिया है।

…(व्यवधान)

PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM): Under Rule 72 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I beg to oppose the introduction of the Code on Social Security, 2019. This Bill says that it is a follow up of the Labour Conference held in 2003. It is a sixteen years old Convention which is being brought here and so many Acts are there like Employees Provident Fund Act, Employees State Insurance Act. They want to put everything in the same Bill. This is what the capitalists, industrialists and Chambers of Commerce of the country want. No central trade union has ever demanded the social security legislation should be brought under one umbrella. This idea of bringing labour code is a punishment to the workers. If you see, they have made it more complicated instead of making it simple. Separate Acts were there to take recourse when our provident fund dues were not given and when the ESI dues were not deposited by the owners. We should take recourse to the legislation. That is why, now they have linked this to the Insolvency and Bankruptcy Code. Under the Insolvency and Bankruptcy Code, the NCLT is not able to deal with all the problems. Now they are making it further complicated. That is why, I say that I am opposed to the introduction of the Bill. It should be immediately referred to the Standing Committee on Labour headed by Shri Bhartruhari Mahtab.

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर): सर, हमारा नोटिस है। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मैंने व्यवस्था दे दी थी। अब मौका नहीं मिलेगा।

माननीय मंत्री जी।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, सिर्फ आधा मिनट दीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: एक सैकेंड भी नहीं दूंगा।

…(व्यवधान)

श्री संतोष कुमार गंगवार : सर, मैं आपके माध्यम से सदन को बताना चाहता हूँ कि श्रम कानूनों की जटिलता को कम करने के लिए, चार मैंबर कोर्ट्स को समाहित करने के लिए आदरणीय प्रधान मंत्री मोदी जी के नेतृत्व में श्रम मंत्रालय ने सन् 2014 से यह कार्यवाही शुरू की है। …(व्यवधान) मैं प्रसन्नता के साथ कहना चाहता हूँ कि यह चौथा और अंतिम लेबर कोर्ट है। …(व्यवधान) श्रम कानूनों की जटिलताओं को कम करने के लिए हमने यह कदम उठाया है। …(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से बताना चाहता हूँ कि हम जो भी कानून लाते हैं, उस पर लगातार गंभीर चर्चा करते हैं। …(व्यवधान) मजदूर संगठनों के साथ उन जटिलताओं को दूर करने के बाद ही लंबे समय के बाद यह बिल यहां पर आया है। …(व्यवधान) मेरा आग्रह है कि आपकी जितनी शंकाएं हैं, वे सारी की सारी दूर की जाएंगी। …(व्यवधान) जब आप सदन में चर्चा करेंगे तो आपको शिकायत का मौका नहीं मिलेगा। …(व्यवधान) हम 44 कानूनों को चार कोर्ट्स में बदलने का काम कर रहे हैं। …(व्यवधान)

महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विधियों का संशोधन और समेकन करने के लिए और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों के लिए विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विधियों का संशोधन और समेकन करने के लिए और उससे संबंधित तथा उसके आनुषंगिक विषयों के लिए विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए। "

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री संतोष कुमार गंगवार : मैं विधेयक पुर:स्थापित* करता हूं।

श्री अधीर रंजन चौधरी : सर, यह पुर:स्थापित कर दिया है? …(व्यवधान) यह क्या हो रहा है? …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: मै देख लूंगा, आपके विचार को मैंने सुन लिया है और मैं इस पर विचार करूंगा।

…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : क्या विचार करने से सही होगा? …(व्यवधान) स्पीकर साहब, हम पूरा भरोसा रखते हैं। …(व्यवधान) क्योंकि सारी स्टैंडिंग कमेटी …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: आइटम नंबर – 24

श्री थावर चंद गहलोत जी।

…(व्यवधान)

---

* Introduced with the recommendation of the President.

12.42 hrs

(iv) Maintenance and Welfare of Parents and Senior Citizens (Amendment) Bill, 2019*

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (श्री थावर चंद गहलोत): महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

> "कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

श्री थावर चंद गहलोत : मैं विधेयक पुर:स्थापित** करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 2, dated 11.12.2019.

** Introduced with the recommendation of the president.

माननीय अध्यक्ष: अब लॉबीज़ खोल दी जाएं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: अब शून्य काल शुरू होता है।

पहले श्री टी.आर. बालू जी, फिर उसके बाद आप बोलेंगे। सबको मौका देंगे।

श्री टी.आर. बालू जी बोलिए।

…(व्यवधान)

SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR): Sir, the Government of India is legally mandated to compensate, year-on-year, any State deprived of 14 per cent growth rate. Last month, in November, the Finance Ministers of many States, namely, Delhi, Punjab, Madhya Pradesh, Rajasthan, Chhattisgarh, West Bengal, Kerala and Puducherry, had met the hon. Union Finance Minister and demanded their rightful share of GST compensation. That compensation has to be distributed every two months to the States. But, of course, the money has not yet been distributed to the States. My State, the State of Tamil Nadu, has not been represented by its Finance Minister or any Minister but at the same time, the Leader of the Opposition in Tamil Nadu, Dr. M.K. Stalin is vociferously appealed the Government of India to see that the GST compensation is extended forthwith to Tamil Nadu. Tamil Nadu is really at a severe cash crunch. Sir, there is a debt trap of Rs.3.9 lakh crore. They do not know what is happening there. At the same time, the State Government has to look to the Government of India for each and everything, to even open their mouth for their own demands.

Sir, the State of Tamil Nadu is reeling under a cash crunch. It is in a debt trap. Through you, I humbly request the Finance Minister to kindly release the due amount to the State of Tamil Nadu without fail. Thank you.

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा, एडवोकेट ए.एम. आरिफ, श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि और श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले को श्री टी.आर. बालू द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री नामा नागेश्वर राव (खम्माम): सर, आईजीएसटी एक्ट के अनुसार स्टेट को डिस्ट्रीब्यूशन में जो डिवॉल्यूशन हुआ, उसकी वजह से कम्पनसेट करना चाहिए। हमारा तेलंगाना नया स्टेट है। तेलंगाना स्टेट के लिए अभी 4,531 करोड़ रुपये आईजीएसटी रिलीज करना है और टैक्स डिवॉल्यूशन का 224 करोड़ रुपये रिलीज करना है। इसके लिए हम लोगों ने मिनिस्टर को लैटर लिखा है। हमारे चीफ मिनिस्टर ने प्राइम मिनिस्टर साहब को भी लैटर लिखा है। हम लोग भी पूरा फॉलो-अप कर रहे हैं। मगर अभी तक यह रिलीज नहीं हुआ है। इसके साथ-साथ अंडर री-ऑर्गेनाइजेशन एक्ट के अनुसार हम लोगों को बेकवर्ड डेवलपमेंट के लिए 450 करोड़ रुपये रिलीज करने हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है। उसी के अनुसार फाइनेंस कमीशन की ग्रांट, लोकल रूरल डेवलपमेंट के लिए 312 करोड़ रुपये रिलीज करने हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है। एफसी ग्रांट का यूएलबीज़ के लिए 393 करोड़ रुपये रिलीज करने हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है। नीति आयोग ने हमारे मिशन भागीरथ के लिए 19,205 करोड़ रुपये रिकमंड किए हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है। नीति आयोग ने मिशन काकतीय के लिए 5,000 करोड़ रुपये रिकमंड किए हैं, वह भी रिलीज नहीं किया है। कुल मिलाकर 29,891 करोड़ रुपये हमारे तेलंगाना राज्य को देने हैं, वह अभी तक नहीं दिए हैं। मैं आपके माध्यम से आईजीएसटी को तुरंत रिलीज करने के लिए बोल रहा हूँ। अभी हाउस में हर एक मिनिस्टर ने सब स्टेट गवर्नमेंट्स और सेंट्रल गवर्नमेंट मिलकर काम करने के लिए वायदा किया है, मगर स्टेट गवर्नमेंट को जो न्यायपूर्ण पैसा मिलना चाहिए था, वह पैसा रिलीज नहीं करने की वजह से पूरी स्टेट सफर हो रही है। अगर स्टेट और सेंट्रल गवर्नमेंट

दोनों मिल कर डेवपलमेंट करें तभी कंट्री का डेवलपमेंट होगा। यह पैसा रिलीज नहीं होने की वजह से स्टेट डेवलप नहीं हो पा रही है।

सर, आपके माध्यम से फाइनेंस मिनिस्टर को इधर रिप्लाई देना चाहिए। यह एक स्टेट का मामला नहीं है। सभी स्टेट्स का जो इश्यू है, इसके लिए फाइनेंस मिनिस्टर को रिप्लाई देना चाहिए। पूरी कंट्री का डेवलपमेंट ठप हो गया है। इसका वन ऑफ द रीज़न है कि स्टेट के शेयर को रिलीज नहीं करना है। स्टेट गवर्नमेंट जमा करके सेंट्रल गवर्नमेंट को देती है, हमारे शेयर को रिलीज नहीं करने की वजह से यह सब प्रॉब्लम हो रही है। हमारे तेलंगाना स्टेट के आईजीएसटी के 4,531 करोड़ रुपये तुरंत रिलीज करें। हमारा नया स्टेट है, 6 साल पुराना स्टेट है। उन लोगों को नए स्टेट को सपोर्ट करना चाहिए, वह सपोर्ट बिल्कुल नहीं मिल रहा है। टोटल ड्यूज 29,891 करोड़ रुपये को तुरंत रिलीज करने के लिए मैं आपके माध्यम से गवर्नमेंट से डिमांड कर रहा हूं।

माननीय अध्यक्ष : श्री कुलदीप राय शर्मा, श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन और श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस. को श्री नामा नागेश्वर राव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री विनायक भाउराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के वित्त मंत्री जी का ध्यान महाराष्ट्र के मुख्य मंत्री श्री उद्धव ठाकरे जी ने जो एक खत लिखा है, उस खत की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ।

अध्यक्ष महोदय, दुर्भाग्य से मुझे कहना पड़ रहा है कि जीएसटी के माध्यम से जो कमिटमेंट स्टेट गवर्नमेंट के साथ हुए थे, उस कमिटमेंट के माध्यम से जीएसटी रेवेन्यू अगर कम होता है तो उसके लिए केन्द्र सरकार से आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। आज महाराष्ट्र सरकार को कम से कम 15,558 करोड़ रुपये इस वर्ष का मिलना चाहिए, ताकि जीएसटी का जो एग्रीमेंट है, उस हिसाब से महाराष्ट्र गवर्नमेंट को न्याय मिलना चाहिए। दुर्भाग्य से महाराष्ट्र के चीफ मिनिस्टर श्री उद्धव ठाकरे जी के पत्र लिखने के बाद भी महाराष्ट्र की तरफ केंद्र सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है। वैसे मैं एलीगेशन नहीं लगाऊँगा, लेकिन मैं विनती करूँगा कि महाराष्ट्र में आज शिव सेना,

कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अलायंस की राज्य सरकार काम कर रही है। केंद्र सरकार का महाराष्ट्र के प्रति जो कर्तव्य है, उसे वह कर्तव्य निभाने का काम करना चाहिए। अगर महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य को लगभग 16 हजार करोड़ रुपये यानी 15, 500 करोड़ रुपया एक वर्ष का नहीं मिलता है, तो उसका डेवलपमेंट के ऊपर बुरा असर हो रहा है। महोदय, मेरी आपके माध्यम से केन्द्रीय वित्त मंत्री जी से विनती है।...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी : हम आपकी बात का समर्थन करते हैं।

श्री विनायक भाउराव राऊत : धन्यवाद। महोदय, आपके माध्यम से मेरी केंद्र सरकार से विनती है कि चाहे महाराष्ट्र में आपकी पार्टी की सरकार न हो, लेकिन लोगों के द्वारा चुनी हुई सरकार वहाँ काम कर रही है। इसलिए जो भी न्याय हो, वह न्याय राज्य सरकार को मिलना चाहिए। धन्यवाद।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि, श्री सप्तगिरी उलाका, श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन को श्री विनायक भाउराव राऊत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि कल कुछ न्यूजपेपर और टीवी चैनल्स पर US Commission on International Religious Freedom ने अमित शाह जी, जो हमारे गृह मंत्री हैं, उनके खिलाफ सैंक्शन लगाने की बात की है।...(व्यवधान) सर, यह देश संविधान से चलता है और जो अधिकार और कर्तव्य है, उसमें संविधान का जो 51(A) है, वह यह कहता है कि कोई भी नागरिक ;

> "(c) to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;
> (d) to defend the country and render national service when called upon to do so;"

इस देश के गृह मंत्री ने इस देश की सुरक्षा, रक्षा, यूनिटी, इंटीग्रिटी के लिए, लोगों को नागरिक बनाने के लिए जो काम किया और जो हमारी पार्लियामेंट का अधिकार है, जो हमारी संप्रभुता पर

उस यूएस के कमीशन ने अटैक किया है ।...(व्यवधान) यह केवल पार्टीज़न एंगल का सवाल नहीं है ।...(व्यवधान) आज हम सरकार में हैं, कल आप सरकार में होंगे ।...(व्यवधान) कल आप कोई कानून बनाएंगे और इस तरह से कोई दूसरा देश यदि आपके व्यक्ति को, आपके गृह मंत्री को, आपके प्रधान मंत्री को इस तरह की बातें कहेगा, तो यह हम लोगों के लिए शर्मनाक बात है ।...(व्यवधान) इसलिए मेरा सभी से आग्रह है कि यह देश के लिए शर्मनाक बात है, सारी पॉलिटिकल पार्टीज को यह रेजोल्यूशन लेना चाहिए कि इस तरह की घटना नहीं होनी चाहिए और यूएस को एक कड़ा मैसेज देना चाहिए कि आप हमारे अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप मत करिए ।...(व्यवधान) हमने जो काम किया है, वह अपने देश के लिए किया है। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : श्री गणेश सिंह, श्री उदय प्रताप सिंह, श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, श्री विनोद कुमार सोनकर, डॉ. संजय जायसवाल, श्री एस.सी. उदासि और श्री तेजस्वी सूर्या को डॉ. निशिकांत दुबे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Sir, I support the GST issue. Today I want to draw your attention to a very serious issue. The Commissions for the Scheduled Castes and Scheduled Tribes have been set up in 12 States of the country. These States are Rajasthan, Punjab, Kerala, Madhya Pradesh, Andhra Pradesh, Uttar Pradesh, Uttarakhand, Karnataka, Chhattisgarh, Bihar, Maharashtra and Goa. But when the West Bengal Government is trying to set up such type of a commission for the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes, it is the most unfortunate thing that the Assembly could not function in its Winter Session and had to be adjourned *sine*

die. What is the reason? The …* is not sending the Bill to the Assembly for which the Government is not being able to implement the Act and the law.

Sir, we strongly protest this heinous attitude of the present… * We will request the hon. Home Minister to intervene and see that the… * should not disturb the functioning of a State Government. It is an elected State Government. The policy of federal structure is going to be challenged. The Assembly had to close down yesterday only after four days it was in Session. So, it is becoming very serious and very unconstitutional. So, I hope that the Government of India should intervene and see that this Bill is send back. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि, श्री सप्तगिरी उलाका और श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री सुदीप बन्दोपाध्याय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो, इस विषय को उठा नहीं सकते।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : राज्यपाल की चर्चा नहीं कर सकते हैं। आपने किताब में लिखा है। आपने कानून बनाया है।

…(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर): अध्यक्ष महोदय, मेरा असम, महापुरुष श्रीमन्त शंकरदेव, अजान पीर का असम है। मेरा असम, लासित बोड़फुकन, हजारिका का असम है। मेरा उत्तर पूर्व शांतिप्रिय छोटा प्रदेश है, जहां पर लोगों को रोजगार चाहिए, वहां निवेश चाहिए। जी.एस.टी.

* Not recorded.

रिटर्न्स हमारे यहां भी नहीं आ रहे हैं। लेकिन, पिछले दिनों जिस प्रकार से पूरे उत्तर पूर्व में विरोध हुए हैं, लोग कहते हैं कि ऐसा विरोध पिछले बीस-पच्चीस सालों में नहीं देखा है।

माननीय अध्यक्ष: यह तो पास हो चुका है।

श्री गौरव गोगोई : सर, आज असम में लोग हाथों में तलवार लेकर, शंख लेकर विरोध कर रहे हैं। त्रिपुरा में दो दिनों से एस.एम.एस. और इंटरनेट बंद हैं। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड में लोग बोल रहे हैं कि आई.एल.पी. और सिक्स्थ शिड्यूल में होने के बावजूद भी आज उनकी भाषा और संस्कृति खतरे में है।

सर, पूरे देश को यह संदेश जाता है कि हमारा नॉर्थ-ईस्ट वन-नॉर्थ-ईस्ट है । हमें आई.एल.पी. में बांटने की कोशिश करने के बाद भी अपनी भाषा और संस्कृति में we are one North-East and we are one India. Therefore, I appeal to this Government to withdraw the Citizenship (Amendment) Bill. It is anti-India, anti-Constitution and anti-North-East.

माननीय अध्यक्ष: अब तो लोक सभा में यह बहुमत से पास हो गया न।

श्री कुलदीप राय शर्मा एवं श्री सप्तगिरी उलाका को श्री गौरव गोगोई के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

…(व्यवधान)

SHRIMATI KIRRON KHER (CHANDIGARH): Hon. Speaker, Sir, I stand here to raise a matter of crucial importance to the war veterans of our country. After the 1962 war with China, a need was felt to increase the strength of the Indian Army. At that time, several thousand emergency and Short Service Commissioned officers were commissioned in the Army. These brave soldiers of our country led India to victory in two memorable wars, that of 1965 and

1971. However, about 2,000 of these soldiers were not absorbed in the Indian Army, many of whom are constituents of my constituency, Chandigarh.

Now, when the Narendra Modi-led NDA Government launched the One Rank One Pension scheme in 2016 for the war veterans of India, the scheme excluded these war veterans, who are retired senior citizens now. The veterans have held several meetings with General Bipin Rawat ji, with the then hon. Defence Minister, Shrimati Nirmala Sitharaman ji, and with our current Defence Minister, Shri Rajnath Singh ji. However, the issue is still pending with the Ministry of Defence and the veterans are still waiting for it to be resolved.

It is my humble request to the hon. Defence Minister that a grant of *pro-rata* pension of Rs. 30,000 be provided to emergency and short service commissioned officers who put their lives on the line to protect our country, who fought the wars of 1965 and 1971 and who led India to the two of her greatest victories.

Vijay Diwas is commemorated on 16th December every year to celebrate India's 1971 victory. If this pension could be started, it will be an expression of our nation's gratitude to them. My gratitude to you for allowing me to speak. Thank you.

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री कुलदीप राय शर्मा एवं श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा को श्रीमती किरण खेर के द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY : Sir, India has more than 15,000 km. of land area, and more than 7,000 km. of coastal line. From Kashmir Valley to

Rajasthan desert, from insurgent-infested North-Eastern region to naxal-infested areas, everywhere para-military forces are visible. But now-a-days the ex-para-military personnel are suffering from a sense of deprivation as they are not getting their legitimate due.

Their demand is very simple. According to the Central Civil Service Rules, the working hours is defined as eight hours. But the personnel of the para-military forces are working for more than 16 to 20 hours. However, they are being treated as officials under Civil Service Rules. They are demanding now that some sort of rule should be framed, like the para-military service rules instead of administering them under Central Civil Service Rules, at least with regard to their retirement age. Now, they are demanding that, like the defence personnel they should also be given the benefit of One Rank One Pension scheme.

13.00 hrs

Old Pension System instead of New Pension Scheme should be given to those ex-paramilitary forces because they are also sacrificing their lives for the sake of our country, for the welfare of our country in order to make our country secured. So, they should not be deprived of having their legitimate dues. Sir, they are demanding for implementation of ex-serviceman status to paramilitary CAPF *vide* MHA(R&W) Dte UO No. 27011/100/2012-R&W.

Sir, in the year 2016, the Central Government was reported to have assured the ex-paramilitary forces that the facilities and amenities that are given to the defence personnel will be provided to them. So, they were under

the impression that the Central Government will do something for those people in order to face the severe financial stress and strain in the retirement age.

So, those ex-paramilitary forces should be conferred martyr status along with Rs.1 crore ex-gratia grant, employment and rehabilitation to martyred family. These are the issues for which I would like to draw the attention of this Government. 50 per cent GST rebate on Central Police canteen should be provided to them.

माननीय अध्यक्ष: श्री सप्तगिरी उलाका, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले, श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि और श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

माननीय सदस्यगण, शेष शून्य काल भोजन अवकाश के पश्चात लिया जाएगा।

सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

13.02 hrs

The Lok Sabha then adjourned for lunch till Fourteen of the Clock.

———————

14.03 hrs

The Lok Sabha reassembled after lunch at
Three Minutes past Fourteen of the Clock.

(Hon. Speaker *in the Chair*)

MATTER UNDER RULE 377*

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाए। जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के इच्छुक हैं, वे 20 मिनट के अंदर मामले का पाठ व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर भेज दें।

केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा, जिनके लिए मामले का पाठ निर्धारित समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त होगा और शेष को व्यपगत माना जाएगा।

* Treated as laid on theTable.

(i) Need to undertake demarcation of submergence area in Delhi

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): जैसा कि हम सभी जानते हैं कि माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 40 वर्षों से लम्बित अनधिकृत कालोनियों को पास करने की समस्या का इस सदन में विधेयक लाकर स्थायी समाधान किया गया है। लम्बे समय के पश्चात आज यह कालोनियाँ पास हो गई हैं, इसके लिए मैं अपने संसदीय क्षेत्र वासियों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले बदरपुर क्षेत्र में स्थित कालोनियाँ पास हो गई हैं, इसके लिए मैं अपने संसदीय क्षेत्र वासियों की तरफ से आभार व्यक्त करता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले बदरपुर क्षेत्र में स्थित कॉलोनियाँ भी पास हो गई हैं, परंतु वहां एक और समस्या से लोग परेशान हैं जिसके बारे में, मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। दिल्ली में मास्टर प्लान 2021 के अंतर्गत दिल्ली में जो भूमि को अलग-अलग जोन में बांटा गया है, उनमें से 1 जोन 0 जोन कहलाता है। यह जोन यमुना के फलड-प्लेन एरिया जिसे डूब क्षेत्र कहते हैं के विषय में है। डब क्षेत्र की बाउंडी की निशानदेही या डिमार्केशन आज तक नहीं की गई है, यह कार्य राजस्व विभाग या सिंचाई विभाग जो दोनों दिल्ली सरकार के अधीन का है। इन दोनों विभागों की यह जिम्मेदारी है कि यह गत कुछ निर्धारित वर्षों में हुई वर्षा के आधार पर डूब क्षेत्र की सीमाएं निर्धारित करें, क्योंकि आज तक यह दोनों विभागों की डूब क्षेत्र की सीमाएं अंकित नहीं की गई हैं इसलिए उसके आस-पास स्थित कालोनियाँ जैसे मीठापुर, जैतपुर, हरिनगर इत्यादि के निवासियों को अनेकों कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है । वह भूमि पहले कृषि भूमि थी जिसे भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में किसानों ने विक्रय कर दी थी और उन पर आज कॉलोनियाँ बन गई हैं, जिसमें लाखों लोग निवास करते हैं, क्योंकि डूब क्षेत्र की निशानदेही या डिमार्केशन आज तक दिल्ली सरकार एवं उनके अधीन विभागों द्वारा नहीं किया गया है। इसलिए वहाँ रह रहे निवासी को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय में माननीय राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने भी निर्देशित किया है कि डूब क्षेत्र का डिमार्केशन किया जाए, उपरोक्त कालोनिया डूब क्षेत्र के बाहर हैं। राजस्व विभाग के एस0डी0एम0 इसके नोडल अधिकारी होते हैं। बच्चों के वयस्क होने पर या पुत्र

के विवाह पश्चात यहाँ रह रहे निवासी कुछ अतिरिक्त कमरे बनाते हैं या फिर चाहे वह घर को रेनोवेट करते हैं तो उन्हें अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है जिससे भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिलता है।

मेरा यह निवेदन है कि दिल्ली जो कि राष्ट्रीय राजधानी है तो इसलिए माननीय लेफिटनेंट गवर्नर साहब से बात कर दिल्ली सरकार को निर्देशित किया जाए कि वह जल्दी से जल्द दिल्ली विकास प्राधिकरण के समन्वय से डूब क्षेत्र का डिमार्केशन का कार्य पूर्ण करें।

(ii) Regarding setting up of a steel factory in Dhaurahra Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्रीमती रेखा अरूण वर्मा (धौरहरा): मैं यह विषय रखना चाहती हूँ कि मेरे लोकसभा धौरहरा की विधानसभा कस्ता के ब्लॉक बेहजम, जनपद लखीमपुर में इस्पात मंत्रालय द्वारा इस्पात फैक्ट्री की स्थापना किए जाने के संबंध में लगभग 11 वर्षों पूर्व सैकड़ों एकड़ किसानों ने अपनी भूमि क्षेत्र के विकास के लिए नये उद्योगों की स्थापना के लिए क्षेत्र में बेरोजगारी दूर करने के लिए इस्पात मंत्रालय को दी थी। परंतु इस्पात मंत्रालय द्वारा कहीं न कहीं किसानों की अनदेखी की गयी है तथा भूमि अधिकरण के 11 वर्षों बाद भी इस्पात फैक्ट्री की स्थापना करने हेतु किसी प्रकार का कोई भी कार्य नहीं किया गया है जिसके कारण क्षेत्रीय जनता को बेरोजगारी की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

ब्लाक बेहजम जनपद लखीमपुर खीरी में 11 वर्षों पूर्व इस्पात फैक्ट्री स्थापित करने के लिए की गयी भूमि अधिग्रहण पर फैक्ट्री स्थापित करने के लिए इस्पात मंत्रालय द्वारा क्या कार्ययोजना बनायी गयी है, यदि कोई कार्ययोजना बनायी गयी है तो कितने समय में अधिग्रहित भूमि पर इस्पात फैक्ट्री कार्य शुरू होगा ?

(iii) Need to set up a Kendriya Vidyalaya in Karauli-Dholpur Parliamentary Constituency, Rajasthan

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र करौली- धौलपुर के हिण्डौन सिटी उपखण्ड मुख्यालय पर केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने के सम्बन्ध में आकर्षित कराना चाहता हूं।

मेरे संसदीय क्षेत्र के करौली जिले में हिण्डौन सिटी सबसे बड़ा कस्बा तथा रेलवे स्टेशन है। यहां स्कूल शिक्षा के उचित साधन उपलब्ध न होने से स्थानीय विद्यार्थियों को समस्या का सामना करना पड़ता है। यहां पर पर्याप्त संख्या में रेलवे कर्मचारी, बैंक कर्मी तथा अन्य केन्द्रीय कर्मचारी निवास करते हैं तथा इसके साथ राज्य सरकार के कार्मिक भी काफी संख्या में निवास करते हैं। यह करौली जिले का औद्योगिक रूप से भी महत्वपूर्ण कस्बा है परन्तु हिण्डौन सिटी उपखण्ड मुख्यालय पर स्कूल शिक्षा के उचित साधन उपलब्ध न होने से यहां के बच्चों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र करौली धौलपुर के करौली जिला के हिण्डौन सिटी उपखण्ड मुख्यालय पर केन्द्रीय विद्यालय स्थापित करने के आदेश प्राप्त करने की कृपा करें जिससे इस क्षेत्र के बच्चों को बेहतर स्कूली शिक्षा के अधिक अवसर प्राप्त हो सकें।

(iv) Need to set up a bench of Jabalpur High Court in Bhopal

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर (भोपाल): मेरा संसदीय क्षेत्र भोपाल मध्य प्रदेश की राजधानी है जो मध्य में स्थित होने के कारण मध्य प्रदेश के कई जिलों से सीधे सम्पर्क मे है तथा आवागमन की सुविधा से भी यहां पर प्रत्येक शहर, तहसील व ग्राम से आना-जाना अत्यंत सुविधाजनक रहता है, किन्तु भोपाल और आस-पास के जिलों में निवास करने वाले व्यक्तियों को विधिक कार्यवाही के लिए जबलपुर उच्च न्यायालय जाना पड़ता है जिससे न्याय प्राप्त करने में अधिक समय व धन का अपव्यय होता है तथा पीड़ित पक्ष को भी लगातार परेशानी होती है।

भोपाल में माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ की अत्यंत आवश्यकता है। यह मांग निरंतर लम्बे समय से अधिवक्ताओं एवं आमजन द्वारा की जा रही है।

मैं अपने क्षेत्र भोपाल में माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ की स्थापना यथाशीघ्र किये जाने का अनुरोध कर रही हूँ ताकि इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को प्राप्त हो सके।

(v) Need to provide fertilizer to farmers in Madhya Pradesh

श्री गजेंद्र उमराव सिंह पटेल (खरगौन): मध्य प्रदेश सरकार किसानों के साथ अत्याचार कर रही है। मध्य प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार है। मध्य प्रदेश में गरीब किसान परेशान व बेहाल है। मध्य प्रदेश में किसानों को खाद (यूरिया खाद) का संकट का सामना करना पड़ रहा है जिससे किसान अपने खेत में समय पर खाद व बीज नहीं डाल पा रहे हैं जिससे किसानों में आक्रोश है। किसानों को खाद प्रदान करें। यही मेरा निवेदन है।

(vi) Need to include persons suffering from colour blindness under PH category

श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत): मेरे संसदीय क्षेत्र में एक युवक की तकलीफों को मैं आवाज देने की कोशिश कर रही हूँ। निरव मकवाणा उनका नाम है। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाला बच्चा 10वीं कक्षा में 83.38 प्रतिशत लाता है और 12वीं कक्षा में 83.83 प्रतिशत लाता है। श्रेष्ठ यूनिवर्सिटी से इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग पास करता है। और जब वो इंजीनियर हो के सरकारी नौकरी हेतु आवेदन करता है तब उसे पता चलता है कि वो कलर ब्लाइन्डनेस नामक बीमारी से ग्रसित है। आप कल्पना कर सकते हैं कि जीवन के 25 साल श्रेष्ठ परिणाम देते हुए पढ़ाई करने के बाद जब नौकरी की आवश्यकता होती है तो इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है। न वो नोर्मल युवक में शामिल है और न ही दिव्यांग युवक में गिना जाता है। उसके लिए भविष्य अंधकारमय बन जाता है और सब दरवाजे बंद हो जाते हैं। जब वो सरकार में पत्र लिखता है उसका जवाब मिलता है कि पीडब्लयू एक्ट 1995 और आरपीडब्ल्यू डी एक्ट 2016 के अन्तर्गत उसे दिव्यांग की श्रेणी में नहीं गिना जाता। यह एक किस्सा है लेकिन पूरे देश भर में ऐसे हजारों आशावान युवक युवतियां होंगी जिनको जीवन के युवावस्था में ही अपना पूर्ण भविष्य अंधकारमय दिखता है। यह दिक्कत इस लिए आती है कि आंखों में कुछ पिगमेन्ट बचपन से कार्यरत न होने की वजह से कुछ कलर्स आंखे पहचान नहीं पाती या देख नहीं पाती। जब कि कम दिखना दिव्यांगता का भाग है। इस प्रकार के बच्चों में यह बीमारी उसी प्रकार विकसित होती है। पिगमेन्ट काम न कर रहे हो एवं ऐसे पिगमेन्टों की संख्या बढने से अंधत्व आता है और वह दिव्यांगता की श्रेणी में आता है तो इन केसों में भी हमें इस प्रकार की तकलीफ को दिव्यांगता की परिभाषा में गिनना चाहिए ताकि इस प्रकार की बीमारियों से ग्रसित बच्चों के परिवार को बचाया जा सके।

मेरी मांग है कि पूरे देश में इस प्रकार से ग्रसित युवक युवतियों की पहचान करते हुए उनके लिए जीवनयापन की व्यवस्था करते हुए कानून में संशोधन करके उन्हें नेचुरल जस्टिस दिलाया जाए।

(vii) Need to set up a medical college in Tikamgarh Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): लोकसभा क्षेत्र टीकमगढ़ बुंदेलखंड का अभिन्न अंग है जहाँ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व आर्थिक दृष्टि से कमजोर व सामान्य वर्ग के लोग रहते हैं। बुंदेलखण्ड वर्तमान में आर्थिक दृष्टि से काफी पिछड़ा होने के कारण यहाँ स्वास्थ्य सेवाओं का अत्यंत अभाव है। अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं के अभाव में जनता को अन्य स्थान जैसे भोपाल, इंदौर, दिल्ली में अपना इलाज कराने जाना पड़ता है। जिससे आर्थिक दृष्टि से पिछड़े लोगों को और अधिक भार उठाना पड़ता है। यदि टीकमगढ़ में मेडिकल कॉलेज खोला जाता है तो यहाँ की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार आएगा व आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं से युक्त सेवाएँ भी प्राप्त हो सकेगी और यहाँ के युवाओं में शिक्षा को लेकर और अधिक उत्साह बढ़ेगा।

(viii) Regarding Upper Pravara (Nilwande-II) Project of Maharashtra

DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR): The Upper Pravara (Nilwande-II) Project of Maharashtra with an estimated cost of Rs.2232.62 crore will irrigate an area of 2,12,758 acres and provide drinking water to the tune of 13.15 MCM. It was approved by the Advisory Committee of the Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation in June 2018. This project will benefit six talukas in Ahmednagar district and one taluka in Nashik district. In order to expedite the completion of this project, there is a need to increase the funds allocated to it by including it in a Central Government Scheme. I request the Government to include the Upper Pravara Project under any Central Government's Financial Assistance Scheme like Pradhan Mantri Krishee Sinchayee Yojana or Baliraja Jal Sanjivani Yojana so that project can be completed at the earliest which will be helpful in resolving irrigation and drinking water problem in my constituency of Ahmednagar.

(ix) Regarding water from Western Gandak Canal to Bihar

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN): The Western Gandak Canal was built after the agreement on water sharing of the Gandaki river with Government of Nepal. This canal is known in Bihar as the Saran Canal. It is drawn from a barrage built on the river at Valmiki Nagar under the Gandak Project and is the prime irrigation source for the region covering districts of Saran, Gopalganj, Siwan and West Champaran along with parts of east UP. The canal has 15,800 cusecs of water, out of which 7300 cusecs goes to Uttar Pradesh and 8,500 cusecs is proposed for Bihar.

For the agricultural and other economic activities in my district, there is a shortfall of 517/44 MCM of water. I have recently been informed that only 2500-3000 cusecs of the water of the Western Gandak Canal comes to Bihar and the rest is taken up by UP. We are facing a water crisis and it is imperative that measures need to be taken in this regard.

(x) Need to allocate 5% seats in trains for general public under HO/EQ on the recommendation of Members of Parliament

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): वर्तमान में रेलवे में केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों, सर्वोच्च और विभिन्न राज्यों के उच्च न्यायालयों के माननीय न्यायाधीशों, माननीय सांसदों, माननीय विधायकों और अन्य वी.आई.पी. लोगों के लिए अति आवश्यक रेल यात्रा करने के लिए प्राथमिकता के आधार पर जो सीट आवंटित करने की व्यवस्था हैं उसमें आम जनता के हित में सुधार करने की आवश्यकता है। अभी उक्त लोगों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर रेलवे में कुल सीटों के लगभग पाँच प्रतिशत सीट इन लोगों के लिए निर्धारित है ताकि ये लोग अपने-अपने विभाग/क्षेत्र से संबंधित अनिवार्य कार्यो/बैठकों के लिए आपातकाल में अति आवश्यक रेल यात्रा कर सकें। यह जरूरी और आवश्यक है। लेकिन लोकतंत्र में आम जनता संप्रभु है। उसके द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से देश की व्यवस्था और शासन का संचालन किया जाता है।

इसलिए भारत सरकार के रेल मंत्रालय से मेरी यह मांग है कि देश के वर्तमान यातायात की परिस्थिति के मद्देनजर रेलवे में आम जनता के लिए भी अनिवार्य रूप से एच.ओ./ई.क्यू, कोटा के तहत अलग से अखिल भारतीय स्तर पर पाँच प्रतिशत कोटा का निर्धारण किया जाना चाहिए। यह कोटा देश के प्रत्येक माननीय सांसदों के अनुरोध पर उनके संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों/जंक्शनों से होकर गुजरने वाली प्रत्येक ट्रेन में होनी चाहिए। इससे उनके क्षेत्र की आम जनता को अपने अनिवार्य अति आवश्यक यात्रा (जैसे बीमारियों का इलाज कराने के लिए, घर, परिवार, रिश्तेदार या अन्य लोगों के वैवाहिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए, श्राद्ध कार्यक्रमों तथा अन्य धार्मिक कार्यक्रमों जिसमें व्यक्ति को शामिल होना अनिवार्य है, उसमें जाने के लिए, विभिन्न ऑफिसियल कार्यों एवं परीक्षा, संवीक्षा, अंतर्वीक्षा, साक्षात्कार आदि में शामिल होने के लिए जाना जरूरी होता है) करने में सुविधा मिलेगी।

अतः मेरा भारत सरकार के रेल मंत्रालय से आग्रह है कि देश के वैसे आम जनता जो रेलवे के प्रतीक्षारत यात्री हैं उनके लिए भी माननीय सांसदों के अनुरोध पर रेलवे में एच.ओ./ई. क्यू.

कोटा के तहत अखिल भारतीय स्तर पर रेलवे के कुल सीटों/बर्थों में से पाँच प्रतिशत का सीटों/बर्थों का आवंटन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करवाने के लिए व्यवस्था किया जाये।

(xi) Regarding mode of payment of wages to tea garden workers in West Bengal

श्री जॉन बर्ला (अलीपुरद्वारस): मैं केन्द्र सरकार के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल की 267 चाय बागानों के लगभग 12 लाख आदिवासी, एसटी, एससी एवं ओबीसी गरीब चाय मजदूरों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है. वर्ष 2019 और 2020 मे चाय बगान मालिक द्वारा करोड़ से अधिक नकद राशि बैंक से निकालने पर 2% दर के रूप में टीडीएस के रूप में काटा जा रहा है. इसलिये चाय मालिक चाय श्रमिकों को मजदूरी बैंक के माध्यम से देना चाहता है. यदि ऐसा हुआ तो चाय श्रमिकों को काफी समस्या उत्पन्न हो सकती है.

चाय बागानों से बैंक की दूरी काफी है. खासकर मेरे लोकसभा क्षेत्र के चाय बागान से बैंक पोस्ट ऑफिस एक या दो चाय बागानों को छोड़कर 10 से 12 किलोमीटर की दूरी पर है. वहा बैंक के कामकाज करने के लिए दिन भर का समय चाय श्रमिकों को निकालना पड़ता है जबकि चाय श्रमिक यदि चाय बागान में काम नहीं करते तो उनकी मजदूरी काट दी जाती है। अभी भी वहां के श्रमिक इतने पढ़े लिखे नहीं है कि वह बैंक में जाकर बैंक का काम काज खुद कर सके. इससे श्रमिकों को काफी समस्या हो रही है. ऑनलाइन वेजेस पेमेंट को लेकर गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। हमारे चाय श्रमिक चाय बागानों में कठिन परिश्रम और मेहनत करते हैं चाय श्रमिकों को उनकी मजदूरी अभी तक नगद में दी जा रही है . अब चाय मालिक श्रमिकों को उनकी मजदूरी बैंक के माध्यम से देना चाहते हैं. यह चाय मालिकों का 2% टीडीएस बचाने का एक प्रयास है. वर्तमान दुआर्स में रेडबैंक , धनीपुर, मधु, ढेकलापाडा जैसे अन्य कई चाय बागान बंद पड़ी हुई है. यदि यह नियम चाय बागानों में लागू करना है तो पहले चाय श्रमिकों को बैंक के कामकाज के साथ साथ डिजिटल शिक्षा के बारे में जागरूक किया जाए. जब तक चाय श्रमिकों को डिजिटल शिक्षा नहीं दी जाती तब तक चाय बागानों को इससे छूट दी जाए. मुझे डर है 2% टीडीएस बचाने के प्रयास से चाय बागान में काफी समस्या उत्पन्न हो सकते हैं. जिससे चाय बागान बंद होने की भी काफी

संभावनाएं है. जिस से चाय बागान में अस्थिरता पैदा हो सकती है यदि ऐसा होता है तो गरीब चाय श्रमिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

(xii) Need to reduce the rate of GST on marble and granite

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): हमारे देश में राजस्थान प्रदेश, मार्बल एवं ग्रेनाइट उत्पाद का सबसे बड़ा केन्द्र होने के साथ-साथ प्रदेश में कृषि के बाद सबसे ज्यादा रोजगार देने वाला व्यवसाय भी है। वर्तमान में प्रदेश के 33 जिलों में से 23 जिलों में मार्बल एवं ग्रेनाइट का खनन एवं उत्पादन का कार्य हो रहा है, जिसमें लगभग 50 लाख लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। इस व्यवसाय में लगभग 90 प्रतिशत से अधिक श्रमिक अशिक्षित एवं अकुशल श्रेणी से हैं तो दूसरी ओर अधिकांश मार्बल एवं ग्रेनाइट की खानें जनजातीय एवं आदिवासी जिलों में अवस्थित होने से स्थानीय जनजातीय लोगों को जीविकोपार्जन हेतु सहज रोजगार उपलब्ध हो रहा है, जिससे ये लोग रोजगार में व्यस्त रहने के कारण अन्य असामाजिक कृत्यों से विमुख रहते हैं। वर्तमान में पूरे प्रदेश में मार्बल एवं ग्रेनाइट की लगभग 3000 गेंगसा इकाइयाँ संचालित हैं। ये सभी सूक्ष्म एवं लघु उद्योग की परिभाषा में आती हैं, जो कि सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं लेकिन वर्तमान में उक्त दोनों उत्पादों पर दिनांक 10.11.2017 से जीएसटी की दर 18 प्रतिशत चली आ रही है, जो कि जीएसटी की कर दरें तय करते समय सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की भारी उपेक्षा एवं अनदेखी का परिणाम है। जबकि पूर्व में सेल्स टैक्स के समय इन उत्पादों की दर मात्र 5 प्रतिशत ही थी। उक्त दर के चलते गत 1.5 वर्षों में इन दोनों उत्पादों के खनन एवं प्रसंस्करण में लगभग 10 करोड़ का संभावित नया निवेश थम सा गया है, वहीं दूसरी ओर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत ही रहने पर आने वाले समय में भी 10 हजार करोड़ रूपये के निवेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, जिसके चलते वर्तमान में कार्यरत हजारों इकाइयों को भी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा तथा मार्बल एवं ग्रेनाइट का विशाल व्यापार भी चौपट हो जायेगा। यदि दोनों उत्पादों पर जीएसटी की दर 18 प्रतिशत से कम हो जाती है तो भारत सरकार की सबसे बड़ी महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत गरीबों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को सस्ती दरों पर घर उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होगी। क्योंकि वर्तमान में जन आवास योजना में मार्बल एवं ग्रेनाइट का बहुतायत मात्रा में प्रयोग होने से निर्मित मकानों की लागत अधिक आ रही है जिससे

उक्त महत्वकांक्षी योजना की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। वहीं दूसरी ओर चीन से भी कृत्रिम मार्बल भारी मात्रा में आयातित होने से भारतीय मार्बल के मुकाबले काफी सस्ता पड़ने से प्रतिस्पर्धा भी बढ़ गई है। हालांकि गत 20 सितम्बर, 2019 को जीएसटी परिषद की 37वीं बैठक में उक्त दोनों उत्पादों की दरों को कम करने का अनुरोध रखा गया था जिसे अस्वीकार कर दिया गया। अतः केन्द्रीय वित्त मंत्री से करबद्ध निवेदन है कि आगामी जीएसटी अनुसूची में परिवर्तन के समय राजस्थान प्रदेश में मार्बल एवं ग्रेनाइट उत्पाद की वर्तमान जीएसटी दर 18 प्रतिशत से कम करवाने की महती कृपा करावें।

(xiii) Need to set up CGHS dispensaries in Rohtak and Jhajjar districts, Haryana

डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा (रोहतक): मेरे लोकसभा क्षेत्र के जिले रोहतक एवं झज्जर में एक भी सीजीएचएस डिस्पेन्सरी नहीं है। दोनों ही जिलों में Postal Dept., Forest Dept., CGST, Income Tax, Railways, BSNL, EPFO, FCI, AIIMS और IIM जैसे केन्द्र सरकार के 16 से अधिक कार्यालय एवं संस्थान कार्यरत है। इसके अतिरिक्त दोनों ही जिलों के दिल्ली-एनसीआर में अवस्थित होने के कारण यहाँ केन्द्र सरकार के ऐसे कर्मचारी बड़ी संख्या मे हैं जो कार्यरत तो हैं और देश के अन्य स्थानों पर हैं परंतु उनके आश्रित परिवारजन जो सीजीएचएस लाभार्थी हैं वो यहीं रह रहे है और डिस्पेन्सरी नहीं होने के कारण वे सभी सीजीएचएस लाभों के लिए दिल्ली पर निर्भर है। मेरा सरकार से निवेदन है कि सीजीएचएस लाभों से वंचित केन्द्र सरकार के कर्मचारियों की बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए जिला झज्जर और रोहतक में एक-एक सीजीएचएस डिस्पेन्सरी शीघ्रातिशीघ्र खोलने की कृपा करें।

(xiv) Need to construct approach road on both sides of Yamuna river bridge in Kairana Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): कैराना लोक सभा की विधान सभा गंगोह में दौलतपुर – लाखनोती यमुना नदी के पुल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। यह पुल उत्तर प्रदेश और हरियाणा को जोड़ता है। पुल के दोनों तरफ से जोड़ने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है जिससे प्रतिदिन आने- जाने वाले यात्रियों को यातायात की समस्या से जूझना पड़ता है। दोनों राज्यों की यह एक मुख्य मांग है कि पुल के दोनों तरफ की सड़कों का निर्माण हो जिससे यातायात सुलभ और सरल हो सके।

मेरा सरकार से निवेदन है कि उक्त दोनों राज्य के यात्रियों की सुविधा हेतु यमुना नदी के पुल के दोनों तरफ जाने वाली सड़कों का निर्माण अतिशीघ्र कराया जाये।

(xv) Need to ensure toilet facilities and their regular cleanliness at petrol pumps across the country

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट (पुणे): केन्द्र सरकार द्वारा नियंत्रित पैट्रोल पम्प भारत सरकार द्वारा प्रत्येक शहर/गांव में हिन्दुस्तान पैट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम के नाम से प्रसिद्ध हैं। इन पैट्रोल पम्पों के माध्यम से पैट्रोल-डीजल वितरित किया जाता है। पैट्रोल पम्पों पर शौचालय आवश्यक हैं। हालांकि कुछ पैट्रोल पम्प मालिकों ने शौचालयों का निर्माण नहीं करवाया है और जिन लोगों ने शौचालयों का निर्माण करवाया है, वे उनका रखरखाव नहीं कर रहे हैं। सेनेटरी इंस्पेक्टर को नियुक्त किया जाना चाहिए और उन्हें समय-समय पर सरकार को निरीक्षण रिपोर्ट दाखिल करनी चाहिए। इस उद्देश्य के लिए नियमन होना चाहिए। यदि पहले से ही नियम बनाए गए हैं, तो उन पर सख्ती से पालन किया जाना चाहिए और पैट्रोल पम्प के मालिक को दंडित किया जाना चाहिए क्योंकि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने सबसे पहले स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम चलाया उसका असर भी देखा गया।

मैं माननीय पैट्रोलियम मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूँ कि देश के सभी पैट्रोल पम्पों के शौचालयों की साफ सफाई के निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए।

(xvi) Need to start construction of sanctioned flyover in Jabalpur, Madhya Pradesh

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): वर्ष 2016 में मेरी मांग पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जबलपुर को मध्य प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाई ओवर की सौगात दी गई थी। उक्त फ्लाई ओवर दमोहनाका से मदन महल तक प्रस्तावित था जिस पर लगभग 978 करोड़ रूपये का अनुमानित व्यय भी स्वीकृत किया गया था।

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 16 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 21 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है :

"कि खंड 16 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
खंड 16 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 17 Performance Review Committee

माननीय अध्यक्ष: श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 22 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, I am not moving my amendment.

माननीय अध्यक्ष: श्री टी.एन. प्रथापन - उपस्थित नहीं।

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है :

"कि खंड 17 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

खंड 17 विधेयक में जोड़ दिया गया ।

खंड 18 विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 19 Returns and Reports

माननीय अध्यक्ष: श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 23 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, I am not moving my amendment.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है :

"कि खंड 19 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।
खंड 19 विधेयक में जोड़ दिया गया ।
खण्ड 20 और 21 विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clause 22 Power of Central Government to supersede Authority

माननीय अध्यक्ष : श्री रितेश पाण्डेय, क्या आप संशोधन संख्या 41 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

श्री रितेश पाण्डेय : माननीय अध्यक्ष जी, इस बिल में केंद्र सरकार के पास पावर का जो केंद्रीयकरण हुआ है, उसको देखते हुए, इसे हटाने के लिए मेरा यह मत है कि मैं इस संशोधन को मूव कर रहा हूं।

I beg to move:

Page 8, *for* line 27, –

substitute "22. *(l)* If at any time, the Comptroller and Auditor General, after consultation with the Central Government, is of the opinion that." (41)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री रितेश पाण्डेय द्वारा खंड 22 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 41 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : श्री कोडिकुन्नील सुरेश, क्या आप संशोधन संख्या 50 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, it is an important amendment. The Reserve Bank of India is the custodian of all the matters related to finance. I beg to move:

Page 8, line 37, –

omit ", not exceeding six months,' (50)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री कोडिकुन्नील सुरेश द्वारा खंड 22 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 50 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

" कि खंड 22 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
खंड 22 विधेयक में जोड़ दिया गया।
खंड 23 से 26 विधेयक में जोड़ दिए गए।

Clause 27 to 30

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 24 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, I am not moving the amendment because it has become infructuous.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

" कि खंड 27 विधेयक का अंग बने ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।
खंड 27 विधेयक में जोड़ दिया गया ।
खंड 28 से 30 विधेयक में जोड़ दिए गए ।

Clause 31 Powers to modify provisions of Other enactments in relation to International Financial Services Centres

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 25 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, this is the contentious amendment which I have already moved. The hon. Minister has replied. But my suggestion is that let it be with the prior approval of the Parliament. We cannot give a blanket cheque to the Government to amend all the existing Central legislations. I beg to move:

Page 10, line 32, –

after "may,"

insert ", with prior approval of the Parliament,". (25)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन द्वारा खंड 31 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 25 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

" कि खंड 31 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
खंड 31 विधेयक में जोड़ दिया गया।

Clause 32 Power to remove difficulties

माननीय अध्यक्ष : श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 26 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN : Sir, I am not moving my further amendments.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

" कि खंड 32 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
खंड 32 विधेयक में जोड़ दिया गया।
खंड 33 और 34 विधेयक में जोड़ दिए गए ।
प्रथम अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई।

दूसरी अनुसूची

माननीय अध्यक्ष : श्री कोडिकुन्नील सुरेश, क्या आप संशोधन संख्या 51 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, I am not moving the amendment.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

" दूसरी अनुसूची विधेयक में जोड़ दी जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
दूसरी अनुसूची विधेयक में जोड़ दी गई ।

Clause 1 Short title and commencement

माननीय अध्यक्ष : श्री कोडिकुन्नील सुरेश, क्या आप संशोधन संख्या 42 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI KODIKUNNIL SURESH : Sir, I am not moving the amendment.

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है:

"कि खंड 1 विधेयक का अंग बने।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।
खंड 1 विधेयक में जोड़ दिया गया।
अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी प्रस्ताव करें कि विधेयक पारित किया जाए।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: I beg to move:

"That the Bill be passed."

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

———————

श्रीमती कविता सिंह (सिवान): अध्यक्ष महोदय, मैं एक अति संवेदनशील विषय को माननीय विदेश मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहती हूं। महोदय, 3 दिसम्बर 2019 को सूडान के खार्तूम के बाहरी इलाके में एक फैक्ट्री में एलपीजी टैंक के ब्लास्ट होने के कारण करीब 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 130 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस फैक्ट्री में करीब 7 भारतीय श्रमिक

कार्यरत थे। जैसा कि मुझे जानकारी मिली है कि 23 मृतकों में 18 भारतीय हैं और घायलों में भी सात भारतीय हैं।

महोदय, इस दुखद घटना में मेरे संसदीय क्षेत्र सिवान के तीन श्रमिकों की मृत्यु की जानकारी है। उनका नाम नितिश कुमार मिश्रा, नीरज कुमार सिंह, अमित तिवारी पुत्र श्री गजेन्द्र तिवारी है। महोदय, इनके घर में गम का माहौल है, क्योंकि अभी तक इन सभी मृतकों को भारत नहीं लाया गया है। उनके परिवारों को उनका शव अभी तक नहीं सौंपा गया है। महोदय, मैं आपके माध्यम से विदेश मंत्री जी से आग्रह करना चाहती हूं कि वहां पर भारतीय दूतावास से संपर्क कर सभी मृतकों के शव को भारत जल्द से जल्द लाकर उनके परिवारों को सौंपा जाए तथा साथ ही साथ उनके परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने का भी प्रबंध किया जाए।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती कविता सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): सर, धन्यवाद। मैं फुटकर व्यापार की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । जब से विदेशी कंपनियां खासतौर से फ्लिपकार्ट और अमेजन आदि ऑनलाइन ट्रेडिंग कर रही हैं, इसके गंभीर प्रभाव देश के फुटकर व्यापार पर दिखाई दे रहे हैं ।

मान्यवर, फुटकर व्यापार में लगभग भारतीय व्यापारी, जो कि पांच करोड़ के लगभग हैं, उनको इस व्यापार से रोजी-रोटी मिलती है। ऑनलाइन ट्रेडिंग से इनका भविष्य अंधकार की ओर जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

मान्यवर, विदेशी कंपनियां अमेजन और फ्लिपकार्ट आदि मजबूत होने की वजह से फायदा उठाने की कोशिश करती हैं और इसके साथ-साथ एफडीआई के नियमों का उल्लघंन भी करती हैं। इसी कारण फुटकर व्यापार अधंकार और तबाही की तरफ जा रहा है। इसमें खास बात यह भी है कि इसमें राजस्व की हेराफेरी की चिंता का भी विषय है। मैं मान्यवर आपसे निवेदन करता हूं कि जैसे भारतीय सरकार द्वारा दवाइयों पर ऑनलाइन ट्रेडिंग पर रोक लगाई गई है, उसी प्रकार से ऑनलाइन ट्रेडिंग व्यापार के लिए नियामक आयोग बनाया जाए और इसके साथ-साथ एफडीआई

के नियमों का भी सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि ऑनलाइन ट्रेडिंग पर जो राजस्व की हेराफेरी का खर्चा जाहिर होता है, उसको रोका जा सके। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि भारतीय फुटकर व्यापार को सुरक्षा प्रदान की जाए। धन्यवाद।

جناب حاجی فضل الرحمٰن صاحب (سہارنپور): جناب، آپ کا بہت بہت شکریہ کہ آپ نے مجھے زیرو آور میں بولنے کا موقع دیا۔ میں فوٹکر تجارت کی طرف آپ کا دھیان دلانا چاہتا ہوں۔ جب سے غیر ملکی کمپنیاں خاص طور سے فلِپکارٹ اور آمیزن وغیرہ آن لائن ٹریڈنگ کر رہی ہیں اس کے سنگین اثرات ملک کے فوٹکر تجارت پر دکھائی دے رہے ہیں۔

جناب، فوٹکر تجارت میں لگ بھگ ہندوستانی تجارت کار جو کہ تقریباً کروڑ کے آس پاس ہیں، ان کو اس تجارت سے روزی روٹی ملتی ہے۔ آن لائن ٹریڈنگ سے ان کا مستقبل اندھیرے کی طرف جاتا دکھائی دے رہا ہے۔

جناب، غیر ملکی کمپنیاں آمیزن، اور فلِپکارٹ وغیرہ مضبوط ہونے کی وجہ سے فائدہ اُٹھانے کی کوشش کرتی ہیں، اور اس کے ساتھ ساتھ ایف۔ڈی۔آئی۔ کے نِیموں کی خلاف ورزی کرتی ہیں۔ اسی وجہ سے فوٹکر تجارت اندھیرے اور تباہی کی طرف جا رہا ہے۔ اس میں خاص بات یہ بھی ہے کہ اس میں ریونیوں کی ہیرا پھیری بھی تشویش کا باعث بنی ہوئی ہے۔ میں جناب، آپ سے گزارش کرتاہوں کہ جیسے ہماری ہندوستانی سرکار کے ذریعہ دوائیوں پر آن لائن ٹریڈنگ پر روک لگائی گئی ہے، اُسی طرح سے آن لائن ٹریڈنگ تجارت کے لئے ریگولیٹری کمیشن بنایا جائے اور اس کے ساتھ ساتھ ایف۔ڈی۔آئی۔ کے نِیموں کا بھی سختی سے پالن کرایا جائے، تاکہ آن لائن ٹریڈنگ پر جو ریونیوکی ہیرا پھیری کا جو خدشہ ظاہر ہوتا ہے اس کو روکا جا سکے۔ میں آپ سے گزارش کرتا ہوں کہ ہندوستانی فوٹکر تجارت کو تحفظ فراہم کیا جائے، شکریہ---

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष जी, वर्तमान में उत्तर प्रदेश में जिला पंचायत और क्षेत्र पंचायत के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होते है । इनमें प्राय: धनबल और बाहुबल का खुलकर उपयोग होता है, जो कि लोकतंत्र के लिए हितकर नहीं है । प्रदेश में महापौर तथा नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष के पद के चुनाव अपेक्षाकृत स्वच्छता से होते हैं, क्योंकि वे सीधे किए जाते हैं । इस संबंध में प्रदेश सरकार ने भी अपेक्षित संशोधन करने के लिए केन्द्र सरकार को पत्र लिखा है । मेरा आपसे निवेदन है कि केन्द्र सरकार जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत के अध्यक्ष पद के प्रत्यक्ष चुनाव किए जाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करें । महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राजेन्द्र अग्रवाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

SHRI PRASUN BANERJEE (HOWRAH): Sir, this is a very important problem relating to sports, most probably, football. सर, मैं थोड़ा बांग्ला में बोलना चाहता हूं ।

*Many many thanks to you Hon. Speaker Sir. There are problems in sports, particularly in football. So I would like to speak in Bengali. Sir there are 3 clubs in India, Mohun Bagan, East Bengal and Mohammedan Sporting. These are national clubs. A rule was framed in 1882 during the British period which stated that these clubs would be allowed to run their camps on the ground barring one month when they would have to stay away from the field. This rule was introduced by the army. This practice is still continuing even after independence of the country in 1947. The 3 big clubs have lakhs of supporters, fans, innumerable spectators throughout the world. Mohun Bagan, East Bengal and Mohammedan Sporting are the best football teams of the

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

country. I have never raised this issue earlier. Through you Sir, I urge the Hon. Minister of Defence to look into the matter and help us. This practice of closure of field for one month started during the British period and it is being followed even today. So I request Hon. Minister to do away with the rule with immediate effect. India is a free nation today. So why the army would be allowed to exercise its authority to bar the football clubs from using the ground for one month? I appeal to review this rule and give a boost to Indian football Sir.

सर, मैं आपको एक और दफा धन्यवाद देता हूं। आप फुटबाल लवर हैं, मैं चाहता हूं कि तीनों टीम्स...(व्यवधान)

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I also want to associate myself with the issue raised by the hon. Member.

श्री संजय भाटिया (करनाल): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय। आपकी एनकरेजमेंट की वजह से ही मैं दूसरी बार बोल पा रहा हूं। मैं आपका ध्यान आज के बहुत ही ज्वलन्त विषय की ओर दिलाना चाहता हूं कि 'पानीपत' नाम से एक फिल्म बनी है। मैं पानीपत का रहने वाला हूं, मेरा जन्म स्थान पानीपत है। मैं आपके माध्यम से सदन को ध्यान दिलाना चाहता हूं और फिल्ममेकर्स को भी ध्यान दिलाना चाहता हूं कि फिल्ममेकर्स इतिहासकार बनने का प्रयास कर रहे हैं। जिनको इतिहास का थोड़ा सा भी ज्ञान है, वे महाराजा सूरजमल की वीरता, देशभक्ति और दयालुता के बारे में जानते हैं। महाराजा सूरजमल का जब तक जीवन रहा, उन्होंने कोई युद्ध कभी नहीं हारा और विदेशी आक्रान्ताओं से हिन्दुस्तान के लिए अगर कोई अभेद्य दीवार बनकर रहे तो वह महाराजा सूरजमल रहे। हमारे मराठा वीरों ने पानीपत की धरती पर आकर युद्ध किया। उस समय की परिस्थितियां, उस समय की राजनीति और उस समय की रणनीति के आधार पर क्या निर्णय हुआ, लेकिन उस युद्ध क्षेत्र के अन्दर मराठों ने बड़ी वीरता दिखाई। उसका परिणाम आज तक

कालाअम्ब स्मारक के रूप में पानीपत के अन्दर स्थापित है और हर 14 जनवरी को हजारों की संख्या में लोगों द्वारा शौर्य दिवस मनाया जाता है। इस बार भी 14 जनवरी के उस कार्यक्रम में मैं आप सभी को भी आमन्त्रित करता हूं कि आप वहां पर आएं, लेकिन जिस प्रकार से फिल्म में महाराजा सूरजमल के बारे में गलत चित्रण किया गया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता कि उस चित्रण को हटाया जाए। मैं सरकार से भी दरख्वास्त करुंगा कि जो इस तरह की फिल्में हैं, जो हमारे महापुरुषों और वीरों की इस तरह की छवि बनाने का प्रयास करती हैं, उनके खिलाफ भी कोई न कोई कार्रवाई होनी चाहिए।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री संजय भाटिया द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

सभी माननीय सदस्यगण से आग्रह है कि संक्षिप्त में अपनी बात कहें। आज सभी माननीय सदस्यों को अवसर दिया जाएगा। इसकी एक शर्त है कि बोलने के बाद सब लोग बैठें, जो आज लगातार बैठे रहेंगे, उनको कल भी समय मिलेगा।

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): धन्यवाद, अध्यक्ष महोदय।

अध्यक्ष महोदय, आपको जितना भी धन्यवाद दिया जाए, उतना कम है। मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में प्रधान मंत्री किसान सम्मान योजना के तहत हर साल किसानों को जो 6,000 रुपये दिए जाते हैं, उससे किसानों को अपने खेती के कार्य में काफी सुविधा हो रही है और कृषि कार्य में मदद हो रही है। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के इस कार्य के लिए मैं और हमारे सभी किसान आभारी हैं।

19.00 hrs

मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में कई किसान ऐसे हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और कई किसान इस योजना के पात्र होने के बावजूद भी इस योजना की धनराशि समय पर प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी में प्रधान मंत्री किसान सम्मान योजना के लाभार्थियों की जो लिस्ट है, उसमें इस बात की जांच की

जाए कि कहीं पात्र व्यक्ति इस योजना से वंचित तो नहीं हैं और जो पात्र हैं, उन्हें समय से धनराशि मिले।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल को डॉ. भारती प्रवीण पवार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): अध्यक्ष जी, मेरे जनपद आजमगढ़ में राज्य सरकार द्वारा स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज में शैक्षणिक वर्ष 2019-20 में मेडिकल कौंसिल ऑफ इंडिया के मानक पूर्ण न होने के कारण एमबीबीएस की सौ सीटों पर छात्रों का इस वर्ष दाखिला नहीं हो पाया है और न ही अभी तक कई वर्षों से रिक्त पड़े प्रोफेसरों के पदों की भर्ती हो पाई है। इस कालेज के आपरेशन संबंधी तमाम उपकरण मेडिकल कालेज गोरखपुर में स्थानांतरित कर दिए गए हैं। इस वजह से यहां इनफ्रास्ट्रक्चर की काफी कमी हो गई है। यहां टेक्नीकल स्टाफ की भी कमी है, जिसके कारण वेंटिलेटर एवं ऐसे तमाम उपकरण रहने के बावजूद भी मरीजों को फायदा नहीं हो पा रहा है। इस कालेज में कई ऐसे संकाय हैं, जिनमें प्रोफेसर, डाक्टर न होने से मरीजों का आपरेशन नहीं हो पा रहा है और न ही उन्हें निशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से अनुरोध करती हूं कि केंद्र सरकार राज्य सरकार को निर्देशित करे कि राजकीय मेडिकल कालेज चक्रपानपुर आजमगढ़ में उपरोक्त समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराए, जिससे आजमगढ़ की जनता को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से छुटकारा मिल सके।

KUMARI RAMYA HARIDAS (ALATHUR): Sir, the Government of India has introduced many welfare schemes for the upliftment of the poor, but the benefit of all these schemes is not reaching the beneficiaries in proper time due to different reasons.

I want to point out here the condition of National Family Benefit Scheme. Under this Scheme, the Government distributes a sum of Rs. 20,000 to the

helpless family of the deceased, irrespective of the cause of death. It was a consolation to such families, but now-a-days, there takes place a delay in distribution of funds to such families.

19.03 hrs (Shri N.K. Premachandran *in the Chair*)

Sir, I am very anxious because in my constituency itself, there are more than 5,000 applications pending for further steps since 2013. The Government had introduced all the welfare schemes in order to help the poor, but the delay in payment under such schemes makes these schemes useless for the targeted parties.

Hence, I would humbly request the Government to take positive steps to issue funds and settle all the pending applications regarding this scheme immediately. Thank you.

SHRIMATI MANJULATA MANDAL (BHADRAK): Hon. Chairperson, Sir, I am grateful to you for giving me this opportunity to speak in this august House. Through you, Sir, I would like to draw the kind attention of the hon. Minister of Railways to the problems of North Odisha and Western Odisha.

As you know, Sir, the steel city Rourkela is a smart city also. It is an industrial township located in the western part of the State. Near about three lakh people of districts like Bhadrak, Balasore, Keonjhar, Jajpur, Kendrapara and Mayurbhanj are residing at Rourkela for their livelihood.

Every now and then, people from Rourkela are travelling to their native places located in the above districts and are facing a lot of difficulties due to

poor commuting facilities. There is only one train, that is, Puri-Haridwar Utkal Express, running through this route where timings of the train are not suitable. So, passengers are facing enormous problems. In this regard, North Odisha Rail Development and Coordination Committee have submitted their memorandum to the hon. Minister of Railways to take necessary steps to ply new trains.

In the above backdrop, I would request the hon. Minister of Railways, through you, to take necessary steps for running one inter-city express train connecting Rourkela, Balasore and Bhadrak *via* CKP, Keonjhar and Jajpur Road. This rail link will connect North Odisha and Western Odisha passing through the above route. Thank you.

SHRI VE. VAITHILINGAM (PUDUCHERRY): Hon. Chairman, Sir, thousands of workers are getting only Rs. 1,000 per month as minimum pension from the EP Fund. Workers are not able to live with this small amount. They are not able to get proper food. Their medical expenses have increased because of the age factor. Due to the age factor they are not able to earn more money. There is no other way for them to get proper food and medical facilities.

At the same time, I want to say that we are not giving them any free money. Their hard-earned money is with us as deposits. There is no difficulty for us to give them more money for meeting their requirements.

So, I humbly request our hon. Minister to increase the minimum pension amount from Rs. 1,000 to Rs. 3,000 per month.

श्री मोहनभाई सांजीभाई देलकर (दादरा और नागर हवेली): माननीय सभापति जी, आपने मुझे एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गंभीर विषय दादरा और नागर हवेली के बारे में उठाने की अनुमति दी है, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

सर, हम जानते हैं कि हमारे लिए शिक्षा विभाग बहुत ही अहम विषय है। शिक्षा विभाग के साथ न तो लापरवाही होनी चाहिए और न खिलवाड़ होना चाहिए। दादरा और नागर हवेली का प्रशासन सरकारी शिक्षा विभाग को निजी संस्थान को देने का प्रस्ताव रख रहा है। दादरा और नागर हवेली के प्रशासन के साथ जो शिक्षा विभाग है, वह जितना प्रशासन है, उतना ही शिक्षा विभाग है। इतना बड़ा स्टॉफ है और इतने सारे कर्मचारी हैं और इतना बड़ा बजट है। इतने हजारों संख्या में हमारे विद्यार्थी वहां पढ़ते हैं। हमारे जितने भी प्राथमिक शिक्षा विभाग हैं, उनको निजी संस्थान को देने का जो प्रस्ताव रखा गया है, उसका हम विरोध करते हैं। जब सारी सुविधाएं और बजट भारत सरकार प्रोवाइड करती है तो क्यों वहां का प्रशासन शिक्षा विभाग को निजी संस्थान को देने का काम करने जा रहा है? इसलिए मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि तुरंत यह प्रस्ताव वापस लिया जाए और निजी संस्थान को देने का जो निर्णय किया गया है, उसको वापस लिया जाए। धन्यवाद।

कुंवर दानिश अली (अमरोहा): माननीय सभापति जी, मैं अपने क्षेत्र से जुड़ा हुआ एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने जा रहा हूं। मेरे क्षेत्र में जो नेशनल हाइवे जो पहले 24 था, जो अब एन.एच. 9 हो गया है। वहां पर गंगा के पुल के ऊपर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं, तीन बार उनकी रिपेयर हो गई है लेकिन उनकी मरम्मत बार-बार होती है। कई दुर्घटनाएं वहां हुई हैं और कई मिसकैरेजेज हुए हैं, कई जानें गई हैं, लेकिन एन.एच.ए.आई. कुछ सुनवाई नहीं कर रही है। इसी से जुड़ा हुआ मेरा दूसरा मुद्दा यह है कि गढ़मुक्तेश्वर एक नगर पालिका है और उसके दो वार्ड बृजघाट में लगते हैं। एक नगर पालिका के अंदर बीच में टोल है। अब बृजघाट के लोग सुबह से शाम तक चार बार आते हैं तो दो मुनिसिपैलिटी के दो वार्ड इधर हैं और बाकी मुनिसिपैलिटी इधर है। एक मुनिसपैलिटी के बीच में टोल है। आपके माध्यम से मेरी सरकार से यह मांग है कि एक ऐसी नीति बनाई जाए कि

किसी मुनिसिपैलिटी सीमा के बीच में कोई टोल न हो और जो बृजघाट और गढ़मुक्तेश्वर के लोग एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं तो उनको इस टोल से मुक्ति दी जाए। धन्यवाद।

کنور دانش علی (امروہہ): جناب،چیرمین صاحب، میں اپنے پارلیمانی حلقہ سے جُڑا ہوا ایک بہت ہی سنگین مسئلہ اُٹھانے جا رہا ہوں۔ میرے حلقہ میں جو نیشنل ہائی وے جو پہلے 24 تھا، اور اب این۔ایچ۔ 9 ہو گیا ہے۔ وہاں گنگا کے پُل کے اوپر اتنے بڑے۔بڑے گڈے ہیں، تین بار ان کی ریپئر ہو گئی ہے، لیکن ان کی مرمّت بار بار ہوتی ہے۔ کئی حادثات وہاں پیش آ چکے ہیں، اور کئی مِیسکیریج ہوئے ہیں، کئی جانیں گئیں ہیں، لیکن این۔ایچ۔اے۔آئی۔ کچھ سُنوائی نہیں کر رہی ہے۔ اسی سے جُڑا ہوا میرا دوسرا مُدعا یہ ہے کہ گڑھ مُکتیشور ایک نگر پالیکار ہے، اور اُسے کے دو وارڈ برج گھاٹ میں لگتے ہیں۔ ایک نگر پالیکا کے اندر بیچ میں ٹول ہے۔ اب برِج گھاٹ کے لوگ صبح سے شام تک چار بار آتے ہیں تو دو میونسپلٹی کے دو وارڈ اِدھر ہیں اور باقی میونسپلٹی اُدھر ہے۔ ایک میونسپلٹی کے بیچ میں ٹول ہے۔ آپ کے ذریعہ سے میری سرکار سے مانگ یہ ہے کہ ایک ایسی نیتی بنائی جائے کہ کسی میونسپلٹی کی سیما کے بیچ میں کوئی ٹول نہ ہو۔ اور جو برِج گھاٹ اور گڑھ مُکتیشورکے لوگ ایک جگہ سے دوسری جگہ جاتے ہیں تو ان کو اس ٹول سے نجات دی جائے۔ شکریہ ---

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार के सामने एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं। देश में वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण पहले ही है और इससे भी ज्यादा अगर आम नागरिक को कोई परेशान करता है तो वह ध्वनि प्रदूषण है। मेरा सरकार से आग्रह है कि बच्चों की पढ़ाई होती है, आम तौर से घर में जो बुजुर्ग रहते हैं, उनको डी.जे. बजने से

परेशानी होती है और उन डी.जे. के बजने की कोई समयावधि नहीं होती। इसी तरह से जो हमारी गाड़ियां हैं, उनके हॉर्न की आवाज इतनी ज्यादा कर्कश होती है कि व्यापारियों को और रोड पर चलने वाले लोगों को व्यवधान पैदा होता है। इसके अलावा कई तरह के धार्मिक आयोजन होते हैं। अगर आयोजन निर्धारित समयावधि के लिए है, परमिशन ली गई है तो कोई आपत्ति नहीं है। उसका जो मापदंड है, उसके अनुसार डी.जे. बजे, कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन हम देखते हैं कि 365 दिन धार्मिक आयोजन के नाम पर इस तरह के यंत्र बजते रहते हैं। चूंकि प्रार्थना, इबादत एक निजी विषय है, लेकिन सुबह से शाम तक इस तरह के यंत्र बजते रहते हैं जिससे ध्वनि प्रदूषण होता है, बच्चों की पढ़ाई में भी व्यवधान होता है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूं कि इस तरह के ध्वनि विस्तार पर नियंत्रण करने की कोई व्यवस्था करे। धन्यवाद।

सभापति महोदय : कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

* **SHRI S. GNANATHIRAVIAM (TIRUNELVELI):** Hon. Chairman Sir, Vanakkam Nanguneri Special Economic Zone was the brainchild of former Union Minister Shri Murasoli Maran, who conceived and proposed this project in the year 1997. The foundation for the Nanguneri project was laid shortly thereafter, by the then Chief Minister of Tamil Nadu Kalaignar M. Karunanidhi. Due to change of guard in the State of Tamil Nadu, this project was kept in abeyance. Nanguneri Special Economic Zone is spread over an area of more than 2600 acres, at par with international standards, with better road, rail, sea and air connectivity. It is pertinent to say that the Tuticorin Port, the country's 4th largest and most efficient port, is just at a travelling distance of less than 2 hours by road from the SEZ. Since the year 2011, the State Government of

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

Tamil Nadu has not taken any effort to invite manufacturers for utilization of this Nanguneri SEZ. The proposal of 2016 of the Government of India to invite Defence Manufacturing Industries to this SEZ is also pending with the State Government. The opening of Nanguneri SEZ will create direct and indirect employment to more than 1 lakh families, besides providing livelihood. It can be a solution to ease the unemployment situation present in the country. I request the Government of India to expedite the process of creating job opportunities for the people of Tirunelveli District in Tamil Nadu by opening this Nanguneri SEZ. Thank you.

श्री रामस्वरूप शर्मा (मंडी): माननीय सभापति महोदय, मैं मंडी लोक सभा क्षेत्र हिमाचल प्रदेश से चुन कर आया हूँ। हिमाचल प्रदेश में 11 हजार मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जाता है तथा आने वाले समय में इतना ही और विद्युत उत्पादन करने के लिए प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

माननीय सभापति जी, जब इन जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण किया जाता है तो उस समय जो सुरंगें बनती है, उससे पहाड़ी क्षेत्रों के तमाम जल स्त्रोत नदी नाले सूख जाते है जिससे जमीन भी बंजर हो जाती है । हिमाचल प्रदेश पहाड़ी राज्य है। प्रदेश का पानी, वनस्पति व शुद्ध वायु बह कर सीमांत प्रदेश में चले जाते हैं। हिमाचल प्रदेश पूरे देश को रोशनी, विद्युत उर्जा देता है, लेकिन मेरे पहाड़ के लोग पानी के बिना प्यासे रह जाते है।

मेरा आपके माध्यम से जल शक्ति मंत्री, भारत सरकार से आग्रह है कि हिमाचल प्रदेश को उठाऊ पेयजल योजना व उठाऊ सिंचाई योजना तथा छोटे-बड़े तालाबों के निर्माण के लिए अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत करने की कृपा करें, ताकि दूरदराज पहाड़ के लोगों को उठाऊ पेयजल योजना, उठाऊ सिंचाई योजना के माध्यम से पानी उपलब्ध हो सके।

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): सर, राजस्थान के झुंझुनू जिले के सैनिक स्कूल के एक कायर शिक्षक रविन्द्र सिंह शेखावत, काली पहाड़ी का निवासी, ने एक दर्जन बच्चों के साथ दुष्कर्म की

घटना को अंजाम दिया। राजस्थान शर्मसार है। आज देश में बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं और लोक सभा कड़े कानून भी ले कर आई है। सैनिक स्कूल में उसके भय से एक-डेढ़ साल से मामला चलता रहा । दो बच्चों ने हिम्मत करके बात बताई । उस व्यक्ति का नार्को टेस्ट होना चाहिए।...(व्यवधान) यह हो सकता है कि उसने कई बच्चों के साथ ऐसी घटना को अंजाम दिया हो। राजस्थान सरकार मुकदमे की जांच एक डेप्यूटी एएसपी स्तर के अधिकारी से करवा रही है, जो मेरे हिसाब से जांच में ठीक नहीं है। उसकी जांच स्पेशल टीम करे। यह केन्द्र से जुड़ा हुआ मामला है, तो केन्द्र को भी सैनिक स्कूल की साख बचाने के लिए वहां टीम भेजनी चाहिए।...(व्यवधान) अब सैनिक स्कूल में हमारी बच्चियां भी पढ़ने जाएंगी। हम ने यहां से कहा है कि लड़के पढ़ते हैं तो लड़कियां भी पढेंगी। जब लड़के सुरक्षित नहीं हैं तो लड़कियां कैसे सुरक्षित होंगी। इस गंभीर मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए।...(व्यवधान)

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): सभापति महोदय, चितौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में प्रतापगढ़ एक जिला है। मैं सौभाग्यशाली हूं कि चितौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में विद्युतीकरण, दोहरीकरण, नई रेलवे लाइन, ब्रॉडगेज लाइन, सारे काम चल रहे हैं। प्रतापगढ़ शेड्यूल फिफ्थ में एक आदिवासी जिला है। मंदसौर से प्रतापगढ़ के लिए नई रेलवे लाइन का सर्वे स्वीकृत हो गया है और प्रतापगढ़ से बांसवाड़ा का भी स्वीकृत हो गया है। उस जिले के कई गांवों में बिजली पहुंचाने का काम किया गया है, केन्द्रीय विद्यालय खोला गया है, पासपोर्ट ऑफिस खोला गया है और कई सड़कों के काम हुए हैं। अगर वह जिला रेलवे लाइन से जुड़ जाता है तो उस क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा, चूंकि वहां सर्वे हो गया है अगर सर्वे में रेट ऑफ रिटर्न कम आता है तो मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि जिन राज्यों में रेलवे और राज्य सरकार का पार्टनरशिप के साथ काम चल रहा है, ऐसा एग्रीमेंट करके राजस्थान सरकार और रेलवे उस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने का काम करें।

श्री कुलदीप राय शर्मा (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से अंडमान और निकोबार से संबंधित एक महत्वपूर्ण विषय भारत के होम मिनिस्टर साहब को बताना चाहता हूँ।

3 सितम्बर, 2019 को अंडमान निकोबार में एक ऑर्डर पास हुआ, जो ऑर्डर नम्बर 4197 था, जिसमें कहा गया कि अंडमान और निकोबार में किसी कमर्शियल गाड़ी- ओमनी, टाटा सुमो, कार, ऑटो आदि जिसमें टूरिस्ट जाते हैं, को परमिट नहीं दिया जाएगा। परमिट केवल तभी दिया जाएगा, जब उनके पास जमीन हो।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूँगा कि जो गरीब अनएम्प्लॉइड लोग हैं, जिनके पास ठीक से खाने के पैसे नहीं हैं, वे किसी भी तरह से, माँ-बहन के गहने गिरवी रखकर या कोई प्रॉपर्टी बेचकर एक गाड़ी खरीदते हैं, उनको आप कहेंगे कि आपके पास जमीन नहीं है, तो परमिट नहीं मिलेगा।

माननीय सभापति : आपका डिमांड ऑर्डर को रिव्यू करने के लिए है?

श्री कुलदीप राय शर्मा : यदि जमीन नहीं है, तो परमिट नहीं मिलेगा, यह गलत बात है। मैं कहना चाहूँगा कि वहाँ करीब 800 यूथ्स हैं, जिन्होंने परमिट के लिए अप्लाई किया है। उनको जल्द-से-जल्द परमिट दिया जाए।

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से 5 से 7 लाख लोगों का एक बहुत ही सेंसिटिव मामला उठाना चाहता हूँ।

संगम विधान सभा और देवली विधान सभा, ये दोनों अनियमित कॉलोनियों में बसे हैं। इनका पश्चिमी भाग पूरा फॉरेस्ट का एरिया है। वर्ष 2016 में एक कानून बना है कि रिज एरिया में फॉरेस्ट लैंड को राज्य सरकारें तब्दील कर सकती हैं और ग्राम पंचायत की उतनी ही जमीन फॉरेस्ट में डाल सकती हैं। लेकिन राज्य सरकार की संवेदनहीनता के कारण चार अनियमित कॉलोनियों के सात लाख लोगों के लिए अंदर घुसने के जो रास्ते हैं, वे सैनिक फार्म, तिगरी, संगम विहार थाने वाला रोड और रतिया मार्ग है। ये भी चुनावी हथकंडों के कारण पिछले तीन वर्षों से खुदे हुए हैं। ये रोड्स भी ठीक नहीं हैं। काम-धंधा करने वाले मजदूर लोग इनमें चार-चार घंटे फंसे रहते हैं।

आपके माध्यम से सरकार से मेरा निवेदन है कि केन्द्र सरकार राज्य सरकार को जगाने के लिए एक गाइडलाइंस दे। वहाँ पर जो बेल्ट है, शूटिंग रेंज से भाटी की तरफ जो सड़क जाती है, मैंने मुख्य मंत्री को बार-बार चिट्ठी लिखी है, वहाँ पर उस रिज के साथ-साथ एक 40-50 फुट का रोड बन जाए और ग्राम पंचायत की पड़ी हुई सौ बीघा जमीन को रिज में ट्रांसफर कर दिया जाए, ताकि वहाँ जो लोग नारकीय जीवन जी रहे हैं, चार-चार घंटे जाम में फंस रहे हैं, उनको इस समस्या से निजात मिल सके।

आपने मुझे सात लाख लोगों की समस्या को रखने की अनुमति दी, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री रमेश बिधूड़ी द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

***SHRI DHANUSH M. KUMAR (TENKASI):** Hon. Chairman Sir, Vanakkam. Thank you for this opportunity. Sir through you I wish to bring to the attention of this august House about an issue regarding the place the Collector's Office of Tenkasi district is proposed to be built in Tenkasi parliamentary constituency. Tenkasi district has been carved out as a new district by bifurcating Tirunelveli district. Tenkasi district has been created without following any procedure and with an intention of not conducting the local body elections.

HON. CHAIRPERSON : Hon. Member, please come to your demand.

… (*Interruptions*)

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

***SHRI DHANUSH M. KUMAR :** District Collector's Office should be situated at a place where people can have easy access and fulfil their work. In Tenkasi district, the Collector's Office is proposed to be set up

at Aayiramperi, the southern most border area of the district by the ruling party cadre in the State of Tamil Nadu in order to to fulfil their selfish interests. Aayiramperi is an area fully covered by ponds and farmlands. There is no road connectivity and basic amenities are lacking. It will be more difficult for people in reaching Aayiramperi as compared to the Collector's Office currently situated in Tirunelveli. I therefore urge upon the Union Government to intervene in this matter and ensure setting up of the District Collector's Office of Tenkasi district at a place where people can have easy access. Thank you.

HON. CHAIRPERSON: This is absolutely a State matter.

… (*Interruptions*)

श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): माननीय सभापति जी, आपने मुझे लोक महत्व के एक अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के अंतर्गत बलरामपुर जिले के पीडब्ल्यूडी की सड़कों की तरफ दिलाना चाहता हूँ। बहराइच से टकरदरी मार्ग तक की रोड, जिसकी दूरी 28 किलोमीटर तक है, बरसात में जल भराव के कारण टूट गई है।

अत: आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि श्रावस्ती बलरामपुर में पी.डब्ल्यू.डी. की खराब सड़कों का पुनर्निर्माण कराना अत्यंत आवश्यक है, जिससे गाड़ियों का आवागमन सुगमता से हो सके। धन्यवाद।

---

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

श्री संजय हरिभाऊ जाधव (परभणी): सभापति महोदय, धन्यवाद। महाराष्ट्र में वैद्यकीय शिक्षा में जिन छात्रों के ऊपर अन्याय हो रहा है, उसके बारे में बात करना चाहूंगा। मेरे महाराष्ट्र में तीन जोन्स हैं। एक उर्वरित है, विदर्भ है और एक मराठवाड़ा जोन है। इन तीनों में नीट एक्जाम पास होने के बाद गुणवत्ता के आधार पर एडमिशन मिलना चाहिए, लेकिन महाराष्ट्र में 30/70 का एक फॉर्मूला है। सबसे पिछड़ा हमारा मराठवाड़ा है और मराठवाड़ा में पढ़ाई करने वाला कितना भी टैलेंटेड लड़का हो, सेलेक्शन होते समय उसको 30/70 का सामना करना पड़ता है। एडमिशन होते समय मराठवाड़ा में 528 गुणांक लेने वाले का सेलेक्शन नहीं होता है, लेकिन विदर्भ से 450 या 420 गुणांक लेने वाले का सेलेक्शन हो जाता है।

आपके माध्यम से सरकार से मेरी विनती है कि मराठवाड़ा के ऊपर जो अन्याय हो रहा है, इसे दूर करने हेतु मराठवाड़ा में ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज खोले जाएं। हिन्दुस्तान में कहीं भी इस तरीके का कानून नहीं है, वह कानून उठाया जाए और रेग्युलर टैलेंट के हिसाब से एडमिशन मिलना चाहिए।

श्री बालक नाथ (अलवर): सभापति महोदय, धन्यवाद। अलवर क्षेत्र में महाराजा भर्तहरि जी का एक पौराणिक स्थान है, जो कि भारत में सबसे बड़ा पौराणिक स्थान है और उनकी तपस्थली है। राजा भर्तहरि जी का एक पौराणिक स्थान अलवर के वन्य क्षेत्र के अंदर आता है। वहां का सम्पूर्ण विकास वन्य क्षेत्र के कानूनों के कारण नहीं हो पाता है। मेरा सदन के माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि राजा भर्तहरि जी के पौराणिक स्थान का पौराणिक पद्धति से सम्पूर्ण विकास हो। वहां पर श्रद्धालु लाखों की संख्या में पूरे देश से आते हैं और पूरे देश के लोग उसको अपनी आस्था का केन्द्र मानते हैं। उस स्थान का पौराणिक पद्धति के अनुसार डेवलपमेंट हो, वहां शौचालयों का निर्माण हो, वहां यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था हो। इसके साथ-साथ उस स्थान के रास्ते का, जो कि पूरा रास्ता वन्य क्षेत्र के अंदर से है, जिसको फॉरेस्ट मंत्रालय की ओर से बनाना और रिपेयरिंग करना बंद है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहूंगा कि वहां पर कोई एलिवेटिड या किसी भी प्रकार से उस सड़क को दोबारा बनाने का काम किया जाए। वह अलवर से जयपुर जाने का सबसे

सुगम और सबसे नजदीकी रास्ता कहा जाता है। आपके माध्यम से मेरा इतना ही निवेदन है कि उस पौराणिक स्थान का जीर्णोद्धार कर उसे स्वच्छ और सुंदर बनाया जाए।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Balak Nath.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): सभापति महोदय, धन्यवाद। मैं अपने क्षेत्र की अत्यंत ज्वलंत घटना, जो दो दिन पूर्व घटी है, उसके संबंध में ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। क्षेत्र की जनता बहुत आक्रोशित है। जबलपुर से नागपुर नेशनल हाइवे, जो वर्तमान में 44 नंबर कहलाता है, उसकी सड़क अभी नहीं बनी है। इसके 561 और 565 किलोमीटर पर लगातार दुर्घटनाएं होती हैं। इसका एलिवेशन सही नहीं है और इसके सुपर एलिवेशन के गड़बड़ होने के कारण रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं। अभी सड़क पूरी हुई नहीं है, लेकिन इस पर दो टोल लगा दिए गए हैं। पहले सिवनी से 15 किलोमीटर अलोनिया में एक टोल चलता था, लेकिन सड़क न होने के बाद भी एक टोल लखनादोन के पास मंडई ग्राम में लगा दिया गया है। शहर की ओर आने वाले लोगों को केवल 40-50 किलोमीटर की दूरी पर दो टोलों का पैसा देना पड़ेगा। इस कारण से जनता आक्रोशित है, क्योंकि जिस सड़क मार्ग पर लोग नहीं चल रहे हैं, उसका भी टोल देना पड़ रहा है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अलोनिया के टोल को सिवनी से नागपुर की तरफ जाने वाले भाग में स्थापित कर दिया जाए। इससे जनता को सुविधा होगी और जनता को परेशानी नहीं होगी।

DR. K. JAYAKUMAR (TIRUVALLUR): Hon. Chairperson, Sir, I rise here to register some of the requirements that are required in my constituency. My constituency is Tiruvallur in Tamil Nadu, bordering Andhra Pradesh. It is an industrial hub. Almost all brands of cars are manufactured in that area but the train services in that sector is very bad. Adequate number of local trains are not provided. None of the fast running trains stops at Tiruvallur. About one lakh passengers travel from that station and, in a month, it earns the revenue of

about Rs. 1.5 crore. There are six large platforms to accommodate any length of the train. In Tiruvallur, there are many educational and health centres. That is why it is a thickly populated place even if it is compared to Kanyakumari. Therefore, I request that the fast-running trains should stop at that Station and more local trains should be provided.

श्री निहाल चन्द (गंगानगर): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

महोदय, हिन्दुस्तान की धरती धरोहरों की धरती है। इस प्राचीन धरती पर हर साल विश्व के 3-4 प्रतिशत लोग पर्यटन की दृष्टि से भारत आते हैं। मैं राजस्थान का रहने वाला हूं और राजस्थान प्रदेश में हर साल 20-25 लाख लोग पर्यटन की दृष्टि से आते हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर में कालीबंगा सभ्यता है, जो हिन्दुस्तान की पांच हजार साल पुरानी मोहन जोदड़ो की सभ्यता है। हिन्दुस्तान में सबसे पुरानी कोई सभ्यता है तो सिर्फ कालीबंगा में है। इसको विकसित करने के लिए मैं सरकार से निवेदन करूंगा। इसके साथ-साथ मैं सरकार से यह भी निवेदन करूंगा कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के सीमावर्ती क्षेत्र में हिन्दूमलकोट, नग्गी, लकहाकम और लैला-मजनू की ओरिजनल कब्र है। इनको विकसित करने के लिए मैं सरकार से आग्रह करूंगा। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि इन पांचों स्थानों को पर्यटन की दृष्टि से मैप पर लिया जाए। इन स्थानों को केन्द्र सरकार द्वारा अपने अधिकार में लेकर इनका और ज्यादा बड़ा स्वरूप बनाया जाए और इनका सौंदर्यीकरण किया जाए, यही मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से निवेदन करूंगा। धन्यवाद।

श्री अनिल फिरोजिया (उज्जैन): सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए समय दिया। मैं तीन दिनों से प्रयास कर रहा था, यह सोच-सोच कर और इसी टेंशन में मेरा दो-तीन किलो वजन बढ़ गया है क्योंकि मध्य प्रदेश में इस वक्त अन्नदाता बहुत परेशान है।

महोदय, मैं सर्वप्रथम प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने एक हजार करोड़ रुपये राहत राशि के रूप में मध्य प्रदेश के किसानों के लिए मध्य प्रदेश शासन को दिए हैं। लेकिन यूरिया की जो दिक्कत है, उसके कारण हमारे मध्य प्रदेश में अराजकता फैल रही है और किसान आपस में लड़ रहे हैं। केन्द्र सरकार यहां से पूरा यूरिया दे रही है, लेकिन वहां कांग्रेस सरकार के कारण और अधिकारियों की मिलीभगत से यूरिया व्यवस्थित तरीके से वितरित नहीं हो पा रहा है, जिससे अन्नदाता बहुत परेशान है। मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि केन्द्र सरकार हस्तक्षेप करके वहां यूरिया उपलब्ध करवाए ताकि हमारे किसानों को राहत मिल सके। धन्यवाद।

SHRI G. SELVAM (KANCHEEPURAM): Sir, in my constituency, which has a large coastal area, there is a large number of fishermen engaged in fishing for their livelihood. The main source of their income is fishing. The fishermen are facing difficulties every day because of non-availability of basic requirements for fishing like bait curve for the seashore fishermen, cooling warehouses, buildings for the purpose of knitting fish webs in some coastal areas, high-powered light towers to help fishermen do fishing at night, tar road on the eastern coast to avoid accidents in the coastal areas and for easy transportation of the fish, subsidized vehicular transport and subsidized diesel.

Sir, for the welfare of the fishermen, there is a need for increasing the compensation for the loss of the fishermen. The amount under relief fund should be increased. The number of subsidized boat engines should be increased as the number of fishermen is increasing.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर) : सभापति जी, आपका धन्यवाद। मैं मेरे लोक सभा क्षेत्र सीकर और शेखावाटी आंचल के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा। मेरे लोक सभा क्षेत्र में अब ब्रॉड गेज हो गया है, जिस समय मीटर गेज

था, उस समय एक ट्रेन चलती थी, जो वर्तमान में सैनिक एक्सप्रेस के नाम से चलती है। पहले वह ट्रेन हर रोज चलती थी। लेकिन ब्रॉड गेज हो जाने के बाद उसको सप्ताह में केवल तीन दिन चलाया जाता है। इस ट्रेन से सीकर, जयपुर, झुंझुनू और महेन्द्रगढ़ का इलाका प्रभावित होता है।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से यह निवेदन है कि वहां पर यात्रियों की आवश्यकता को देखते हुए और वह मेरे क्षेत्र में रात्रि की एकमात्र ट्रेन है। इस ट्रेन को दैनिक रूप से चलाने की कृपा करें, ताकि हजारों की संख्या में जो लोग दैनिक रूप से सीकर से दिल्ली आना चाहते हैं, उनको उसका लाभ मिल सके। इसका लाभ खास तौर से सैनिकों को मिलेगा, क्योंकि मेरा क्षेत्र ऐसा है, हिन्दुस्तान में जितने भी सैनिक हैं, उनमें से शेखावाटी से 10 प्रतिशत सैनिक हैं। इसलिए, मेरा यह निवेदन है कि इस ट्रेन को दैनिक रूप से चलाया जाए।

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना) : सभापति महोदय, मुझे आपने मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना के किसानों की समस्या को यहां पर रखने का समय दिया है, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करना चाहता हूं। महोदय, नगीना लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली विधान सभा धामपुर में नंदगांव और नाथाडोई गांव में खो नदी के कटान के कारण गंभीर तबाही मची हुई है। वहां पर गंगा नदी है, जो नजीबाबाद से बिजनौर लोक सभा की तरफ जाती है। गंगा नदी ने बगल में पड़ने वाले तमाम गांवों का कटान करके उन गांवों की फसलों को बर्बाद करने का काम किया है, जिसके कारण गोशपुर गांव का तो अस्तित्व ही समाप्त हो गया है।

दूसरे, राम गंगा नदी ने भी तमाम गांवों के तटों को काटकर तबाह कर दिया है। इस नदी के कटान की वजह से किसानों को जान-माल की भारी क्षति हुई है। इसके साथ ही साथ आवागमन के लिए बनी हुई सड़कें भी तबाह और बर्बाद हो चुकी हैं। रास्ता खराब होने और सड़कों के कटने के कारण किसानों का गन्ना सुगर मिलो तक नहीं जा पा रहा है, जिसकी वजह से किसान बहुत परेशान हैं।...(व्यवधान) उस क्षेत्र में बिजली भी ठप्प हो चुकी है।...(व्यवधान) सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि...(व्यवधान) खो नदी द्वारा किसानों को पहुंचाई गई जान-माल की क्षति को मुआवजा के रूप में दिया जाए।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Shri Malook Nagar is permitted to associate with the issue raised by Shri Girish Chandra.

श्रीमती रंजीता कोली (भरतपुर) : सभापित महोदय, मैं सदन के माध्यम से एक गंभीर विषय को सरकार की जानकारी में लाना चाहती हूं। मैं पानीपत फिल्म में वीर शिरोमणि महाराजा सूरजमल जी के शौर्य को क्षति पहुंचाने हेतु कुत्सित प्रयास का जबरदस्त विरोध करती हूं। यह हमारी आन-बान-शान व इतिहास से छेड़छाड़ का विषय है, जो बर्दाश्त योग्य नहीं है । पानीपत फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों से छेड़छाड़ करते हुए भरतपुर के महाराजा सूरजमल जी के महान पुरुष का चित्रण बेहद ही गलत तरीके से दिखाया गया है, जो कि काफी निंदनीय है। इसका भरतपुर एवं पूरे देश में काफी विरोध हो रहा है और इस फिल्म पर बैन लगाने के लिए आंदोलन छिड़ गया है। कोई अनहोनी घटना न घट सके, इसके लिए मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करती हूं कि इस फिल्म को न चलने दिया जाए। अगर फिल्म को चलाया जाए, तो इस फिल्म में दर्शाए गए गलत तथ्यों को निकाल दिया जाए।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shrimati Ranjeeta Koli.

ADV. ADOOR PRAKASH (ATTINGAL): Hon. Chairman, Sir, I would like to draw your attention to the possibilities of exploring the tourism opportunities in my constituency Attingal, Kerala. There are some historically important and high tourism potential places which are yet to be developed.

The Ponmudi hill station, situated at a height of 3,600 ft in Western Ghats of Kerala, is a famous tourist destination. Agasthyakoodam is the second highest peak in Kerala and one of the best trekking places in Kerala. Neyyar Wildlife Sanctuary with a wide variety of flora and fauna forms a part of the Agasthyamalai Biosphere Reserve and it is one among the 34 biodiversity

hotspots in the world.

Kilimanoor Palace is the birth place of renowned painter Raja Ravi Varma. The palace complex spread over 15 acres of land comprises the traditional residential structures including those built by Raja Ravi Varma from the royalties he received from his paintings. But there is not a single original painting even at the studio spot that he used.

The main tourist attraction of the coastal town Varkala is Papanasam Beach. Varkala is the only place in southern Kerala where the cliffs guard the sea. It is a geological monument which is called 'Varkala formation' among geologists. The Geological Survey of India is in process to declare Varkala as the first National Geopark.

I request the Government to sanction a tourism project to develop these tourism destinations by expert agencies like ITDC. Thank you.

श्री अरूण साव (बिलासपुर): सभापति महोदय, देश में नरेंद्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद, उज्ज्वला योजना के नाम से सरकार ने एक क्रांतिकारी योजना बनाई। उज्ज्वला योजना के लागू होने के कारण एक तरफ जहां वृक्षों और वनों की कटाई पर रोक लगी, वहीं दूसरी ओर माताओं और बहनों के स्वास्थ्य पर उसका अच्छा असर पड़ा और उनका समय भी बचा। उस योजना में छत्तीसगढ़ की तत्कालीन भाजपा सरकार के द्वारा 1400 सौ रुपये का अनुदान प्रत्येक हितग्राही को दिया जाता था। अब नई सरकार ने वह अनुदान बंद कर दिया है। इसके कारण पैट्रोलियम कंपनियां उस योजना को लागू करने व अमल में लाने में हीलाहवाला कर रही हैं। इसलिए उस योजना का लाभ संबंधित लोगों को नहीं प्राप्त हो रहा है। मैं भारत सरकार से निवेदन करता हूँ कि उज्ज्वला योजना जैसी क्रांतिकारी योजना को कड़ाई से छत्तीसगढ़ में लागू किया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ के गरीब लोगों को इसका लाभ मिले।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Arun Sao.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र, महाराष्ट्र के गड़चिरोली-चिमुर की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ, जो कि शायद देश का सबसे बड़ा घना आदिवासीबहुल और नक्सल प्रभावित क्षेत्र है।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में है, जिन के ऊपर कई उद्योग-धंधे और कारखाने हो सकते हैं, लेकिन हो नहीं रहे हैं। इसका एक ही कारण वहां पर अच्छे रास्ते नहीं होना है और अच्छी रेल लाइन नहीं होना है। महोदय, इस देश के लाडले पंत प्रधान नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आदरणीय नितिन गडकरी जी ने नेशनल हाईवे मंजूर किए हैं। रेल मंत्री आदरणीय पीयूष गोयल जी ने रेल लाइन मंजूर की है। महोदय, रेल लाइन और नेशनल हाईवे आने वाले दो-तीन साल में पूरे होने वाले हैं। पूरा होने के बाद वहां अच्छे उद्योग-धंधे हो जाएंगे और कारखाने हो जाएंगे। अध्यक्ष महोदय, जल्दी होने के लिए टैक्स हॉलिडी पैकेज घोषित होना बहुत जरूरी है। ...(व्यवधान) सर, वहां पर उद्योग-धंधे और अच्छे कारखाने होने के लिए टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित करना बहत जरूरी है। इसका कारण है कि उत्तरांचल और जम्मू कश्मीर में टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित किया है। टैक्स हॉलिडे घोषित करने से केन्द्र और राज्य का कर नहीं लगेगा। इसलिए मेरी सरकार से मांग है कि टैक्स हॉलिडे पैकेज घोषित करें।

श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगरे (लातूर): सभापति महोदय, लातूर महाराष्ट्र के सबसे बड़े जिलों में से एक है। यहां रेलवे, रक्षा, डाक, आयकर, एक्साइज आदि केन्द्र सरकार के अनेक कार्यालय हैं, जहां केन्द्र सरकार के हजारों कर्मचारी काम करते हैं। दस वर्षों से लगातार सूखे के कारण यहां की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बर्बाद हो गई है तथा अधिकांश उद्योग पलायन कर गए हैं। बेरोजगारी व गरीबी के कारण यहां अधिकांश माँ-बाप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलवाने में असमर्थ हैं, वहीं दूसरी ओर प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा अत्यधिक मंहगी है। यहां के चाकूर शहर में स्थित केन्द्रीय

विद्यालय यहां के सभी केन्द्रीय कर्मचारियों व गरीब माता-पिताओं के बच्चों की शिक्षा जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं।

अत: इस सम्मानीय सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह लातूर जिला मुख्यालय में सभी आधुनिक शिक्षा सुविधाओं से संपन्न एक केन्द्रीय विद्यालय की शीघ्रातिशीघ्र स्थापना करे, ताकि वहां केन्द्र सरकार कर्मचारियों व गरीब माँ-बापों के बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकें।

DR. (Prof.) MAHENDRA MUNJAPARA (SURENDRANAGAR): Thank you, Chairman Sir.

In my constituency, in Wadhwan Taluka, which is my birth place, there is an area known as Shiyani Pole, where there is a problem of heavy vehicular traffic congestion throughout the year from 7 a.m. to 11 p.m. Even emergency vehicles, like ambulance cannot reach nearby hospitals in time. As a result, heart attack patients, delivery patients, accident patients, etc., in the district reach late to the hospital for treatment.

So, I would like to request the Minister for Road Transport and Highways, through you, to make a ring road surrounding Wadhwan and Surendranagar in such a way that vehicular traffic congestion of Shiyani Pole area of Wadhwan and Surendranagar area will be diverted. This will be a blessing for patients, students, and many other people of my constituency. Thank you.

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज): थैंक यू सर। परसों मैं सुबह से लेकर आधी रात तक, आज भी दो बजे से अभी तक इंतजार करता रहा, अभी बोलने का मौका मिला, बहुत-बहुत शुक्रिया।

मैं किशनगंज से आता हूँ, जहाँ 65 परसेंट से ज्यादा मुसलमान रहते हैं। उसमें से एक भी बंग्लादेशी नहीं है, न विदेशी है। वहां पर लगभग 10 लाख 80 हजार वोटर्स हैं, जिसमें से लगभग तीन लाख लोग अपने नाम में करैक्शन के लिए परेशान हैं, जो सरकारी तंत्र ने नाम गलत अंकित किया है। कहीं पर 'ए' के बदले 'ई' कर दिया है, कहीं पर एज फर्क कर दिया है, जिससे लोग परेशान हैं।

परसों जो काला कानून यहाँ से पास हुआ है, जो अनकॉन्स्टीट्यूशनल है, एन्टी मुस्लिम है, इसकी वजह से बहुत परेशानी हुई है। मैं चाहता हूँ कि सरकार इस पर ध्यान दे। जितने भी हिन्दुस्तानी हैं, जो सब हैं वहां पर, सब के नाम करैक्शन कराएं, ताकि उनको किसी तरह की तकलीफ न हो। बहुत-बहुत शुक्रिया।

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): धन्यवाद सर। मैं आधा मिनट ज्यादा समय लूँगा, क्योंकि परसों मैं अपनी बात पूरी नहीं रख पाया था।

HON. CHAIRPERSON : We have limited all ubmissions to one minute.

श्री राजू बिष्ट : एग्री सर। बस आधा मिनट ज्यादा लूंगा। गोरखाओं के साथ हमेशा अन्याय होता रहा है। हालांकि इस सरकार से हमें बहुत उम्मीदें हैं। मैं आपको कहना चाहूंगा, मेरे पास वर्ष 1941 की सेंसस की एक रिपोर्ट है, जिसके अंतर्गत सारे गोरखा हिल ट्राइब्ज़ के नाते जाने जाते थे, परन्तु वर्ष 1951 में बिना कारण गोरखाओं का यह अधिकार छीन लिया गया। इसके लिए गोरखाओं के साथ कोई परामर्श भी नहीं किया गया। इस ऐतिहासिक भूल को ठीक करने के लिए बीजेपी ने वर्ष 2016 में इसकी पहल की और प्रधान मंत्री जी ने स्वयं इसका आश्वासन दिया। इसके लिए वर्ष 2016 से अब तक तीन कमेटियाँ बनाई गई हैं, परन्तु अभी तक इसका कोई समाधान नहीं हुआ। एसटी कैटेगरी से वंचित होने के कारण जो गोरखा नॉर्थ ईस्ट, दार्जिलिंग, तराई, डुअर्स और देश के अन्य हिस्सों में रहते हैं, उनको बार-बार हैरस और प्रताड़ित होना पड़ता है।

अत: मैं आपके माध्यम से सरकार से यह माँग करता हूँ कि यह जो प्रक्रिया है, इसको जल्द से जल्द पूरा किया जाए। गोरखाओं को उनका अधिकार मिले, क्योंकि बार-बार यह जो सीएबी,

एनआरसी के विषय आते हैं, तो गोरखाओं का जरूर हैरसमेंट होता है। मैं चाहता हूँ कि वे अपने आपको और सुरक्षित महसूस कर सकें। देश के लिए गोरखाओं का बहुत योगदान है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Raju Bista.

***SHRI RANJEETSINHA HINDURAO NAIK NIMBALKAR (MADHA):** Thank you very much Hon. Chairman Sir for giving me an opportunity to speak. Ayushaman Bharat Scheme has been started by Modi Government and it is a really very good scheme for the benefit of people. But in reality, the hospitals are looting the poor patients. They are not honouring our requests. The amount of fees given under this scheme is very less and hence the hospitals are not willing to treat patients. The specialized treatment cost is very high and that is why the patients have to mortgage or sell off their jewellery and properties to meet the medical expenses. So, through you Sir, I want to request the Union Government to look into this matter urgently to provide the health benefits to the poor and needy patients.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): महोदय, धन्यवाद। इस देश में लोअर ज्यूडिशियरी से लेकर हाई कोर्ट तक के लंबित मुकदमों की चर्चा हमेशा इस सदन में और पूरे देश में होती है। लेकिन इनमें से अधिकांश मुकदमों की जो जड़ है, वह राजस्व न्यायालय है और अधिकतर मुकदमे जमीन के झगड़ों की वजह से होते हैं। परन्तु वहाँ पर राजस्व न्यायालयों में जो न्यायकरण का काम करते हैं, उनमें प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारी एक ही व्यक्ति होता है। तहसीलदार से लेकर कमिश्नर तक वही प्रशासन करता है, वही ऑर्डर पास करता है। इसलिए एक-एक मुकदमे में लम्बी-लम्बी तारीखें होती हैं। मूल दस्तावेज़ देख लीजिए और उसके ऊपर जो ऑर्डर शीट होती है, ऑर्डर शीट अधिक मोटी हो जाती है और फाइल पतली रह जाती है। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है कि भारत सरकार सारे प्रदेश के राजस्व मंत्रियों, मुख्य मंत्रियों को बुलाएं। अलग से राजस्व न्यायालयों की स्थापना करे। महोदय, वर्ष 1952 से आज तक इसकी कहीं कोई चर्चा नहीं हुई होगी, इसलिए मैं आपसे आधा मिनट का समय और चाहूँगा। राजस्व न्यायालय के जो निर्णय पारित किए जाते हैं,

* English translation of the speech originally delivered in Marathi.

उन ऑर्डर्स की समीक्षा/रिव्यू होनी चाहिए। जिस तरह से लोअर जूडिशियरी से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक के ऑर्डर्स की समीक्षा होती है, उसी तरह से राजस्व न्यायालय के ऑर्डर्स की भी समीक्षा होनी चाहिए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Janardhan Mishra.

SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA): Thank you, Chairman.

The profound progress which this country has made was possible by the nationalisation of RBI by an Act of Parliament, the RBI (Transfer of Public Ownership) Act, 1948 and by bold nationalisation of fourteen mega banks in the year 1969. But at present, the death knell for public sector banks is being sounded. According to the information released by the RBI itself, Government deposits in commercial banks came down steeply from 13.5 per cent of the total deposits in March, 2018 to a mere 9.2 per cent in March, 2019. The systematic and systemic process of elimination of nationalised banks would throw crores of people to the clutches of moneylenders who are local shylocks who would cut the flesh of the farmers. If the present policy of weakening the public sector banks is not reversed, this great country would go to the dogs. Hence, I request the Government to strengthen the nationalised banks by enhancing Government deposits in the nationalised banks.

SHRI H. VASANTHA KUMAR (KANYAKUMARI): Respected Chairperson, Sir, you know better about Kanniyakumari. Crores of foreign tourists as well as Indian tourists are coming here. So, I submit the following demands of the people of the constituency: to upgrade the Kanniyakumari and Nagercoil stations to world-class standard; to introduce a new train between Chennai and Kanniyakumari in the night time; to construct ROBs and RUBs in my constituency at Kappiyarai, Kuzhithurai, Eraniel, Virikoddu, Marthandam, Agastheeswaram and Nagercoil town; and to introduce a train for all seven days of the week instead of six days from Mumbai to Nagercoil. The

announcement of LTT-Tirunelveli Bi-weekly Superfast Express via KRCL, TVC in the Railway Budget of February, 2009 is yet to be implemented, *viz*., extension of Train No. 22113/22114 LTT-Kochuveli Bi-weekly Superfast Express to Tirunelveli *via* Nagercoil town.

HON. CHAIRPERSON : Yes, Shri Vasanthakumar, please conclude by placing your demands.

SHRI H. VASANTHAKUMAR : It is only a demand for trains and ROBs. There is a long-time demand for running Train No. 16639 for four days *via* Madurai, Salem and Bangarapet.

HON. CHAIRPERSON: Please conclude now.

SHRI H. VASANTHA KUMAR : Sir, I am concluding.

The Central Government should adequately inspect the train services and make our people happy by introducing more trains to satisfy the foreign and Indian tourists.

डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट): महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

आज सम्पूर्ण देश में सरकारी विद्यालयों की स्थिति अत्यंत खराब है। सभी लोगों में निजी विद्यालयों में अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रतिस्पर्धा हो रही है, जिसका फायदा उठाकर देश में शिक्षा माफिया सक्रिय हो गए हैं और अब शिक्षा सेवा न होकर मेवा कमाने का साधन बन चुकी है।

मोदी सरकार ने जिस प्रकार से ग्रुप 'बी' और 'सी' की नौकरियों में इंटरव्यू की व्यवस्था को समाप्त करके नियुक्ति प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने का कार्य किया है, उसी प्रकार से यदि हम ग्रुप 'बी' और 'सी' की नौकरियों में सरकारी विद्यालयों से पढ़े हुए अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में 10 परसेंट या 20 परसेंट अंकों का भारांक (वेटेज) देने की व्यवस्था लागू करें तो लोगों में अपने

बच्चों को सरकारी विद्यालयों में पढ़ाने की रुचि बढ़ेगी और धीरे-धीरे लोग वापस सरकारी विद्यालयों की ओर लौटने लगेंगे।

इससे सरकारी विद्यालयों के परिणाम भी बेहतर होंगे, क्योंकि आजकल ज्यादातर क्रीम यानी अच्छे बच्चे प्राइवेट विद्यालयों में पढ़ रहे हैं और इसी कारणवश देश में प्राइवेट विद्यालय सरकारी विद्यालयों से बेहतर परिणाम दे रहे हैं।...(व्यवधान)

महोदय, यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दा है। मुझे कुछ मिनट का समय और दीजिए। हम सभी भली भाँति जानते हैं कि आज भी सिविल सर्विस में ग्रामीण और पिछड़े जिलों के बच्चे ज्यादा संख्या में चयनित होकर आ रहे हैं।

मेरा सरकार से आग्रह है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार करके और आपसी विचार-विमर्श के बाद आम सहमति के साथ इसे अतिशीघ्र लागू किया जाए। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Dr. Sukanta Majumdar.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): सभापति महोदय, मेरे कैराना लोक सभा क्षेत्र के अन्तर्गत किसानों की बड़े लम्बे समय से मांग चली आ रही है। वहां वाटर लेवल बहुत नीचे पहुंच गया है और इसकी वजह से वहां लोग नहर की लगातार मांग करते रहे हैं।

महोदय, हथिनीकुण्ड लिंक चैनल-2 परियोजना की परिकल्पना वर्ष 1994 में हुई थी, जिसके अन्तर्गत सन् 2002 में हथिनीकुण्ड लिंक चैनल द्वितीय की विस्तृत परियोजना तैयार करने के बाद उक्त परियोजना के द्वितीय चरण में मेरे संसदीय क्षेत्र के अन्तर्गत गंगोह को सम्मिलित किया गया था। लेकिन लगभग 17 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह परियोजना मूर्त रूप नहीं ले सकी है, जबकि इसके प्रस्तावित कमाण्ड क्षेत्र में आने वाले जनपद सहारनपुर के ब्लॉक सरसावा, नकुड व गंगोह एवं जनपद शामली के ब्लॉक ऊन आदि क्षेत्र भूजल के अतिदोहन से प्रतिकूल रूप से प्रभावित रहे हैं।

उक्त परियोजना वर्तमान में केन्द्रीय जल आयोग के अधीन लम्बित है। हथिनीकुण्ड लिंक चैनल-2 परियोजना का स्वीकृत होना अति आवश्यक है, जिससे किसानों को सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो जाएगा और पैदावार भी अच्छी होगी।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि किसानों की लगातार मांग को दृष्टिगत रखते हुए इस गम्भीर समस्या को ध्यान में रखते हुए हथिनीकुण्ड लिंक चैनल-2 के नाम से निकलने वाली नहर की प्रस्तावित परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दिलाने की कृपा करें।

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): सभापति जी, धन्यवाद।

महोदय, हिन्दुस्तान में दो चीजों से लोग बहुत परेशान हैं। एक, छुट्टा आदमियों से और दूसरा, छुट्टा पशुओं से। हमारे संसदीय क्षेत्र जौनपुर में, खासतौर से किसान छुट्टा पशुओं से बहुत तंग आ चुके हैं। फसलों के नष्ट हो जाने से किसान भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। छुट्टा पशुओं की बढ़ती हुई संख्या ने महामारी का रूप ले ली है। किसान महंगे खाद, बीज खरीद कर जुताई कर खेत में डालता है, रात-दिन मेहनत करके, ऊंची लागत लगाकर फसल बोता है, लेकिन बीज बोने के बाद ही छुट्टा पशुओं का झुण्ड खेत में जाकर पूरी खेती को तहस-नहस कर देता है। स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। अपितु, इन छुट्टा पशुओं की आड़ में सरकारी कर्मचारी भी मालामाल हो रहे हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि जिन किसानों की फसलें नष्ट हो जाती हैं, उसकी जांच कराकर उन्हें वाजिब मुआवजा दिलाया जाए।

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सर, बहुत-बहुत शुक्रिया।

सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश की सीमा उत्तराखण्ड राज्य से लगी हुई है। बिजनौर कंस्टीट्युन्सी के अन्दर बढ़ापुर विधान सभा में वहां की पूरी आबादी के बीच में से एक रोड गुजरती है। वह उत्तराखण्ड जाती है। आपको यह जानकर

हैरत होगी कि यह रोड कुछ जगहों पर सिर्फ साढ़े नौ फीट की रह गई है, जबकि एक ट्रक का साइज सात फीट का होता है।

सभापति जी, जब कोई ट्रक गुजरता है तो आप समझ सकते हैं, वहां पर क्या होगा? वहां से एक रिक्शा भी नहीं गुजर सकता है। बढ़ापुर में एक बाइपास का बनना वहां की पूरी आबादी की एक बहुत पुरानी डिमांड है। इसलिए वहां पर जल्द से जल्द एक बाइपास रोड बनाई जाए, मेरी आपके माध्यम से सरकार से यही गुजारिश है।

HON. CHAIRPERSON : Shri Malook Nagar is permitted to associate with the issue raised by Dr. S.T. Hasan.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया): सभापति महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे किसान हित में बोलने का अवसर दिया।

महोदय, हमारा भारत देश कृषि प्रधान देश है। यह किसानों का देश है। मैं अररिया जिला, बिहार से आता हूं, जो नेपाल के बगल में है। किसान खाद, बीज देकर बड़ी महंगी खेती करता है। कभी बाढ़ से उनके फसल की तबाही हो जाती है तो कभी सुखाड़ हो जाता है तो कभी ओलावृष्टि हो जाती है तो कभी चक्रवात आ जाता है। उसी कड़ी में मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी-अभी अररिया में हमारे यहां एक फसल का कीड़ा आया है। उस कीड़े से लगी हुई फसल बर्बाद हो जाती है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि इसकी जांच करवाई जाए कि किसानों की फसल कितनी बर्बाद हुई है। इस तरह के जो कीड़े फैले हैं, वास्तव में उसकी अनेक तकनीकी ढंग से जांच करवाई जाए कि क्यों इस तरह के कीड़े लगते हैं। वहां जो फसल बर्बाद हुई है, उसकी क्षतिपूर्ति किसानों को दी जाए। यही मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Pradeep Kumar Singh.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र सुपौल के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। यहां कई वर्षों से आमान परिवर्तन के चलते रेल चलाचल बंद है। इसी 1 दिसम्बर को सुपौल से एक पैसेंजर ट्रेन का शुभारंभ हुआ। इसके लिए मैं माननीय रेल मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि सुपौल को भारत के अन्य क्षेत्रों से जोड़ने के लिए तीन ट्रेन वहां तक चलायी जाएं। पहली ट्रेन जो पटना से होकर सहरसा जाती है, उसका ट्रेन नंबर 13206 है। इसको सुपौल तक एक्सटेन्ड किया जाए। दूसरी ट्रेन, जो गरीब रथ है, उसका नंबर 12204 है। यह नई दिल्ली से सहरसा जाती है। तीसरी ट्रेन सहरसा कोलकाता हाटे बाजार एक्सप्रेस है, जिसका नंबर 13164 है। यह ट्रेन कोलकाता से सहरसा तक जाती है। इन तीनों ट्रेनों को सहरसा से सुपौल तक चलाया जाए। सहरसा से सुपौल तक की दूरी मात्र 27 किलोमीटर है। इन ट्रेनों को सुपौल तक एक्सटेन्ड किया जाए।

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): सभापति महोदय, मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले की जर्जर सड़कों की ओर आकृष्ट कराना चाहती हूं। वर्ष 2017 एवं 2019 में बिहार में आई बाढ़ के कारण उक्त तीनों जिलों की कई ग्रामीण सड़कें एवं पुल-पुलिया ध्वस्त हो चुकी हैं। इनकी मरम्मत एवं सड़कों का समुचित रखरखाव और पुन: निर्माण कार्य जनहित में आवश्यक है। मेरे क्षेत्र में निर्मित वैसी सड़कें भी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं, जिनकी अनुरक्षण अवधि पांच वर्ष से अधिक हो चुकी है। उनका मरम्मत एवं रखरखाव कार्य सरकार को करना चाहिए, क्योंकि अनुरक्षण अवधि समाप्त होने पर विभाग निधि के अभाव में इन सड़कों पर कोई कार्य नहीं करते हैं। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनी सड़कें, अन्य ग्रामीण सड़कें तथा पुल-पुलिया ध्वस्त होने के कारण लोगों को आवाजाही में काफी कठिनाई हो रही है। आम जन-जीवन एवं विकास कार्यों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जनहित में संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत शिवहर, सीतामढ़ी एवं पूर्वी चम्पारण जिले की जर्जर ग्रामीण सड़कों को चिह्नित करते हुए, उनके

मरम्मत एवं निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए, क्योंकि ग्रामीण विकास में इनका काफी महत्व है।

श्री संगम लाल गुप्ता (प्रतापगढ़): सभापति महोदय, मैं मानव संसाधन मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं और मैं अवधी सम्राट स्व. आद्या प्रसाद 'उन्मत्त' जी की पंक्तियां पढ़ता हूं:-

"आ गया बलिदान का, त्योहार वन्दे मातरम।
लेखनी दिल खोलकर, ललकार वन्दे मातरम॥
बैरियों को शस्त्र की हुंकार वन्दे मातरम।
लेखनी दिल खोलकर, ललकार वन्दे मातरम॥
कलकलाता था वतन का, प्यार वन्दे मातरम।
लेखनी दिल खोलकर, ललकार वन्दे मातरम॥
देश द्रोही के लिए, फुफकार वन्दे मातरम।
लेखनी दिल खोलकर, ललकार वन्दे मातरम॥
झूमते शेखर, भगत, सुखदेव जब गाते चले।
ठोकरों से जालिमों की, रूह दहलाते चले॥
मौत से बेखौफ बांके, वीर बलखाते चले।
आखिरी दम तक तिरंगा, केतु फहराते चले॥
देश के अस्तित्व का, संकट मिटाने के लिए।
वह उधर देखो, उधर वह सेज है, सोना नहीं॥
बैरियों में बौखलाहट तेज है, सोना नहीं,
दुश्मनी में नींद का परहेज है, सोना नहीं,
सरहदों पर खड़ा, चंगेज है, सोना नहीं॥
घेरकर लाहौर तक बम मार वन्दे मातरम।
लेखनी दिल खोलकर, ललकार वन्दे मातरम॥"

मान्यवर, उक्त पंक्तियों सहित राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत होकर, अवधी की सामान्य भाषा में रचनाएं लिखकर युवा पीढ़ी के मन में झकझोर पैदा कर राष्ट्रवाद का संचार करने वाले मेरी लोक सभा क्षेत्र के निवासी स्व. आद्या प्रसाद 'उन्मत्त' के संबंध में बोलना चाहता हूं। मैं आपके माध्यम से माननीय मानव संसाधन मंत्री जी से मांग करता हूं कि देश में लागू होने जा रही नई शिक्षा

नीति में 'उन्मत्त' जी की उक्त रचना व अन्य राष्ट्र धर्म की रचनाओं को विभिन्न पाठ्य पुस्तकों में सम्मिलित कराने की कृपा करें।

HON. CHAIRPERSON: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Sangam Lal Gupta.

SHRI DNV. SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI): The House must be aware of the evil affects of manual scavenging and the number of lives that have been lost due to this social menace. It is a national shame that this inhuman practice still exists. A few particular castes are involved in this process of manual scavenging. Recently, in Chennai, in a luxury mall one life was lost during manual scavenging. It is very sad to say that even people with money do not have the heart to spend for 100 per cent mechanised sewage cleaning.

20.00 hrs

So, I would like to know what protocols and procedures are available with the Government to totally eradicate manual scavenging and to bring about 100 per cent mechanised sewage cleaning.

Sir, only through the Chair, I can suggest that we should do away with the spittoons in the Lok Sabha premises because it involves the health of the Members and that too is a form of manual scavenging. You may kindly consider this.

***SHRI OM PAVAN RAJENIMBALKAR (OSMANABAD):** Thank you, Hon. Chairman Sir, I would like to draw the attention of this august House towards an important issue pertaining to my Lok Sabha Constituency Osmanabad. Osmanabad district is known for the highest number of farmers suicide in Maharashtra. Due to the heavy rains during the last monsoon, farmers are facing wet drought conditions. The roads going to the farms have also got damaged due to rains. Rural roads used to be constructed through PMGSY; but a kind of undeclared ban has been imposed on this road construction work. Now, the roads going towards farms are not being constructed through PMGSY. The muster roll is not being prepared for it. Hence, I would like to request Hon. Rural Development Minister to look into the matter and punish all those who stopped the generation of muster for this work and do away with this undeclared ban.

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): सभापति महोदय, धन्यवाद । उत्तराखण्ड राज्य सैनिक बहुल क्षेत्र है । यहां भूतपूर्व सैनिक और अर्ध सैनिकों के परिवार बहुत बड़ी संख्या में रहते हैं । इसके अलावा पोस्टल डिपार्टमेंट, सर्वे ऑफ इंडिया, ओएनजीसी, आयकर, बैंक आदि के कर्मचारियों, अधिकारियों के हजारों परिवार निवास करते हैं ।

केन्द्र की ओर से प्रदेश की राजधानी देहरादून में सीजीएचएस के केंद्र खोले गए हैं । इनसे प्रदेश के केवल 50 प्रतिशत भाग में रह रहे सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं आश्रितों को ही लाभ मिल पा रहा है । प्रदेश के आधे भाग, कुमाऊं के 6 जिले सीजीएचएस की सुविधा से वंचित हैं । इससे ये परिवार लम्बे समय से एक सीजीएचएस केंद्र नैनीताल जनपद के हलद्वानी शहर में तथा एक केंद्र जिला ऊधम सिंह नगर के रुद्रपुर में खोलने के लिए आंदोलित हैं ।

---

* English translation of the speech originally delivered in Marathi.

मेरा सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी से निवेदन है कि नेपाल व चीन दो-दो देशों की सीमा से लगे कुमाऊं क्षेत्र के पूर्व सैनिक, अर्ध सैनिक बल व अन्य केंद्रीय कर्मचारियों के परिवारों को सरकार द्वारा दी जाने वाली सीजीएचएस की सुविधा हेतु जिला नैनीताल के हलद्वानी में तथा जिला ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर में सीजीएचएस सेवा केंद्र/अस्पताल की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

श्री कृष्ण पाल सिंह यादव (गुना): सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए धन्यवाद। आज मध्य प्रदेश का किसान दोहरी मार झेल रहा है। कांग्रेस द्वारा विधान सभा चुनाव के दौरान ... * वादा किया गया था, न तो वहां के किसानों का कर्ज माफ हुआ, न ही उन्हें पर्याप्त मात्रा में बिजली मिल रही है और न ही पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद मिल रही है। ऊपर से बैंकों के नोटिस पर नोटिस आ रहे हैं। यूरिया खाद के लिए किसान लंबी-लंबी लाइनों में रात-रात भर खड़े रहते हैं, लेकिन मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों को खाद उपलब्ध कराने के बजाय, पुलिस प्रशासन द्वारा किसानों पर डंडे बरसाए जाते हैं।

महोदय, केंद्र सरकार द्वारा मध्य प्रदेश सरकार को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के बावजूद प्रदेश सरकार किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। खाद की कालाबाजारी बढ़ती जा रही है।

अतिवृष्टि के कारण मध्य प्रदेश में फसलों को नुकसान हुआ था। सभी सांसदों के आग्रह पर हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी के द्वारा 1,000 करोड़ रुपये की राशि मध्य प्रदेश सरकार को दी गई थी। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा अभी तक वह राशि किसानों के खातों में नहीं पहुंची है।

SHRI D.M. KATHIR ANAND (VELLORE): Hon. Chairperson, Sir, thank you for giving me this opportunity to raise a matter of urgent public importance.

---

* Not recorded.

In my Vellore Parliamentary constituency, there is an assembly segment by name Vaniyampadi. There has been a long-pending demand for a Railway Overbridge which is called the New Town bridge in the area. The school and college students, the pedestrians as well as the people commuting on vehicles find it difficult to cross the railway line. This project was started many years back but for various reasons including political reasons, the project was put down and now, the trespassers and the vehicle commuters are finding it difficult to cross the bridge.

Therefore, I request the Government to take immediate steps to construct the railway overbridge which will result in lesser traffic and Vaniampadi also will be benefitted by it.

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): सभापति महोदय, सभी को शिक्षा मिले, यह हमारी सरकार का उद्देश्य है। मैं आपका ध्यान बहुत ही जटिल समस्या की ओर उठाना चाहता हूं कि किस प्रकार से निजी स्कूलों में मनमाने तरीके से फीस तय की जाती है, फीस ही तय नहीं की जाती, बल्कि हर वर्ष बढ़ाई जाती है। यहां तक कि एक बच्चे की फीस एक लाख, डेढ़ लाख रुपये से दो लाख रुपये तक होती है। उसके साथ-साथ किताबें, ड्रेस और स्कूल बस की फीस बाजार रेट से ज्यादा रहती है। जिसके कारण मध्यम वर्गीय व्यक्ति का अपने बच्चों को पढ़ाना मुश्किल हो गया है। किसी परिवार में दो बच्चे हैं तो उनको पढ़ाना मुश्किल हो गया है।

मैं आपके माध्यम से शिक्षा मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इसे राष्ट्रीय नीति बनाएं जिसमें फीस की नीति तय हो। इसके अलावा एक बात और कहना चाहूंगा कि राइट टू एजुकेशन आठवीं क्लास तक किया है, अब समस्या आ गई है कि नौवीं क्लास में बच्चे कहां जाएं। उसके लिए भी माननीय शिक्षा मंत्री जी कोई नीति बनाएं, यही आपके माध्यम से मुझे सरकार से कहना है।

श्री बृजेन्द्र सिंह (हिसार): माननीय अध्यक्ष, अभी एक हिन्दी पिक्चर पानीपत रिलीज हुई थी, जो पानीपत की तीसरी लड़ाई 1761 पर आधारित है । इसमें महाराज सूरजमल का बहुत ही आपत्तिजनक चित्रण किया गया है। इस संबंध में हमसे पहले हनुमान बेनीवाल जी, सुमेधानन्द जी और संजय भाटिया जी भी बोल चुके हैं । इससे लोगों में नाराजगी, गुस्सा और आवेश है और कानून-व्यवस्था बिगड़ने का भी अंदेशा है।

मेरा खासतौर पर हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकारों से अनुरोध है कि इस पिक्चर पर प्रतिबंध लागाएं या जो आपत्तिजनक सीन है उसे निकाल दिया जाए।

इसके साथ-साथ मैं एक चीज और कहना चाहूंगा। आजकल बायोपिक और हिस्टोरिकल फिल्में बनाने का चलन है। उसमें बहुत से बॉयोपिक ऐसे हैं, जिसके पात्र लोग आज भी जिंदा हैं, मौजूद हैं और यह उनके जीवन पर आधारित है। उनमें जो मुख्य पात्र होते हैं, उसके लिए सरकार कुछ गाइडलाइन्स लाए कि उनके जो वंशज हैं या जिनसे संबंधित पात्र पिक्चरों में दिखाए जाते हैं, उनका व्यू उसके अंदर जरूर लिया जाए, ताकि किसी की भावनाएं आहत न हों।

माननीय सभापति: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री बृजेन्द्र सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री खलीलुर रहमान (जंगीपुर): सभापति महोदय, जंगीपुर लोक सभा के अंदर बीड़ी के अलावा दूसरी कोई इंडस्ट्री नहीं है, सिर्फ कुछ खेती बची हुई है। हर साल गंगा रिवर इरोजन में हर साल क्षतिग्रस्त होता है जिससे मजदूरों को घर से बेघर भी होना पड़ता है। इसके चलते भी 1995 में चीटागढ़ ऑफिस बीड़ी मजदूरों के लिए प्रोविडेंट फंड चालू हो गया। इसमें वर्ष 2005 से 2018 तक दो लाख मजदूरों का इनरोलमेंट हो गया। इसके साथ ही बहुत खुशी से काम हो रहा था लेकिन अचानक रातों-रात यह ऑफिस जंगीपुर से बरहमपुर शिफ्ट हो गया।

मेरा निवेदन है कि मजदूरों की दिक्कत को देखते हुए ऑफिस को बरहमपुर से जंगीपुर पुर्नस्थापन किया जाए।

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अति लोक महत्व के विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। बिहार राज्य का एकमात्र उत्तरवाहिनी गंगा - कोसी संगम बटेश्वर त्रिमोहिनी स्थल कुरसेला लोकसभा क्षेत्र कटिहार में अवस्थित है। इसका अंतर्राष्ट्रीय, धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व भी है।

महोदय, वर्ष 1948 में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी की अस्थियों का विसर्जन इस महत्वपूर्ण संगम स्थल पर किया गया था, लेकिन आज भी इस संगम स्थल को उतना सम्मान नहीं मिला, जितना मिलना चाहिए था। हालांकि राज्य सरकार द्वारा कुछ सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय महत्व को देखते हुए इस संगम तट को भव्य पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इस संगम तट पर बिहार, बंगाल, झारखंड, नेपाल और बांग्लादेश से लोग आते हैं। यह मोक्षदायिनी माना जाता है। मेरी आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग है कि इस संगम स्थल का विकास किया जाए।

20.12 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

SHRI SURESH PUJARI (BARGARH): Mr. Chairman, I would like to speak about a district in Odisha which is called Bargarh and I represent Bargarh Parliamentary Constituency.

Bargarh District is number one in Odisha for production of paddy. In addition to that, so far as handloom is concerned, Sambalpuri handloom is very popular in India. I would like to submit to the Textile Ministry, through you, that more than 20,000 families work in the handloom sector in my district and it has produced 75 National Awardees, 10 Sant Kabir Awardees and 25 State Awardees. We also have the Indian Institute of Handloom Technology at Bargarh to provide higher education in the handloom sector. My demand to the Government, through you, is that we need a Handloom Research Centre in my

constituency on the lines of Tea Research Institute, Silk Research Institute, Rice Research Institute etc. These kinds of institutes are functioning in different parts of the country.

So, I would like to place a demand to the Textile Ministry, through you, to set up an institute called Sambalpuri Handloom Research Centre in my Bargarh district. Now-a-days, so far as modern apparels are concerned, the trend is Sambalpuri, the brand is Sambalpuri and I would like to say Jay Maa Samaleswari.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं सदन में बहुत ही महत्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूं। मैं बुन्देलखण्ड क्षेत्र से आता हूं। यह बहुत ही फैला हुआ क्षेत्र है और आबादी कम है। यहां एक गांव से दूसरे गांव और एक नगर से दूसरे नगर की दूरी औसत देश के अन्य क्षेत्रों से अधिक है।

उत्तर प्रदेश सरकार यहां मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए प्रयास कर रही है। इंडियन मेडिकल काउंसिल पर स्वास्थ्य की चिंता की जिम्मेदारी है, मैं बहुत ही दुखी होकर कहना चाहता हूं कि आईएमसी ने सस्ता इलाज कराने के लिए कोई इंतजाम नहीं किया। जब आदरणीय मोदी जी की सरकार आई तब देश में सस्ती दवाइयां और सस्ता ट्रांसप्लांट शुरू हुआ। अब यह नियम बना दिया है कि जिस जगह पर 200 बैड से कम का अस्पताल होगा, वहां मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया जा सकता।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह है, बुन्देलखण्ड क्षेत्र में आईएमसी के नियमों में परिवर्तन कराया जाए। मेरे संसदीय क्षेत्र में हमीरपुर और महोबा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना करवाई जाए जो कि नितांत आवश्यक है। इसके लिए भूमि देख ली गई है। वहां पर सुविधाएं उपलब्ध हैं।

इसके साथ ही एक निवेदन और है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र में एक भी एम्स नहीं है। यहां एम्स की बहुत लंबे समय से मांग चल रही है। अगर यहां मेडिकल कॉलेज बनाने में दिक्कत हो तो सरकार निर्णय ले और मेरे संसदीय क्षेत्र में एम्स अस्पताल बनाने का कष्ट करें।

श्री विनोद लखमशी चावड़ा (कच्छ): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन में रेल मंत्रालय का विषय रखना चाहता हूं। मेरे कच्छ लोक सभा क्षेत्र में भुज से नलिया मीटर गेज लाइन ब्रॉड गेज में परिवर्तित हुई, इसके लिए मैं सरकार का धन्यवाद करता हूं। यहां कुछ समय से काम चल रहा था, कुछ काम बाकी है। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से विनती करता हूं कि जल्द से जल्द काम पूर्ण किया जाए, ताकि मेरे लोक सभा क्षेत्र में भी रेल सेवा का लाभ मिले।

SHRI RAMULU POTHUGANTI (NAGARKURNOOL): Hon. Speaker, Sir, I am thankful to you for giving me this opportunity to raise a matter of public importance.

I represent Nagarkurnool Parliamentary Constituency in Telangana, which is a very backward region. My Constituency comprises of seven Assembly segments spread over three districts, namely Nagarkurnool, Wanaparthy and Gadwal. However, I am sorry to say that not a single Government Medial Hospital/College has been established in my Constituency although India had achieved Independence 73 years ago. Due to lack of such Government Medical Hospitals, the people of my Constituency are facing a lot of hardships in getting their treatment in private hospitals, which is a costly affair. Further, the State Capital City is also situated very far away for getting the medical treatment.

I would, therefore, urge upon the Union Government to establish a Medical Hospital/College in my Nagarkurnool Parliamentary Constituency

under 'Pradhan Mantri Swasthya Suraksha Yojana (PMSSY)' in the interest of the poor people and also aspiring students in medical profession to a great extent. Thank you.

श्री संतोष पाण्डेय (राजनंदगाँव): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, मेरी संसदीय क्षेत्र राजनंदगाँव है और राजनंदगाँव का नाम लेते ही राजा बलराम दास जी की याद आती है, जिनका स्वर्णीम इतिहास रहा है, चाहे वह सरोवर के लिए हो या बाग के लिए हो । उन्होंने वर्ष 1890 में बी.एन.सी मिल की स्थापना की थी और बी.एन.सी मिल की स्थापना के लिए उन्होंने अपना रेलवे से लगी हुई 45 एकड़ बेशकीमती जमीन दे दी थी, जो आज अरबों रुपये की है। बी.एन.सी मिल की निवाड़ और मच्छरदानी पूरे हिन्दुस्तान में जानी जाती थी। आज भी मेरे क्षेत्र में लोग राजा बलराम दास जी का नाम लेते हैं। वर्ष 2002 से बीमार होने के कारण वह मिल बंद हो चुकी है। मैं इस सदन से निवेदन करना चाहता हूं कि केंद्र सरकार राज्य सरकार या किसी निजी उपक्रम के माध्यम से फिर से इस मिल की स्थापना करे। यदि मिल की स्थापना न हो तो वहां रेडिमेड उद्योग या सूचना प्रोद्योगिकी से संबंधित किसी न किसी उद्योग की स्थापना हो, जिससे फिर से राजनंदगाँव की अर्थव्यवस्था ठीक हो सके और हजारों लोगों को जो रोजगार मिलता था, वह मिल सके। बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री संतोष पाण्डेय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI): Hon. Speaker, Sir, I am thankful to you for giving me this opportunity to raise a very important issue.

In my Theni Parliamentary Constituency, Meghamalai, is a noteworthy tourist spot situated within Tamil Nadu State. It is a place of natural beauty with cardamom plantations and tea estates where a tourist can spend some quality time and reconnect with nature.

It is also one of the wildlife sanctuaries spreading over 636 square kilometres bordering the Periyar Tiger Reserves in Kerala. Thus, it is an important buffer zone for tiger population and also an important elephant corridor. It is pertinent to mention that it is one of the few places where Great Indian Hornbill lives in ground level forest area.

Through you, I would request the hon. Minister of Tourism to declare the healthy tourist spot 'Meghamalai' situated in my Theni Parliamentary Constituency as 'Eco-Tourism Spot' under Swadesh Darshan Scheme which would enable to develop the camping site especially meant for low-income group tourists, and thereby to make India as a world-class tourist destination.

Thank you, Sir.

SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH (KAKINADA): Hon. Speaker, Sir, I am thankful to you for allowing me to raise an important matter.

Sir, though I am unlucky in the lottery to get my chance to speak at this late hour, but I am very lucky that I am getting this chance to speak when our hon. Speaker, Sir, is in the Chair.

*Sir, I am requesting Indian Railways on behalf of all states of our country to build rail Over Bridges (ROB) without seeking share from State Governments. There are 31,864 level crossings in our country. Indian Railways caters to 23 million passengers every day. Indian Railways is a reputed organization which is the only organization run and managed by Union Government. Out of these level crossings there is a need to build 1800

* English translation of the speech originally delivered in Telugu.

ROBs in which 1142 crossings are very important. As State Governments are not able to fund their share, these ROBs are not built and as a result we are losing hundreds of valuable human lives every year. These level crossings are not only obstacles for train movement but are also accident centers which are taking away valuable human lives. Therefore, I request that all these ROBs should be built at the earliest.

I would like to bring to your notice one more point that during this session on 04th December, to a reply to one Hon. Member's question " Why construction work of ROB in Madani, Gujarat was suspended?", it was stated that, due to non availability of funds with State Government, work was suspended. Similarly, Vaira ROB's construction was also suspended due to non availability of funds with Gujarat Government. If a state like Gujarat cannot fund these ROBs how can we expect other states to fund ROBs construction.

Therefore, I request Union Government and Indian Railways that to save public like and to ensure public safety, Union Government should build these ROBs on it's own without seeking share from the State Governments. I am making this request on behalf of people of this country. Thank you.

श्री दुर्गा दास उईके (बैतूल): आदरणीय अध्यक्ष जी, आपने बोलने के लिए अवसर दिया, इसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

मैं जनजातीय बहुल बैतूल, हरदा, हरसुद जनजातीय संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में मूलत: गोंड और कोरकू जनजातियां निवास करती हैं। इन जातियों का गौरवशाली इतिहास रहा है। मध्य प्रदेश में लगभग 52 गढ़ों और किलों में इनका शासन रहा है। मेरे

लोक सभा क्षेत्र बैतूल, हरदा, हरसुद में चार किले आज भी जीर्ण-शीर्ण स्थिति में खड़े हैं। शासन-प्रशासन की ओर से घोर उपेक्षा के कारण जिले की धरोहर, गढ़-किले, पुरातन वैभव को प्रदर्शित करने वाली प्रतिमाएं, कलाकृतियां और ऐतिहासिक स्थल संरक्षण-अभिवर्धन की आस लगाए बैठे हैं। आदिवासी राजतंत्र कालीन धरोहरों जैसे ऐतिहासिक गढ़-किलों का संरक्षण न होने के कारण आदिवासी समाज व्यथित एवं आक्रोशित है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से भारत शासन, माननीय मंत्री, संस्कृति, पर्यटन एवं पुरातत्व मंत्रालय से विनम्र अनुरोध करता हूं कि मध्य प्रदेश एवं बैतूल जिले के लाखों आदिवासी भाई-बहनों की भावनाओं का सम्मान करते हुए बैतूल के खेड़ला किला, प्रभापट्टन का शेरगढ़ किला, घोड़ाडूंगरी का असीरगढ़ किला, चिचोली का किला एवं अन्य पुरातात्विक ऐतिहासिक गौरवशाली स्थलों का संरक्षण कर, इन्हें पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करें, ताकि आदिवासी समाज आत्म-गौरव का अनुभव कर सके और बढ़-चढ़कर राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में अपना अमूल्य योगदान प्रदान कर सके।

माननीय अध्यक्ष जी, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। धन्यवाद, जय हिन्द।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री दुर्गा दास (डी.डी) उईके द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री अक्षयवर लाल (बहराइच): माननीय अध्यक्ष जी, आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र बहराइच, उत्तर प्रदेश के कतरनिया घाट वन्यजीव प्रभाग के अंर्तगत जंगल से होकर गांव में जाने वाली सड़कों का चौड़ीकरण, डामरीकरण, सी.सी. रोड एवं ईंट सोलिंग मार्ग का निर्माण आदि कार्य वन विभाग के द्वारा अनुमति न मिलने के कारण नहीं हो पाते हैं, जैसे मिहिरपुरवा-कतरनियाघाट रोड पर बलछा से बभनिया रोड दो किलोमीटर, मूर्तिहा रोड से सालारपुर मुर्तिहा गांव रोड, हरखापुर सेंट्रल स्टेट फार्म होते हुए सुजौली तक लगभग सात किलोमीटर, मटिहा रामपुर-धोबिया रोड से बेलहान गांव, बलसिंहपुर

मार्ग पर जंगल के अन्दर की सड़क, सुजौली से जंगल गुलेरिहा एवं सम्पतपुरवा आदि कई ऐसे मार्ग हैं, जिनका निर्माण होना अति आवश्यक है। हम लोगों के द्वारा निधि देने के बाद भी सड़कों का निर्माण नहीं हो पाता है। सड़कों के न बनने के कारण क्षेत्र का विकास अवरूद्ध है। वन विभाग द्वारा अपने क्षेत्र में से विद्युत लाइन भी नहीं ले जाने दी जाती है। जनहित में मेरी सरकार से मांग है कि वन विभाग को आदेशित करने की कृपा करें कि सड़क एवं बिजली वन विभाग की सीमा के अन्दर से होकर जाए और क्षेत्र का विकास हो सके। धन्यवाद।

श्री चन्द्र सेन जादौन (फिरोजाबाद): आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं उत्तर प्रदेश के लोक सभा संसदीय क्षेत्र फिरोजाबाद से चुन कर आया हूं। फिरोजबाद की आबादी 50 लाख है। यहां के बाशिंदे, व्यापारी, किसान, मजदूर, स्कूल के बच्चे-बच्चियां, सभी लोग आवागमन की व्यवस्था से बहुत परेशान हैं। लोक सभा संसदीय क्षेत्र, फिरोजाबाद की लंबाई लगभग 80 किलोमीटर तथा चौड़ाई लगभग 60 किलोमीटर है, लेकिन वहां आने-जाने की सुचारू व्यवस्था नहीं है। फिरोजाबाद टूण्डला से कठफोरी व टूण्डला से पालम तक पांच-छ: सिटी बसें चला दी जाएं, तो आवागमन की व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से गुजारिश करता हूं कि वह उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देशित करे कि फिरोजबाद, लोक सभा संसदीय क्षेत्र में आवागमन की व्यवस्था यथाशीघ्र चुस्त-दुरुस्त करे, ताकि वहां के बाशिंदे अपने नारकीय जीवन से बाहर आएं तथा संभ्रान्त नागरिकों की तरह अपना जीवन यापन करें।

श्री सोयम बापू राव (आदिलाबाद): सर, मेरा मुद्दा यह है कि तेलंगाना राज्य के 50-60 हजार आदिवासी लोगों ने दिनांक 9.12.2019 को इधर आ कर मीटिंग की है। मीटिंग में उनकी यह मांग थी कि वर्ष 1976 में इमरजेंसी पीरियड था और उस इमरजेंसी पीरियड में तीन जातियों, लम्बाड़ा, येरूकला और यानादि को एसटी में मिला दिया गया। उनकी मांग थी कि उनको एसटी कैटेगरी से निकाला जाए। हम उनकी मांग को पूरा करने के लिए सरकार से विनती कर रहे हैं। उनको एसटी

कैटेगरी में बिना प्रॉसेस के मिलाया गया है। आज आदिवासियों के साथ बहुत अन्याय हो रहा है, उनको नौकरी मिले, शिक्षा मिले।

मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करना चाहता हूं कि वहां के आदिवासियों के साथ न्याय किया जाए।

डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब): सर, बेरोजगारी की समस्या हमारे संसदीय क्षेत्र फतेहगढ़ साहिब को बहुत प्रभावित कर रही है, मैं उसके बारे में निवेदन करने के लिए सदन में खड़ा हुआ हूं। इस समय वहां के मां-बाप, छात्र सभी लोग परेशान नजर आ रहे हैं, क्योंकि नौकरी वाले फ्रंट पर बहुत खराब खबरें आ रही हैं।

सर, मैं तीन तरह की बातें कहना चाहता हूं। मैंने पहले भी निवेदन किया था कि अगर फतेहगढ़ साहिब को रिलिजीयस टूरिस्ट सर्किट इंटरनेशनल लेवल पर कर दिया तो बहुत सारी इम्प्लॉयमेंट जेनरेट होगी। जैसे बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज को जो टैक्स बेनीफिट दिया जाता है, चाहे वह कारपोरेशन टैक्स हो, जीएसटी हो या रॉ मैटेरियल बाहर से मंगवाने पर कस्टम ड्यूटी हो, वैसे ही हमारे क्षेत्र के छोटी-छोटी इंडस्ट्रीज को बेनीफिट दिया जाए। भारत सरकार मेरे इलाके में एक बड़ी इंडस्ट्री लगा दे, जिसमें 25-25 हजार लोग नौकरी कर सकें, तो मेरे इलाके का बहुत भला होगा। मैं यही निवेदन करना चाहता हूं। धन्यवाद।

डॉ. उमेश जी. जाधव (गुलबर्गा): अध्यक्ष महोदय, मेरे गुलबर्गा, संसदीय क्षेत्र में शाहबाद स्टोन की माइनिंग चल रही है। शाहबाद स्टोन और ग्रेनाइट स्टोन की माइनिंग कानून को एक कर दिया गया है। वहां कम से कम एक-डेढ़ लाख लोग काम करते हैं। इको-सेंसिटिव जोन के नाम पर, सेन्ट्रल गवर्नमेंट के कानून के नाम पर वहां पर परमिशन नहीं दिया जा रहा है। दिल्ली के ऑर्डर को डिफेक्टिव कह कर भेज दिया गया है। वह रेक्टिफाई हो कर कर्नाटक सरकार से दिल्ली आ गया है।

सर, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि उसे जल्द से जल्द रीनोटिफिकेशन करके, और एक बार काम करने के लिए मौका देने की विनती करता हूं।

SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD): Sir, it is for the first time that I wish to speak in Hindi.

महोदय, हर लोक सभा संसदीय क्षेत्र में रहने वाले 20 लाख से अधिक लोगों की तरफ से विकास को लेकर बहुत-सी माँगें आती हैं। हर सांसद को साल में विकास कार्यों के लिए एमपीलैड फंड से पाँच करोड़ रुपये उपलब्ध होते हैं। जबकि केरल में प्रत्येक एमएलए को एक करोड़ रुपये एमएलए फंड और पाँच करोड़ रुपये एसेट डेवलपमेंट फंड को मिलाकर कुल छ: करोड़ रुपये हर साल खर्च करने का अधिकार है। वहाँ एक संसदीय क्षेत्र में सात एमएलएज हैं, जो एक साल में 42 करोड़ रुपये खर्च करते हैं। लेकिन इतने बड़े क्षेत्र में एक एम.पी. को सिर्फ पाँच करोड़ रुपये ही विकास कार्यों को कराने के लिए मिलते हैं। यह राशि अपर्याप्त है। इसके कारण एम.पी. विकास कार्यों को कराने में अपने को असमर्थ पाता है।

महोदय, मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि नौ साल पहले तय की हुई एमपीलैड फंड को बढ़ाकर सालाना कम से कम 50 करोड़ रुपये की जाए।

माननीय अध्यक्ष:श्री डी.एन.वी. सेंथिलकुमार एस. को श्री वी.के. श्रीकंदन द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र अम्बेडकर नगर के अंतर्गत जलालपुर और अकबरपुर विधान सभा क्षेत्रों से पूर्वांचल एक्सप्रेस वे निकल रहा है। खास तौर से अकबरपुर विधान सभा क्षेत्र से रसूलपुर, दरिया, अहिता और उम्मकपुर गाँव के लोगों ने अपनी-अपनी जमीनें देश के विकास में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के लिए देने का काम किया है। लेकिन दु:ख की बात यह है कि अम्बेडकर नगर क्षेत्र के लोगों के लिए इस पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर चढ़ने का कोई रास्ता नहीं दिया गया है। आप खुद सोचिए कि अगर हमारे पिछड़े क्षेत्र का विकास होना है, जो पूर्वांचल को दिल्ली से जोड़ती है और दिल्ली के बड़े-बड़े बाजारों से जोड़ने का काम करती है, रास्ते में लखनऊ, गाजीपुर, गाजियाबाद जैसे शहरों के बाजारों से जोड़ने का काम करती है, अगर इस एक्सप्रेस वे पर चढ़कर लोग अपनी सब्जी, फल और अन्य खेती के उत्पाद इन

बाजारों में नहीं भेज पाएंगे, तो इस एक्सप्रेस वे के लिए जो उनकी जमीनें गई हैं, इससे हमारे क्षेत्र के लोगों का कोई विकास नहीं हो पाएगा, जिससे हमारी बड़ी क्षति होगी। इसलिए मेरा निवेदन है कि अम्बेडकर नगर के लोगों के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बेवाना थाना के अंतर्गत दोषपुर के निकट एक रैम्प दिया जाए, ताकि अम्बेडकर नगर के लोग इस एक्सप्रेस वे का फायदा उठा सकें।

श्री मलूक नागर (बिजनौर) : सर, आज पूरे देश के गन्ना किसान बहुत परेशान हैं। खाद के रेट बढ़े रहे हैं, डीजल के रेट बढ़ रहे हैं, बिजली के रेट बढ़ रहे हैं। किसान की फसल की लागत कितनी बढ़नी चाहिए, सरकार को इसकी जाँच करानी चाहिए। पूरे देश के कर्मचारियों की तनख्वाहें बढ़ी हैं। सांसदों की तनख्वाह बढ़ी है और गन्ना किसानों के गन्ने का मूल्य तीन साल से नहीं बढ़ा है, जो लगभग 23 परसेंट बैठती है। चौथा साल शुरू होने वाला है। इसको लगाकर 29 परसेंट बैठती है। अगर गन्ने का रेट 90 रुपये बढ़े, तो गन्ने का रेट बराबर आता है।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि सरकार ने जो तय किया है कि गन्ने का रेट नहीं बढ़ाना है, उस पर दोबारा सोचे और गन्ने का रेट बढ़ाया जाए।

सर, मैं एक और बात कहना चाहता हूँ। आजकल पानीपत के नाम से एक फिल्म चल रही है, जिसमें जाट समाज के योद्धाओं का चरित्र ठीक नहीं दिखाया गया है। उनको गलत तरीके से पेश किया गया है। मैं इसका विरोध करता हूँ और माँग करता हूँ कि इसको बंद किया जाए।

अगर कोई किसानों की बात उठाता है, तो उसको भी लोग दूसरे तरीके से देखते हैं। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान में किसान इकट्ठा होकर किसान यूनियन का नाम देकर किसानों के मुद्दे उठाते हैं। कहीं टिकैत साहब हैं, कहीं अम्बावटा साहब हैं, कहीं सरदार जी हैं, देश में अलग-अलग नामों से किसान यूनियनें चल रही हैं। वे अपनी बातें रखते हैं, तो उनकी बातें सुनने की बजाए उन पर लाठियाँ चलाई जाती हैं, उन पर पुलिस केस किये जाते हैं। सरकार को किसानों के बारे में सोचना चाहिए और गन्ने का रेट बढ़ाना चाहिए और हजारों करोड़ रुपये उनके बकाया हैं, वे उनको दिलाए जाएँ।

माननीय अध्यक्ष: श्री गिरीश चन्द्र को श्री मलूक नागर द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

सभा की कार्यवाही कल गुरुवार, दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

20.35 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, December 12, 2019/ Agrahayana 21, 1941 (Saka).

———————